नई दिल्ली
शनिवार, 27 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 254
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 21
न्यून. 08

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

समारोह में बोलीं राष्ट्रपति, सम्मानित होने वाले सभी बच्चों ने अपने परिवार, समाज और समूचे देश का बढ़ाया गौरव



## 18 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के 20 बच्चों को राष्ट्रपति ने किया पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित

पुरुस्कृत बच्चों में समाज सेवा श्रेणी में पंजाब राज्य के फिरोजपुर से श्वान सिंह, चंडीगढ़ से वंश तायल, खेल श्रेणी में छत्तीसगढ़ के कोंडागांव से योगिता मंडावी और हरियाणा के सिरसा से ज्योति शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस के मौके पर 18 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के कुल 20 बच्चों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया है।

पुरस्कार समारोह का आयोजन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा राजधानी के विज्ञान भवन में किया गया था। जिसे संबोधित करते हुए सबसे पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने सभी पुरस्कृत युवाओं को बधाई दी और उसके बाद कहा ▸▸शेष पेज 5 पर

### साहिबजादों की शहादत को किया याद

उन्होंने कहा कि 26 दिसंबर का दिन हर साल सिख पंथ के दसवें गुरु श्री गोविंद सिंह के दो सबसे छोटे पुत्रों साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की याद में मनाया जाता है। इन दोनों का अद्वितीय बलिदान पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है, उनकी वीरता का देश-विदेश में सम्मान किया जाता है। राष्ट्रपति के मुताबिक, जब किसी देश के बच्चे देशभक्ति और उच्च-आदर्शों वाले होते हैं। तो उसी से उस राष्ट्र की मानवता सुनिश्चित होती है। गुरु गोविंद सिंह जी के चारों बेटों ने सत्य और न्याय के पक्ष में युद्ध और संघर्ष करते हुए बलिदान दिया था। वीर बाल दिवस के मौके पर दोनों साहिबजादों का स्मरण देश प्रेम और राष्ट्रीय एकता का उत्सव भी है। आज के ही दिन शहीद उधम सिंह जी की जयंती का पावन दिवस भी है। सभी देशवासियों की ओर से उनकी स्मृति को मैं सादर नमन करती हूं।

पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के बाद दूसरी राष्ट्रपति हैं मुर्मू, जो पनडुब्बी की यात्रा करेंगी

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को कर्नाटक के कारवार में करेंगी पनडुब्बी यात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

देश की तीनों सशस्त्र सेनाओं की शीर्ष कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस सप्ताह के अंत में रविवार (28 दिसंबर) को कर्नाटक के कारवार बंदरगाह पर तैनात नौसेना की पनडुब्बी की यात्रा करेंगी।

राष्ट्रपति भवन के मुताबिक, पूर्व राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम के बाद वह देश की दूसरी राष्ट्रपति होंगी। जो भारत की समुद्री सेना की पनडुब्बी की यात्रा करेंगी। डॉ. कलाम ने 13 फरवरी 2006 को आंध्र-प्रदेश के विशाखापट्टनम में सबसे पहले पनडुब्बी यात्रा की थी। वहीं, अपने तय कार्यक्रम के तहत राष्ट्रपति मुर्मू 27 दिसंबर की शाम को गोवा के लिए निकलेंगी। इसके अगले दिन यानी 28 तारीख को वह कर्नाटक के कारवार पहुंचेंगी और वहां अपनी पनडुब्बी यात्रा की शुरुआत करेंगी।



### दो बार लड़ाकू विमानों में उड़ान भर चुकीं

गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश की पहली राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने वायुसेना के दो लड़ाकू विमानों में उड़ान भरी है। जिसमें राफेल और सुखोई-30 एमकेआई मुख्य हैं। उनकी यह उड़ान 2023 में हुई थी। उक्त कार्यक्रम को पूरा करने के बाद राष्ट्रपति झारखंड की यात्रा करेंगी।

यूनुस सरकार में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हुई हिंसा की कुल 2900 घटनाएं

# बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू दास की हत्या के मामले की भारत ने की कड़ी निंदा, दोषियों को मिले सजा

मीडिया अतिशयोक्ति या राजनीतिक हिंसा बताकर इन घटनाओं को दरकिनार नहीं किया जा सकता है

राजधानी में हुई नियमित मीडिया ब्रीफिंग में बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

भारत ने शुक्रवार को पहली बार बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में बीते दिनों हुई एक हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या समेत अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ लगातार बढ़ती जा रही कट्टरपंथियों की हिंसा के मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

जिसमें विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में कहा कि पड़ोसी देश में हिंदू अल्पसंख्यक युवक की हाल ही में चरमपंथियों की भीड़ द्वारा की गई हत्या के मामले की भारत कड़ी निंदा करता है। हम उम्मीद करते हैं कि इस घटना से जुड़े हुए सभी दोषियों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाएगा। इसके अलावा भारत पड़ोसी देश में हिंदूओं के साथ-साथ ईसाई और बौद्ध धर्म से जुड़े बाकी अल्पसंख्यकों के खिलाफ भी बढ़ती हिंसा को लेकर अति-गंभीर हैं। इस प्रकार की सभी घटनाएं हमारे लिए पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं और हम चाहते हैं कि इनके लिए जिम्मेदार दोषियों को जल्द सख्त सजा दी जाएगी। अपने जवाब में रणधीर ने बांग्लादेश में हुई एक अन्य हिंदू की हत्या के मामले का भी उल्लेख किया और कहा कि वहां की मौजूदा स्थिति तथा तमाम गतिविधियों पर हमारी पैनी नजर बनी हुई है। वहीं, हिंसा की इन घटनाओं को मीडिया अतिशयोक्ति या राजनीतिक हिंसा के नाम पर दरकिनार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने प्रतिबद्धता के साथ दोहराते हुए कहा कि पड़ोसी देश में जल्द होने वाले संसदीय चुनाव स्वतंत्र, पारदर्शी और समावेशी होने चाहिए। बताते चलें कि ▸▸शेष पेज 5 पर

भारत बांग्लादेश में स्वतंत्र, पारदर्शी और समावेशी चुनाव कराए जाने के पक्ष में है



### समझाया 'समावेशी' शब्द का अर्थ

रणधीर ने बताया कि बांग्लादेश को लेकर हमारा रुख बिलकुल स्पष्ट और अडिग है। जिसमें हम अपने निकट पड़ोसी देश में शांति और स्थिरता के साथ वहां पर निष्पक्ष और समावेशी (सभी पक्षों की भागीदारी सहित) चुनाव की मांग करते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर चुनाव न लड़ने को लेकर लगाए गए यूनुस सरकार के प्रतिबंध से जुड़े प्रश्न के जवाब में भी उन्होंने बांग्लादेश में स्वतंत्र और समावेशी चुनाव के अपने पुराने पक्ष को मजबूती से दोहराया और कहा कि समावेशी शब्द में सभी पक्ष शामिल होते हैं।

### यूनुस सरकार में आए हिंसा के 2900 मामले

उन्होंने स्वतंत्र सूत्रों के डेटा के हवाले से कहा कि मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के कार्यकाल में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की अब तक कुल 2 हजार 900 घटनाएं हुई हैं। जिसमें हत्या, जिंदा जलाने और जमीन हथियाने के मामले प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन्हें लेकर बांग्लादेश द्वारा फैलाए जा रहे झूठे या मनगढंत प्रचार को अपने कई बयानों के जरिए विदेश मंत्रालय ने खारिज किया है। रणधीर जायसवाल ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान की 17 साल बाद हुई वतन वापसी के सवाल के जवाब में कहा, भारत बांग्लादेश में स्वतंत्र, पारदर्शी और समावेशी चुनाव का स्वागत करता है। तारिक रहमान की स्वदेश वापसी को भी इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत, बांग्लादेश की आम जनता के साथ अपने संबंधों को और अधिक मजबूत बनाए रखने के पक्ष में भी है।

*कनाडा में युवा भारतीय छात्र शिवांक अवस्थी की मौत पर विदेश मंत्रालय ने जताई संवेदनाएं*

# नहीं बचेंगे ललित मोदी, विजय माल्या जैसे भगोड़े, भारत लाने के लिए प्रतिबद्ध सरकारः जायसवाल


हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

अब वो दिन दूर नहीं जब देश की भोली-भाली जनता को अरबों, खरबों रुपए का चूना लगाकर विदेश भागे आर्थिक अपराधियों को पकड़कर स्वदेश वापस लाया जाएगा और यहां उन्हें कानून प्रक्रिया का सामना करते हुए अपने हर बुरे कर्म की सजा भुगतनी पड़ेगी।

ताजा मामला ललित मोदी और विजय माल्या जैसे दो भारतीय आर्थिक भगोड़े अपराधियों से जुड़ा हुआ है। जिन्होंने बीते दिनों एक सोशल मीडिया वीडियो में अपने आप को भारत के सबसे बड़े (नंबर वन) भगोड़े बताते हुए एक प्रकार से देश की जांच एजेंसियों और सरकारी सिस्टम का मखौल उठाया था। जिस पर शुक्रवार ▸▸शेष पेज 5 पर

### छात्र की मौत पर भारत ने जताई संवेदनाएं

रणधीर ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि कनाडा में हुई युवा भारतीय छात्र शिवांक अवस्थी की मौत के मामले को लेकर हम पीड़ित



परिवार के प्रति अत्यंत दुख के साथ अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हैं। इस मुद्दे पर हम मृतक के परिजनों और कनाडा के अधिकारियों के संपर्क में बने हुए हैं। ताकि मामले से जुड़ी हुई जांच को आगे बढ़ाया जा सके और अगर इसमें कोई कनाडाई नागरिक जिम्मेदार है, तो वहां की सरकार को उचित कदम उठाने चाहिए। कनाडा में हमारे वाणिज्य दूतावास ने भी मामले पर दुख जताते हुए मृत छात्र के परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान की है। ▸▸शेष पेज 5 पर

वीर बाल दिवस के मौके पर पीएम मोदी ने बच्चों से किया संवाद

## ये आपके माता-पिता का, टीचर और मेंटर्स का भी सम्मान

*एजेंसी, नई दिल्ली।* भारत मंडपम में हुए आयोजन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष वीरता पुरस्कार से सम्मानित बच्चों के साथ संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि बीते चार वर्षों में वीर बाल दिवस की नई परंपरा ने साहिबजादों की प्रेरणाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाया है। वीर बाल दिवस ने साहसी और प्रतिभावान बच्चों के निर्माण के लिए एक मंच तैयार किया है। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों



से आए 20 बच्चों को ये पुरस्कार दिए गए हैं। उन्होंने पुरस्कार जीतने वाले बच्चों से कहा कि ▸▸शेष पेज 5 पर




भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती की दो टूक

# भाजपा बंगाल को बांग्लादेश नहीं बनाने देगी, हम ताकत से लड़ेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली



भाजपा पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हमले का आरोप लगाते हुए लगातार ममता बनर्जी सरकार को घेर रही है। अब पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने टीएमसी पर राज्य को 'पश्चिम बांग्लादेश' बनाने का आरोप लगाया है। पश्चिम बंगाल भाजपा के आधिकारिक हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया गया, जिसमें भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि भाजपा टीएमसी को पश्चिम बंगाल को पश्चिम बांग्लादेश नहीं बनाने देगी। कोलकाता में बांग्लादेश के उप उच्चायोग परिसर के पास पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा कथित लाठीचार्ज का जिक्र करते हुए चक्रवर्ती ने कहा, 'यह बंगाली हिंदुओं का राज्य है। अगर इसे बांग्लादेश बना दिया गया, तो हम कहां जाएंगे?' दूसरी तरफ टीएमसी ने इसे पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले ध्रुवीकरण की भाजपा की 'ऑनलाइन डर फैलाने वाली' रणनीति करार दिया, और भाजपा शासित राज्यों ▸▸शेष पेज 5 पर

मप्र के देवास का मामला

# केंद्रीय विद्यालय का कर्मचारी 60 हजार रु. की रिश्वत लेते गिरफ्तार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए केन्द्रीय विद्यालय संगठन के एक कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

सीबीआई के आधिकारिक सूत्रों ने बताया आरोपी रंजन भारती 60,000 की रिश्वत लेते समय पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी रंजन भारती, केन्द्रीय विद्यालय, बीएनपी, देवास (मध्य प्रदेश) में सीनियर सेक्रेटेरियट असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है। सीबीआई के अनुसार, आरोपी पर एक शिकायतकर्ता से सरकारी कार्य कराने के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप था। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने मामले की प्राथमिक जांच की और आरोप सही पाए जाने पर जाल बिछाया। तय योजना के तहत जैसे ही आरोपी ने शिकायतकर्ता से 60,000 की रिश्वत स्वीकार की, सीबीआई टीम ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। रिश्वत की पूरी रकम आरोपी के कब्जे से बरामद कर ली गई है। सीबीआई ने इस संबंध में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। एजेंसी यह भी पता लगाने में जुटी है ▸▸शेष पेज 5 पर

इस मुद्दे पर लोगों की तरफ से विदेश मंत्रालय को मिली कई शिकायतें

# एच1बी वीजा को लेकर परिवारों की चिंता जायज, भारत ने मामले को अमेरिका के समक्ष उठाया

राजधानी में शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

बीते वक्त में अमेरिका की तरफ से एच1बी वीजा से जुड़े पुराने रैंडम लॉटरी सिस्टम को खत्म करने और इसके लिए पूर्व निर्धारित नियुक्ति साक्षात्कारों की तारीख में किए गए अचानक बदलाव के मामले पर भारत ने अपना पक्ष सार्वजनिक किया है। मामला बेहद गंभीर है, क्योंकि इस वीजा के कुल




71 फीसदी लाभार्थी भारतीय हैं। इसलिए शुक्रवार को इस मुद्दे पर विदेश मंत्रालय की नियमित मीडिया ▸▸शेष पेज 5 पर

### अमेरिका से बाहर जाएंगे अवैध प्रवासी

यहां बता दें कि अमेरिका ने बीते 15 दिसंबर को एच1बी वीजा के लिए पहले से तय की गई अगले साल फरवरी महीने की साक्षात्कार की समय सीमा को आगे बढ़ाकर 2026 की अंतिम तिमाही के पहले महीने अक्टूबर तक स्थानांतरित करने की घोषणा की है। जिससे बड़े पैमाने पर वीजा की प्रतीक्षा में बैठे देश के नागरिकों और उनके परिजनों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। इसके पूर्व में अमेरिकी प्रशासन ने इस वीजा की फीस कई गुना बढ़ाकर 1 लाख डॉलर कर दी थी। उसके साथ ही आवेदकों को वीजा देने से पहले उनके सभी सोशल मीडिया खातों की भी व्यापकता से जांच करने का निर्णय लिया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप की सरकार का कहना है कि इस पूरी कवायद के जरिए वह अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर नकेल कस सकती है। साथ ही हमें ये भी पता चलेगा ▸▸शेष पेज 5 पर

### वारदात के बाद आरोपी मौके से हुए फरार

# मोती बाग में दो युवकों पर चाकू से हमला, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साउथ कैंपस थाना इलाके के मोती बाग में एक पार्क के भीतर दो दोस्तों पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। इस वारदात में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मृतक युवक का नाम कुशाल (20) बताया गया है। जबकि कार्तिक (20) घायल है। उसका उपचार जारी है। पुलिस हर एंगल से मामले की छानबीन कर रही है। हत्या व हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक कुशाल मोती बाग इलाके की शास्त्री मार्केट झुग्गी में परिवार के साथ रहता था। परिवार में माता पिता व अन्य सदस्य हैं। वहीं कार्तिक भी इसी इलाके का रहने वाला है। गुरुवार रात को दोनों दोस्त एक पार्क के अंदर मौजूद थे। इसी दौरान उनकी कुछ अन्य लड़कों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी के दौरान आरोपियों ने दोनों पर चाकू से हमला किया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। हमले में घायल कार्तिक अभी मौत से जंग लड़ रहा है। घायल की बहन का कहना है कि वह घर के पास मौजूद एक पार्क में गया था। इसी दौरान उस पर हमला किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां पार्क चारों तरफ से खुला है। इसमें हर तरफ से आवाजाही है। वारदात स्थल पर खून फैला था। पुलिस को वारदात की सूचना शुक्रवार सुबह सवा आठ बजे बजे सफदरजंग अस्पताल से मिली थी। आईओ अस्पताल पहुंचे और देखा कि एक युवक को डॉक्टर मृत घोषित कर चुके थे। मृतक युवक के पिता मनोज सुबह करीब 7:15 बजे उसे अस्पताल लाए थे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। कार्तिक सफदरजंग हॉस्पिटल में भर्ती है। मृतक कुशाल राजौरी गार्डन के एक प्ले स्कूल में हाउसकीपिंग का काम करता था। कार्तिक भी ओखला में एक प्राइवेट कंपनी में हाउसकीपिंग का ही काम करता है।

### वेलकम में युवक की चाकू मारकर हत्या

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले के वेलकम थाना इलाके में गुरुवार रात किसी बात पर हुये विवाद में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम सूरज बताया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया गया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि घटना के पहलुओं को जाना जा सकें। डीसीपी आशीष मिश्रा के अनुसार गुरुवार रात करीब 8 बजकर 9 मिनट पर वेलकम पुलिस को घटना की सूचना मिली। पुलिस वेलकम मेडिकल स्टोर के पास जेड ब्लॉक मौके पर पहुंची। घायल अवस्था में मिले युवक को जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूरज स्क्रैप का काम करता है। उधर क्राइम व एफएसएल की टीम भी मौके पर बुलाई गई। टीम ने निरीक्षण के बाद कुछ साक्ष्य एकत्र किये। पुलिस की एक समर्पित टीम ने तेजी से सुराग इकट्ठा किए और अपराध में शामिल एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। संदिग्ध आरोपी का नाम शादाब उर्फ सुहेब (27) पुत्र मोहम्मद मियां निवासी जेएमसी, वेलकम पता चला। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसका मृतक के साथ झगड़ा हुआ था जो बढ़ गया और उसने पीड़ित को चाकू मार दिया। उसकी निशानदेही पर अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# मुस्तफाबाद में इमारत में आग लगने से शख्स की मौत

- आग में एक अन्य व्यक्ति झुलसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुस्तफाबाद में शुक्रवार सुबह चार मंजिला एक इमारत में आग लगने से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति भी झुलस गया। मृतक की पहचान जुनैद के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार इमारत में आग लगने की सूचना सुबह 6:24 बजे मिली। आग घरेलू सामान में लगी थी। दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर भेजीं गई थी। इमारत में भूतल के अलावा तीन अन्य तल हैं। पुलिस का कहना है कि लैपटॉप बैटरी मरम्मत की दुकान में आग लगी थी। हादसे में जुनैद का बड़ा भाई घायल है। उसका नाम 23 वर्षीय समीर बताया गया है। दोनों भाइयों को गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल ले जाया गया था, जहां जुनैद को मृत घोषित कर दिया गया। समीर को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

### बिंदापुर में ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में आग लगी

द्वारका जिले के बिंदापुर इलाके में शुक्रवार को ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में आग लग गई। दमकल को सुबह 10:57 बजे सूचना मिली। इसके बाद दमकल की दो गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गई। कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया। घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है।

### इमारत के बिजली मीटरों में आग लगी, कोई हताहत नहीं

दक्षिण दिल्ली के मुनिरका इलाके में एक रिहायशी इमारत में शुक्रवार को कुछ बिजली मीटरों में आग लग गई। इसमें कई बिजली के मीटर जलकर खाक हो गये। करीब 10 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया गया था। दमकल विभाग को सुबह 10.32 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर एक दमकल गाड़ी भेजी गई थी। अधिकारियों के अनुसार इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है।

## खबर संक्षेप

### यौन उत्पीड़न मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मध्य जिले की एंटी नारकॉटिक्स सेल ने महिला की गरिमा को भंग करने, यौन उत्पीड़न और घर में जबरन घुसने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी शख्स का नाम 20 वर्षीय रवि राज बताया गया है। इसे बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को इसी वर्ष की शुरुआत में अदालत द्वारा भगौड़ा घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी को पकड़ने के लिए टीम पहले राज के घर पहुंची लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद मुखबिर से सूचना मिली कि रवि राज उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जौहरीपुर इलाके में मौजूद है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### नाले में मिला 35 वर्षीय व्यक्ति का शव

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले के खजूरी खास इलाके में शुक्रवार सुबह नाले में एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई गई है। उसकी पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं। शख्स को मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है। आसपास के थानों को भी घटना से अवगत करवाया गया है। पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 194 के तहत आगे की जांच शुरू कर दी है।

### स्वामी श्रद्धानंद का जीवन सबके लिए प्रेरक : मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** देश की आजादी, एकता अखंडता के प्रतीक स्वामी श्रद्धानंद का जीवन सबके लिए प्रेरक है, जिन्होंने भारतीय युवाओं को विदेशी शिक्षा संस्कृति से बचाकर शुद्धि आंदोलन का सूत्रपात किया। उनके दलितोद्धार आंदोलन को तीव्र गति देने की आवश्यकता है। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने दिल्ली के रामलीला मैदान में गुरुवार को आयोजित स्वामी श्रद्धानंद के 99 वें बलिदान दिवस पर आर्य केंद्रीय सभा, दिल्ली राज्य के कार्यक्रम में कहें। सभा प्रधान जोगिंदर खट्टर की अध्यक्षता में विश्व हिंदू परिषद् अध्यक्ष, दिल्ली प्रांत कपिल खन्ना, डॉक्टर विवेक आर्य, महामंत्री डॉ. मुकेश आर्य स्वतंत्रता सेनानी, महान राष्ट्रभक्त, गुरुकुल कांगड़ी के संस्थापक व सर्वस्व त्यागी थे, उनकी स्मृति में स्वामी श्रदानंद बलिदान भवन, नया बाजार को राष्ट्रीय स्मारक भारत सरकार की मांग दिल्ली की समस्त आर्य समाजों, गुरुकुलों, विद्यालयों व अन्य आर्य संस्थाओं की ओर से की गई। महान समाज सुधारक स्वामी श्रदानंद की याद में नया बाज़ार खारी बावली से रामलीला मैदान तक इस मौके पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई।

# गैंगस्टर कपिल सांगवान के मुख्य सहयोगी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली पुलिस ने गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू गिरोह के एक प्रमुख सदस्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोपी का नाम मनोज यादव उर्फ कैरा बताया गया है। यादव को पहले मकोका के तहत गिरफ्तार किया गया था और वह न्यायिक हिरासत में है।

डीसीपी क्राइम ब्रांच हर्ष इंदौरा ने बताया कि यह कार्रवाई राजधानी और पड़ोसी राज्यों में चल रहे संगठित अपराध के गिरोह पर कड़ी कार्रवाई का हिस्सा है। यादव ने कारोबारियों और दूसरे संभावित लक्ष्यों के बारे में गिरोह को संवेदनशील जानकारी देने में अहम भूमिका निभाई थी। वह गिरोह द्वारा काम पर लगाए गए शूटरों के लिए अवैध हथियार की व्यवस्था करने के लिए भी जिम्मेदार था। उसे सात अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को उसके कई आपराधिक वारदातों में लिप्त होने का पता चला, जिन्हें कथित तौर पर गिरोह के सरगना के निर्देश पर अंजाम दिया गया था। पुलिस के अनुसार गिरोह की आपराधिक गतिविधियां 2015 और 2016 के बीच बदले की भावना से की गई हत्याओं और हथियारबंद लूटपाट से आगे बढ़कर 2021 और 2024 के बीच जबरन वसूली, लक्षित गोलीबारी और सुपारी लेकर हत्या करने के काम में बदल गई थी। यादव शुरू में नजफगढ़ इलाके में अवैध शराब का धंधा करता था, लेकिन वह दुश्मनों को खत्म करने और अपना दबदबा बनाने के लिए नंदू गिरोह में शामिल हो गया। जाफरपुर कलां थाने के बदमाशों की सूची में उसका नाम शामिल है। उसके खिलाफ कम से कम सात पुराने आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या और अवैध शराब के केस शामिल है। यादव का नाम हाल के कई मामलों में भी आया है, जिनमें गुरुग्राम में एक प्लॉट मालिक को धमकी देना, पश्चिमी दिल्ली में एक हत्या का मामला जिसमें उसने शूटरों को हथियार उपलब्ध कराए थे और नजफगढ़ में जबरन वसूली का मामला शामिल है।

# अनियमित कॉलोनियों में नालियों की निकासी को लेकर विभाग मिलकर करें काम : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- रोहिणी सेक्टर 21 एवं सेक्टर 22 में निरीक्षण के दौरान समाज कल्याण विभाग मंत्री ने दिए अतिक्रमण हटाने और गलत तरीके से पार्क वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

अनियमित कॉलोनियों में नालियों की निकासी और उन्हें ड्रेनेज सिस्टम से जोड़ने को लेकर विभाग मिलकर कार्य करके स्थायी समाधान सुनिश्चित करने करें और सड़कों पर गलत तरीके से पार्क वाहनों एवं कामर्शियल वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। यह निर्देश शुक्रवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री एवं उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के प्रभारी मंत्री इन्द्राज सिंह ने जन शिकायतों के आधार पर रोहिणी के सेक्टर-21 एवं सेक्टर-22 का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान एमसीडी, डीएसआईआईडीसी, डीडीए, दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी एवं सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री इंद्राज ने कहा कि पिछले मानसून में जिन जगहों पर जलभराव की समस्या आई थी, ऐसी जगहों का निरीक्षण किया, उन्होंने निर्देश दिए कि नालों की सफाई और अतिक्रमण हटाकर यह सुनिश्चित करें कि आगामी मानसून में जलभराव न हो। मंत्री इंद्राज ने अतिक्रमण पर भी सख्त रुख अपनाते हुए विशेष निर्देश जारी किए। उन्होंने सेक्टर-22 से सुल्तानपुरी की ओर जाने वाले 100 फुटा रोड पर अवैध अतिक्रमण हटाने, सड़क किनारे गलत तरीके से पार्क किए गए वाहनों तथा व्यावसायिक वाहनों पर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण यातायात बाधित होता है और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं मंत्री ने जन शिकायतों के आधार पर अधिकारियों से क्षेत्र में पिछले दस सालों में हुए कार्यों की विस्तृत जानकारी मांगी। उन्होंने निर्देश दिए कि नए कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ तय समय पर पूरे करें। मंत्री इंद्राज ने सभी पुरानी एवं क्षतिग्रस्त सीवर लाइनों को चरणबद्ध तरीके से बदलने तथा नई आबादी और बढ़ते दबाव को ध्यान में रखते हुए नई सीवर लाइन की योजनाओं पर कार्य करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने अनियमित कॉलोनियों में नियमित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, नागरिकों की शिकायतों के आधार पर जिन क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट की कमी है वहां शीघ्र नई स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए।

## एलजी के अभिभाषण से होगी शीतकालीन सत्र की शुरुआत : विजेंद्र गुप्ता




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आगामी 5 जनवरी 2026 को दिल्ली के उपराज्यपाल के अभिभाषण से दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत होगी। इसकी तैयारियां की जा रही हैं। इस बात की जानकारी शुक्रवार को प्रेसवार्ता में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दी। इस प्रेसवार्ता में आचार्य लोकेश भी उपस्थित रहे। गुप्ता ने प्रेसवार्ता में कहा कि दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 जनवरी से आरंभ होगा और कार्यवाही को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सभी तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने जानकारी दी कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की आठवीं विधान सभा का चतुर्थ सत्र (शीतकालीन सत्र) 5 से 8 जनवरी 2026 तक विधान सभा भवन में आयोजित किया जाएगा। सत्र की कार्यवाही की शुरुआत दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण से होगा। इस संबंध में शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस चार दिवसीय सत्र के दौरान सदन में महत्वपूर्ण विधायी एवं प्रक्रियात्मक कार्य संपन्न किए जाएंगे तथा कई आवश्यक पत्र सदन के पटल पर रखे जाने प्रस्तावित हैं। विजेन्द्र गुप्ता के साथ उपस्थित आचार्य लोकेश ने प्रेसवार्ता में जनवरी 2026 में आयोजित होने वाले एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम की जानकारी साझा की। आचार्य लोकेश ने बताया कि 17 जनवरी से 25 जनवरी 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली के मल्टी-पर्पज हॉल में नौ दिवसीय राम कथा का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 'विश्व शांति मिशन' के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त राम कथा वाचक पूज्य मोरारी बापू द्वारा कथा वाचन किया जाएगा।

# भाजपा का स्थायी समिति में पेश बजट कागजी और हवा-हवाई : अंकुश नारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के निगमायुक्त द्वारा स्थायी समिति कमेटी में पेश बजट को महज कागजी और हवा-हवाई करार दिया। शुक्रवार को सदन में बजट पर चर्चा के दौरान आप नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने भाजपा द्वारा बजट की बताई गई उपलब्धियों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि 2024-25 में बजट के बावजूद छात्रवृत्ति में व्यय शून्य रहा। कहीं इस बार भी छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित न रह जाएं। निगम स्कूलों के सिर्फ 4.26 लाख छात्रों को ही यूनिफॉर्म, स्टेशनरी और स्कूल बैग का पैसा मिला है, अभी भी ढाई लाख बच्चे इससे वंचित हैं। बजट चर्चा के दौरान स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, निगम आयुक्त अश्विनी कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि 54,623 आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण तभी उपलब्धि है, जब दिल्ली में डॉग बाइट की घटनाएं नहीं होंगी। स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोलते हुए कहा कि आयुष्मान मंदिरों में डॉक्टर, दवाइयां और जांच सुविधाएं नहीं हैं, बोर्ड लगा देने से स्वास्थ्य सेवा मजबूत नहीं होती। नारंग ने आरोप लगाते हुए कहा कि आज महंगी पार्किंग और मनमानी वसूली से लोग परेशान हैं, भाजपा शासित एमसीडी महंगी पार्किंग से कब राहत देगी? साथ ही उन्होंने कहा कि वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की क्षमता को बढ़ाया जाए, लेकिन क्या जिन प्लांट्स की आधारशिला रखी गई थी, क्या वे चालू हुए? नेता विपक्ष ने सुझाव देते हुए कहा कि स्थायी समिति के बजट में तुरंत संशोधन की जरूरत है और बजट में जनहित प्राथमिकताओं को नज़र अंदाज़ किया गया है।

### दिल्ली को विकास चाहिए, ड्रामा नहीं : महापौर

नई दिल्ली। दिल्ली को विकास चाहिए, ड्रामा नहीं। आम आदमी पार्टी को आरोप लगाने से पहले अपने विफल रिकॉर्ड का जवाब देना चाहिए। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने निगम बजट मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी का एकमात्र एजेंडा भ्रम फैलाना और राजनीतिक बयानबाज़ी करना रह गया है। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी वास्तव में दिल्ली के नागरिकों के हित में चिंतित होती, तो सत्ता में रहते हुए ठोस काम करती, न कि आज प्रेस कॉन्फ्रेंस और बयान जारी कर जिम्मेदारी से भागती। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने विश्वास जताया कि दिल्ली नगर निगम आने वाले समय में एक उत्तरदायी और जनहितकारी बजट के माध्यम से शहर के विकास को नई दिशा देगा और नागरिकों के विश्वास पर खरा उतरेगा।

### निगम उपायुक्त ने बॉडी बिल्डिंग में झटके दो स्वर्ण पदक




- पीएम के फिट इंडिया मूवमेंट अभियान के तहत आयोजित हुई प्रतियोगिता

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में उपायुक्त बादल कुमार ने प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर निगम और राजधानी दिल्ली का नाम रोशन किया है। उन्होंने इंटर मिनिस्ट्री बेस्ट फिजिक टूर्नामेंट 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। निगम प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह प्रतियोगिता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया मूवमेंट' अभियान के तहत केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड द्वारा आयोजित की गई थी, जो कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), भारत सरकार के अंतर्गत आता है। इस टूर्नामेंट में देशभर के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया, जिससे प्रतिस्पर्धा का स्तर बेहद कड़ा रहा। उनकी इस उपलब्धि पर एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मियों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी।

#### दो वर्गों में जीते स्वर्ण पदक

उपायुक्त बादल कुमार ने बॉडी बिल्डिंग में अपने अनुशासन, फिटनेस और निरंतर अभ्यास का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 70 किलोग्राम भार कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही उन्होंने ओपन कैटेगरी 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में भी स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी शारीरिक क्षमता और अनुभव का लोहा मनवाया।

### इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन ने निगम को उपलब्ध कराए फर्नीचर

# बच्चे समाज का प्रतिबिंब, उन्हें अच्छे संस्कार देना हमारा कर्तव्य : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हमें अपने बच्चों को सुविधा के साथ संस्कार भी देना आवश्यक है, बच्चे हमारा प्रतिबिंब होते हैं और हमें उनके सामने अनुकरणीय आचरण करना चाहिए। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने शुक्रवार को इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन (आईआरएफसी) के सहयोग से शिक्षित भारत, विकसित भारत पहल के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि यह अपनेपन की भावना जब आती है जब इंसान स्वयं से कुछ करना चाहता है। महापौर ने कहा कि निगम विद्यालयों के आधारभूत ढांचे में सुधार के लिए हमने आईआरएफसी से सहयोग मांगा है। निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिविल लाइंस जोन के निगम विद्यालयों को आईआरएफसी के सहयोग से 1580 डुअल डेस्क, 763 कुर्सी एवं मेज तथा 1036 पंखे एवं 1897 एलईडी लाइट प्राप्त हुए। इस अवसर पर आईआरएफसी के सी एम डी मनोज कुमार दुबे ने कहा कि निगम विद्यालयों के लिए बहुत कुछ करने की योजना बनाई गई है और इसकी शुरुआत सिविल लाइंस जोन के निगम विद्यालयों को फर्नीचर उपलब्ध करा कर की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस फर्नीचर का निर्माण तिहाड़ जेल के कैदियों द्वारा किया गया है। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, निगम की शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा, सिविल लाइंस जोन के अध्यक्ष गुलाब सिंह, शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी, सिविल लाइंस जोन के पार्षदगण, दिल्ली नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल, आईआरएफसी के वित्त निदेशक रणधीर सहाय, संजीव चौधरी सलाहकार फार्मर एनजीओ सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।



### शिक्षा एवं स्वास्थ्य देश की नींव हैं : सत्या शर्मा

दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य देश की नींव हैं। उन्होंने कहा कि निगम विद्यालयों से पढ़े छात्र बड़े बड़े पदों पर आसीन है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का महत्व व्यापक है। हमारा ध्येय निगम विद्यालयों में बेहतर सुविधा देना है। सत्या शर्मा ने कहा कि समाज के निर्माण की जिम्मेदारी शिक्षक की है और हमें शिक्षित भारत और विकसित भारत के लिए मिलकर प्रयास करने होंगे।

### विद्या का दान महादान : योगेश वर्मा

निगम की शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने कहा कि विद्या का दान महादान है और दिल्ली नगर निगम प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने का नेक कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब कोई संस्था और समाज किसी कार्य से जुड़ जाते हैं तो वह कार्य अपने आप आगे बढ़ता जाता है। इस अवसर पर निगम की शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री ने वीर बाल दिवस के अवसर पर त्यागराज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में की भागीदारी

# वीर बाल दिवस आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्र प्रेम और नैतिक दृढ़ता के संस्कार रोपित करने का संकल्प : रेखा गुप्ता




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर त्यागराज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में भागीदारी कर गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के अतुलनीय साहस, अडिग आस्था और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर बाल दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों में साहस, स्वाभिमान, राष्ट्र प्रेम और नैतिक दृढ़ता के संस्कार रोपित करने का संकल्प है। इस आयोजन में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा सहित वरिष्ठ अधिकारी, स्कूली छात्र तथा बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर साहिबजादों पर आधारित एक विशेष पुस्तिका तथा डाक विभाग के सहयोग से डाक लिफाफे का भी विमोचन किया गया। साथ ही स्कूली छात्रों द्वारा गतका प्रदर्शन, वीर बाल दिवस पर आधारित 270 प्रोजेक्शन, छात्रों द्वारा तैयार रीलों का प्रदर्शन तथा शिलांग चैंबर क्वायर द्वारा देशभक्ति और वीर रस से ओतप्रोत प्रस्तुतियां भी दी गईं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में साहिबजादों के चरणों में नमन करते हुए कहा कि भारत सदियों से शौर्य, त्याग और वीरता की भूमि रहा है। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों ने अत्यंत छोटी उम्र में जिस अदम्य साहस, दृढ़ आस्था और धर्मनिष्ठा का परिचय दिया, उसकी मिसाल विश्व इतिहास में कायम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस उम्र में बच्चे सामान्यता खेल-कूद गतिविधियों में संलग्न रहते हैं, उस उम्र में साहिबजादों ने भय, आतंक और अत्याचार के सामने झुकने से इंकार करते हुए अपने धर्म और मूल्यों की रक्षा के लिए बलिदान का मार्ग चुना। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक इन्हें वह स्थान और सम्मान नहीं मिल पाया, जिसके वे वास्तव में अधिकारी थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में घोषित किया जाना इस दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल है, जिससे नई पीढ़ी अपने सच्चे नायकों से प्रेरणा ले सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी के साहस, आत्मविश्वास और नैतिक दृढ़ता पर निर्भर करता है। इसी सोच के साथ दिल्ली सरकार शिक्षा, संस्कृति और इतिहास से जुड़े ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ रही है, ताकि वे साहिबजादों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर निडर, जिम्मेदार और राष्ट्र के प्रति समर्पित नागरिक बन सकें।

### यह भारत की आत्मा की गाथा है : सूद

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि वीर बाल दिवस केवल एक स्मरण दिवस नहीं है। साहिबजादों की वीरता, उनकी शहादत, उनका शौर्य किसी समुदाय की गाथा नहीं है। यह भारत की आत्मा की गाथा है। वह आत्मा जो सत्य के साथ खड़े रहना जानती है, वह आत्मा जो अन्याय से समझौता नहीं करती है। यह वही परंपरा है जो हमें, गुरु गोविंद सिंह की सोच से जोड़ती है, जहां राष्ट्र, धर्म और नैतिकता अलग-अलग दिशाओं में नहीं चलते हैं, बल्कि एक ही उद्देश्य के लिए अग्रसर होते हैं। सूद ने कहा कि आजादी के बाद दशकों तक इस देश के युवाओं को इस वीर गाथा से वंचित क्यों रखा गया।

### यह शहादत सदियों तक याद की जाएगी: सिरसा

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान देने का निर्णय आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा देने वाला ऐतिहासिक कदम है। सिरसा ने कहा कि वीर बाल दिवस राष्ट्र निर्माण के अभियान का अहम हिस्सा है। आज देश के लाखों स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर इस दिवस का आयोजन यह सुनिश्चित करता है कि उनके सर्वोच्च बलिदान की कहानी हर बच्चे और हर नागरिक तक पहुंचे।

### भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने गुरुद्वारा बंगला साहिब में माथा टेक की प्रार्थना

नई दिल्ली। सिखों के पवित्र शहीदी माह के अंतर्गत शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने नई दिल्ली स्थित गुरुद्वारा बंगला साहब जाकर प्रार्थना की। प्रदेश भाजपा से मिली उक्त जानकारी के अनुसार दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, दिल्ली सरकार के मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा एवं भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह संयोजक संजय मयूख भी भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ गुरुद्वारा बंगला साहिब पहुंचे और प्रार्थना में सम्मिलित हुए। उन्होंने श्री गुरू गोबिंद सिंह के चारों शाहजादों, माता गुजरी देवी, श्री गुरू तेग बहादुर, भाई मती दास, भाई सती दास एवं श्री दयाला के बलिदान को याद कर उनके सम्मान में गुरुद्वारा बंगला साहिब में माथा टेक कर प्रार्थना की।

### नड्डा ने गुरुद्वारा श्री शीशगंज साहिब में माथा टेका

नई दिल्ली। वीर बाल दिवस के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को चांदनी चौक स्थित गुरुद्वारा श्री शीशगंज साहिब में जाकर माथा टेका और प्रार्थना की। उनके साथ दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, दिल्ली सरकार के मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, भाजपा के वरिष्ठ नेता सरदार कुलदीप सिंह, चांदनी चौक से निगम पार्षद सुमन कुमार गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष अरविंद गर्ग ने भी गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका और प्रार्थना की। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि सिख धर्म की नींव उनके गुरूओं के बलिदान पर टिकी है और सिख देश के सर्वोच्च प्रहरी हैं।

## प्रदूषण नियंत्रण के लिए सरकार साझा टैक्सी और ईवी पर दे रही जोर : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क कंपनियों से बैठक जल्द, ऑटोमेटेड व्हीकल फिटनेस टेस्टिंग स्टेशन से वाहन होंगे फिट

प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार साझा टैक्सी और ईवी पर जोर दे रही है। यह बात शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार चाहती है कि सीमित संख्या में वाहन अधिक से अधिक यात्रियों को सेवा दें, ताकि यातायात भी सुगम रहे और प्रदूषण पर भी प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। इसी सोच के तहत सरकार ओला, ऊबर जैसी ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क कंपनियों के साथ लगातार संवाद कर रही है और उनसे यह अपेक्षा की जा रही है कि वे साझा राइडिंग, महिला ड्राइवरों की भागीदारी और पर्यावरण-अनुकूल सेवाओं को प्राथमिकता दें। कोरोना महामारी के दौरान दिल्ली में शेयर टैक्सी सेवाएं उपलब्ध थीं, लेकिन कुछ कारणों के चलते इन्हें बंद कर दिया गया था। अब सरकार इन्हें दोबारा शुरू कराकर यात्रियों को किफायती और सुविधाजनक साझा परिवहन उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इसी उद्देश्य के लिए दिल्ली सरकार जल्द ही ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क कंपनियों के साथ एक विशेष बैठक प्रस्तावित है, जिसमें साझा टैक्सी सेवाओं को दोबारा शुरू करने, महिला चालकों की संख्या बढ़ाने और निजी इलेक्ट्रिक वाहनों को टैक्सी सेवा से जोड़ने की संभावनाओं पर विस्तार से विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस बात पर गंभीर मंथन कर रही है कि कम संख्या में चलने वाले वाहनों के माध्यम से अधिक यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती परिवहन उपलब्ध कराया जाए, जिससे सड़कों पर भीड़ घटे और प्रदूषण में कमी आए।

### ऑटोमेटेड कमर्शियल व्हीकल फिटनेस टेस्टिंग स्टेशन किए जा रहे हैं स्थापित

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार दिल्ली सरकार का दृढ़ मत है कि राजधानी का हर वाहन प्रदूषण से मुक्त हो, इसके लिए तेजी से ऑटोमेटेड कमर्शियल व्हीकल फिटनेस टेस्टिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झुलझुली में फिटनेस सेंटर कार्य कर रहा है, जो सालाना 70 हजार वाहनों की जांच कर रहा है। बुराड़ी में स्थापित फिटनेस सेंटर को अपग्रेड किया जा रहा है। ऐसे ही दो सेंटर नंदनगरी व तेहखंड में बनाए जा रहे हैं जो अगले वर्ष मार्च में कार्य करने लगेंगे। इस तरह ये चारों सेंटर प्रतिवर्ष ढाई से तीन लाख कमर्शियल वाहनों की फिटनेस टेस्ट कर सकेंगे। मुख्यमंत्री के अनुसार विभिन्न डीटीसी डिपो पर भी ऐसे ही पांच ऑटोमेटेड व्हीकल फिटनेस टेस्टिंग स्टेशन लगाने का निर्णय लिया गया है। इन्हें सभी प्रकार की मंजूरी मिल चुकी है। ये स्टेशन बवाना, गाजीपुर, सावदा घेवरा, जीटीके डिपो, दिचाऊं कला में स्थापित होंगे।

## एनडीएमसी क्षेत्र में बिजली एवं जलापूर्ति होगी सुदृढ़ : चहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप तथा नई दिल्ली क्षेत्र में बिजली और जल आपूर्ति को और अधिक बेहतर, भरोसेमंद एवं सुचारु बनाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शुक्रवार को पालिका केंद्र में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान आगामी परिषद बैठक में बिजली एवं पानी से जुड़े आने वाले महत्वपूर्ण प्रस्तावों की विस्तृत जानकारी साझा की। चहल ने कहा कि ये सभी प्रमुख प्रस्ताव अगली परिषद बैठक में प्रस्तुत किए जाएंगे और बैठक के सर्वसहमति से पास किए जाएंगे। उपाध्यक्ष चहल ने कहा कि एनडीएमसी क्षेत्र एक वीआईपी क्षेत्र है, जहां राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से जुड़े कार्यालय, केंद्रीय मंत्रालय, विदेशी दूतावास तथा अन्य महत्वपूर्ण संस्थान स्थित हैं। ऐसे में यहां निर्बाध और विश्वसनीय बिजली आपूर्ति और पानी की आपूर्ति अत्यंत आवश्यक है।

## परिवहन विभाग ने सामान ले जा रही 28 बसों को किया जब्त : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने और उत्सर्जन मानकों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली परिवहन विभाग ने पूरी दिल्ली में प्रवर्तन की कार्रवाई को और तेज कर दिया है। केवल एक दिन में ही इंटरस्टेट गाड़ियों समेत सामान ले जा रही 28 बसों को जब्त किया गया है, जबकि एक दिसंबर से लेकर अब तक प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने पर लगभग 100 बसों को जब्त कर कार्रवाई की गई। इस बात की जानकारी दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को दी है। डॉ. पंकज ने बताया कि पिछले 24 घंटों में एनफोर्समेंट एजेंसियों ने पूरी दिल्ली में बड़े पैमाने पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान 4927 गाड़ियों की सख्ती से जांच की गई, जिसमें दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा पीयूसीसी के तहत 2390 चालान किए गए, तो वहीं ट्रांसपोर्ट एनफोर्समेंट द्वारा पीयूसीसी के तहत 285 चालान और एनएनपीआर कैमरों के जरिए 1114 चालान जारी किए गए हैं। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने ग्रैप नियमों के उल्लंघन करने पर 11 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी लगाया, जबकि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने ग्रैप से जुड़े 170 चालान जारी किए हैं।



खबर संक्षेप

## डासना जेल में बंद 76 वर्षीय बंदी की मौत

**गाजियाबाद।** जेल में इलाज के लिए लाए गए बंदी लेखराज यादव 76 निवासी झांसी की गुरुवार की



रात दिल्ली स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने बताया कि लेखराज यादव को बनारस से इलाज के लिए अक्तूबर माह में डासना स्थित जिला कारागार लाया गया था। उन्होंने बताया कि लेखराज यादव लीवर सिरोसिस, शुगर समेत कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे।

## ठगी के आरोप में खाताधारक को दबोचा

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक ठगी के मामले में खाताधारक को भोपाल से गिरफ्तार



किया है। पुलिस ने बताया कि सीही फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना बल्लभगढ़ में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 26 दिसंबर 2024 को उसके पास एक अंजान नबंर से कॉल आई, जिसने उसे बताया कि वह श्रम विभाग से बोल रहा और उसके पिता ने उसके खाता में पैसे भेजने के लिए कहा है।

## पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी सीकरी की टीम ने पॉक्सो के मामले में 3 साल से फरार चल रहे एक आरोपी



को नजफगढ़ दिल्ली से काबू किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शेरसिंह वासी गांव नोहझील जिला मथुरा यूपी का रहने वाला है। सितंबर 2022 में वह एक नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया था और उसके साथ गलत काम किया था। घटना के 10 दिन बाद ही नाबालिक को पुलिस टीम ने तलाश कर लिया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा था। वर्ष 2023 में थाना सेक्ट-58 में पुलिस पीओ घोषित किया गया था।

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा- साहस, सत्य और स्वाभिमान की मिसाल हैं गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादे

# वीर साहिबजादों का बलिदान, राष्ट्र के लिए अमर प्रेरणाः पंकज पूजन रामपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भाजपा फरीदाबाद द्वारा वीर बाल दिवस पर साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को दी श्रद्धांजलि

भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों, साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह की स्मृति को समर्पित है। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादों की शहादत पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणादायक है। उनका बलिदान भारतीय संस्कृति में धर्म, स्वाभिमान और देश की रक्षा के सर्वोच्च आदर्श स्थापित करता है। उनका जीवन यह संदेश देता है कि सत्य और धर्म की राह पर अडिग रहना ही सच्ची राष्ट्रसेवा है।



वीर बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के साथ मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज पूजनरामपाल व अन्य।

भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन ने बताया कि वीर बाल दिवस के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद द्वारा जिले की तीनों तिगांव, बड़खल और फरीदाबाद विधानसभाओं में श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभाव से ओत-प्रोत अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दून भारती पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष पंकज रामपाल, दिखा पब्लिक स्कूल में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा ओमप्रकाश रक्षवाल, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश सचिव गीता रक्षवाल, बड़खल विधानसभा के श्रीराम स्कूल में जिला महापौर प्रवीण जोशी, फरीदाबाद विधानसभा में जिला महामंत्री, भाजपा शोभित अरोड़ा मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। तिगांव मंडल अध्यक्ष कृष्ण पहलवान द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में सिखों के दसवें गुरु, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों, साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के अद्वितीय साहस, धर्मनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान को भावपूर्ण स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और हजारों बच्चों को चार साहिबजादा फिल्म का प्रसारण दिखाया गया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित बच्चों व जनसमूह ने वीर बालकों को श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

### मंझावली पुल के बाद नोएडा को जोड़ने के लिए सड़क बनाने का काम शुरू

पुल बनने से सर्वाधिक लाभ तिगांव विस क्षेत्र में रहने वाले लोगों का होगा

# 50 करोड़ की लागत से जुड़ेगा फरीदाबाद-नोएडाः राजेश नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

**खास बातें**

- सड़क का नाम भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखा जाएगा
- सड़क बनाने के कार्य का शुभारंभ हुआ
- पुल बनने का निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा



मंझावली पुल के बाद नोएडा को जोड़ने के लिए सड़क बनाने के कार्य के शुभारंभ पर आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर, राज्य सभा सांसद सुरेंद्र नागर, नोएडा के सांसद महेश शर्मा, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह सहित अन्य क्षेत्रवासी।

यमुना नदी पर मंझावली पुल बनने के बाद अब नोएडा को इससे जोड़ने का काम शुरू हुआ है। आज हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर, राज्य सभा सांसद सुरेंद्र नागर, नोएडा के सांसद महेश शर्मा, विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से नारियल तोड़कर नोएडा उत्तर प्रदेश में सड़क निर्माण का काम विधिवत शुरू करवाया। इस सड़क का नाम भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के नाम पर रखा जाएगा।

इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने बताया कि इस सड़क के बन जाने से फरीदाबाद और नोएडा के बीच की दूरियां कम होगी। लोगों की आपस में रिश्तेदारियां और व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे। जिससे दोनों प्रदेशों और यहां के नागरिकों को लाभ होगा। मंत्री नागर ने बताया कि इस पुल पर आवागमन शुरू हो जाने पर सर्वाधिक लाभ हमारे तिगांव विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को होगा, जिन्हें आज भी अपनी नोएडा, गाजियाबाद, जेवर की रिश्तेदारियों को निभाने के लिए दिल्ली सरिता विहार की तरफ उल्टा जाना पड़ता था, लेकिन अब यह निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि 4.2 किलोमीटर लंबी इस सड़क के बन जाने से ग्रेटर फरीदाबाद वाया मंझावली पुल ग्रेटर नोएडा की दूरी सिमट जाएगी। जिससे समय और ईंधन दोनों की बड़ी बचत होगी। इसके निर्माण पर करीब 50 करोड़ की लागत आएगी। इससे नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, जेवर, ग्रेटर नोएडा, दादरी की दूरियां घट जाएंगी। उन्होंने निर्माण कार्य शुरू करवाने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, स्थानीय सांसद एवं अन्य प्रतिनिधियों का भी धन्यवाद व्यक्त किया। मंत्री राजेश नागर ने बताया कि यह प्रसन्नता का विषय है कि इस निर्माण कार्य का शुभारंभ देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के एक दिन बाद ही कर रहे हैं, जिससे सभी का सांझा विचार है कि सड़क का नामकरण उनके नाम पर ही किया जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष कांता कर्दम, भाजपा जिला जेवर अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, विजय भाटी पूर्व जिला अध्यक्ष, सुखपाल नागर, अमन नागर, पार्षद प्रदीप टोंगर, गजराज नागर, सुधीर नागर, प्रहलाद शर्मा, मार्केट कमेटी अध्यक्ष मोहना संदीप टोंगर, वाइस चेयरमैन श्रीपाल शर्मा, तिगांव अधाना सरपंच वेद प्रकाश अधाना, तिगांव सरपंच विक्रम प्रताप नागर, तिगांव मार्केट अध्यक्ष राजेश सोलंकी, मंझावली सरपंच राकेश शर्मा, शाहजहांपुर सरपंच नाहर भाटी, शाहपुरा सरपंच ताराचंद, लोकेश बैंसला, सुरेंद्र बिधूड़ी, अजब चंदीला, सुरेंद्र कसाना, सुंदर कसाना, राव नारायण सिंह, अजीत सरपंच, लेखराज सरपंच, सरपंच रवि चौहान, सरपंच ललित चौहान, पार्षद शीशराम अवाना, पार्षद सुमंत चंदेल, सरपंच अजब नागर, ब्लॉक समिति ओमप्रकाश नंबरदार, ब्लॉक समिति जगदीश अधाना, ब्लॉक समिति कुलदीप, अध्यक्ष ब्लॉक समिति रोबिट, सरपंच प्रधान सूरजपाल भूरा, सरपंच कृष्ण दीक्षित, पूर्व सरपंच अजब नागर, संत राज चंदीला, सरपंच श्याम चंदीला, सतबीर गुर्जर, सरपंच बृजभान भाटी, हरिओम वत्स, कैप्टन जयपाल भाटी, सुधीर मेहता मंडल अध्यक्ष, मलखान चपराना, ग्रीवेंस मेंबर दयानंद नेताजी, सरपंच सुशील अमीपुर, ग्रीवेंस मेंबर देबू अग्रवाल, सरपंच धर्म सिंह, करण भाटी, पंडित राधेश्याम, वीरेंद्र अधाना, सरपंच सुभाष भाटी, सरपंच अमर सिंह भाटी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### साइबर थाना सेंट्रल की बड़ी कार्रवाई

# 72 लाख 74 हजार रुपए की ठगी, 3 आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम अभिषेक जोरवाल के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर की गई ठगी के एक मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाले तीन आरोपियों को जोधपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-18, फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 26 सितंबर को उसके व्हाट्सएप पर शेयर मार्केट में निवेश से संबंधित एक मैसेज आया। उसने ठगों द्वारा बताए गए विभिन्न बैंक खातों में कुल 72,74,882 रुपए ट्रांसफर कर दिए। जब उसने अपनी राशि निकालने के बारे में कहा तो उससे और पैसों की मांग की गई।

### पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

# रिटायर्ड एयरफोर्स कर्मचारी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

दिल्ली से सटे लोनी थाना क्षेत्र स्थित



मृतक रिटायर्ड एयर फोर्स कर्मी

दिल्ली सहारनपुर रोड पर मोटरसाइकिल सवार दो हथियारबंद बदमाशों ने एयर फोर्स से रिटायर्ड योगेश कुमार की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए। सनसनीखेज तरीके से हुए हत्याकांड के बाद पूरे



लोनी इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दिए दोनों हत्यारे अभी तक पुलिस पकड़ से बाहर हैं। पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पूर्व विधायक ने कहा- हिंदू विद्यालय बनाने का संकल्प लिया

# कांग्रेस ने मनाई पं. मालवीय की जयंती व मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर शुक्रवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय प्रणेता भारत रत्न महामना पंडित मोहन मालवीय की जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यकाल में पूर्व विधायक मान्य केके शर्मा ने कहा कि काशी का हिंदू विद्यालय बनाने का संकल्प लिया था। धन को एकत्र करने के लिए उन्होंने हैदराबाद के निजाम के यहां जाने का निर्णय लिया काशी में विश्वविद्यालय बनाना के लिए निजाम के दरबार में जब पहुंचे।

### जन्म शताब्दी पर भाजपा महानगर कार्यालय में प्रदर्शनी का शुभारंभ

# अटल जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए राजनीति को सेवा, सुशासन और संवेदनशीलता से जोड़ाः सुनील शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी समारोह के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी गाज़ियाबाद महानगर द्वारा भाजपा महानगर कार्यालय, नेहरू नगर पर विचार एवं जीवन दर्शन पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं आमजन को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतीय राजनीति के ऐसे महानायक थे जिन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए राजनीति को सेवा, सुशासन और संवेदनशीलता से जोड़ा। उनकी विचारधारा आज भी हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि अटल जी का सम्पूर्ण



जीवन राष्ट्र समर्पण, सिद्धांतों और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक रहा है। उनकी जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित यह प्रदर्शनी नई पीढ़ी को उनके विचारों और योगदान से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अटल जी के आदर्शों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र सेवा के लिए सतत कार्य करते रहेंगे। प्रदर्शनी में अटल जी के जीवन, राजनीतिक यात्रा, कवि व्यक्तित्व एवं ऐतिहासिक निर्णयों को चित्रों एवं जानकारी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

### साहिबजादों की शहादत को नमन

# गाजियाबाद विजय नगर में विचार गोष्ठी एवं जीवन आधारित प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

धर्म, संस्कृति और मानवता की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति देने वाले चारों साहिबजादों की अमर शहादत को नमन करते हुए शुक्रवार को विजय नगर स्थित रोज बेल पब्लिक स्कूल में विचार गोष्ठी एवं साहिबजादों के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। सांसद अतुल गर्ग इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि चारों साहिबजादों का बलिदान केवल सिख समाज ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने अल्पायु में धर्म और सत्य की रक्षा के लिए जो साहस दिखाया, वह आने वाली पीढ़ियों को सदैव



मार्गदर्शन देता रहेगा। मयंक गोयल ने कहा कि साहिबजादों का जीवन हमें यह सिखाता है कि राष्ट्र, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए त्याग और समर्पण सर्वोपरि है। भाजपा ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभक्ति, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का कार्य कर रही है।

ओला अपने मौजूदा सर्विस सेंटर्स को हाइपरसर्विस सेंटर्स में बदलेगा

# एक ही दिन में मिलेगी सर्विस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

ओला ने अपनी हाइपरसर्विस पहल को आगे बढ़ाते हुए हाइपरसर्विस सेंटर्स की शुरुआत की है। जिसमें ग्राहकों को उसी दिन बिना अतिरिक्त खर्च के सर्विस की गारंटी दी जाएगी। पूरी सर्विस प्रक्रिया डिजिटल और हर कदम पर स्पष्ट जानकारी और पारदर्शिता मिलेगी के साथ मिलेगी। इस पहल के तहत ओला अपने मौजूदा सर्विस सेंटर्स को धीरे-धीरे हाइपरसर्विस सेंटर्स में बदलेगा। इस अवसर पर ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा कि हाइपरसर्विस सेंटर्स के माध्यम से हम एक नया मानक स्थापित कर रहे हैं। इसका उद्देश्य तकनीक, बेहतर प्रक्रियाओं और बड़े स्तर पर काम करके ग्राहकों की परेशानी कम करना और हर ओला ग्राहक को तेज़, आसान और पूरी तरह पारदर्शी सर्विस देना है।

### सांसद हुड्डा ने अरावली के महत्वपूर्ण मुद्दे की गलत पैरवी पर उठाए सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने 2010 में इसके औचित्य को नकार दिया था

# पर्वत और पर्यावरण को भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ने देंगेः दीपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने अरावली के महत्वपूर्ण मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की गलत पैरवी, गलत नीयत पर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि जिस गलत नीयत से सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पैरवी की और 100 मीटर की परिभाषा को कोर्ट से मंजूर कराया। उसे देश की जनता नकार




गुरुग्राम के बादशाहपुर में पत्रकारों से बात करते सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा।

रही है। बादशाहपुर में ग्रामीण जिला अध्यक्ष वर्धन यादव के कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान सांसद ने बताया कि 100 मीटर के पैरामीटर को ना सिर्फ जनता नकार रही है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट की एम्पावर्ड कमेटी ने भी कहा कि 100 मीटर का कोई औचित्य नहीं है। खुद सुप्रीम कोर्ट ने 2010 में इसके औचित्य को नकार दिया था।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. नैम उर्फ नईम, पुत्रः** ज़हीर आलम, **पताः** मकान नंबर 1637, गली ताकत वाली, सुइवालां, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 67/2014 U/s 392/411/34 IPC, थानाः जामा मस्जिद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. नैम उर्फ नईम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. नैम उर्फ नईम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 67/2014 U/s 392/411/34 IPC, थानाः जामा मस्जिद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो. नैम उर्फ नईम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री राशि रहेजा
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–13
कमरा नं. 33, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/17308/CD/2025
(Court Matter)



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जीवन टोप्पो, पुत्रः** अलारुस, **पताः** ए–715, गजरौली, मयूर विहार फेज़ – 3, पूर्वी दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 591/2019 U/s 279/337 IPC & 146/196 MV ACT, थानाः तिलक नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जीवन टोप्पो** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जीवन टोप्पो** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 591/2019 U/s 279/337 IPC & 146/196 MV ACT, थानाः तिलक नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जीवन टोप्पो** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विकास मदान
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी (पश्चिम)
कमरा नं. 265, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/17212/WD/2025
(Court Matter)



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.PC. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **अरूण तुषीर, पुत्रः** श्री आज़ाद सिंह, पताः गली न. 13, संजय कालोनी, सैफियाबाद रोड, नरेला, दिल्ली, ने **FIR No.: 42/2019, U/s: 498A/406/34 IPC,** थानाः शालीमार बाग, **दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **अरूण तुषीर,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **अरूण तुषीर,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 42/2019, U/s: 498A/406/34 IPC,** थानाः शालीमार बाग, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **अरूण तुषीर,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐश्वर्या शर्मा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
उत्तर–पश्चिम, कमरा न. 106, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/17237/NW/2025
(Court Matter)

**खबर संक्षेप**

## यूपी पुलिस अधिकारियों की कॉन्फ्रेंस आज से

**लखनऊ।** अत्याधुनिक तकनीक के साथ कदमताल कर रही यूपी पुलिस ने भविष्य की चुनौतियों व



उनके समाधान की राह खोजने की पहल की है। पुलिस वीक के स्थान पर पहली बार वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन करने का निर्णय किया गया है। इस सम्मेलन को पुलिस मंथन नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में 27 व 28 दिसंबर को आयोजित सम्मेलन में कुल 11 विषयों पर महामंथन होगा।

## डॉक्टर को बंधक बनाकर 10 लाख की डकैती

**मधुबनी।** जिले के नरहिया थाना क्षेत्र के नवटोली में डॉ. दिनेश कुमार दिनकर के घर बदमाशों ने



धावा बोल दिया। गृह स्वामी को बंधक बनाकर 10 लाख की डकैती की। बदमाशों की संख्या 15-20 बताई जा रही है। पीड़ित के मुताबिक बदमाश घर के मुख्य दरवाजे को तोड़कर दाखिल हुए थे। उन्हें बंधक बनाकर अलमारी व बक्शे को तोड़कर सोना-चांदी, 50 हजार कैश लेकर फरार हो गए।

## सासाराम में पागल कुत्ते का आतंक, 20 को काटा

**सासाराम।** जिले के करगहर बाजार में शुक्रवार को पागल कुत्ते ने खरीदारी करने आए 20 लोगों



को काटकर जख्मी कर दिया। जिन्हें सीएचसी में भर्ती किया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एंटी रेबीज वैक्सीन का इंजेक्शन देकर मुक्त कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बाजार में एक पागल कुत्ता घुस गया और खरीदारी कर रहे लोगों को काटने लगा।

### 750 किमी होगी लंबाई, यूपी के 22 जिलों से होकर गुजरेगा

# शामली-गोरखपुर एक्सप्रेसवे की 35 हजार करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार

**एनएचएआई की रुड़की इकाई इस एक्सप्रेस वे का निर्माण करेगी। ये छह लेन का बनेगा। इसके लिए भूमि का ड्रोन से सर्वेक्षण भी पहले ही किया जा चुका है।**

एजेंसी ▶▶ शामली

पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश की नेपाल सीमा तक प्रस्तावित 750 किमी लंबे शामली-गोरखपुर ग्रीनफील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर एक्सप्रेसवे की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार हो गई है। इस छह लेन एक्सप्रेसवे की अनुमानित लागत करीब 35 हजार करोड़ रुपये बताई गई है। इसके निर्माण की जिम्मेदारी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की रुड़की इकाई को सौंपी गई है।

एनएचएआई नई दिल्ली की ओर से रुड़की इकाई को तीन चरणों में अधिसूचना गजट जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। पहले चरण में सभी संबंधित तहसीलों, गांवों और किसानों के खसरा नंबरों की सूची की गजट अधिसूचना आगामी 31 जनवरी तक जारी करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। दिल्ली की एक निजी कंपनी ने इस परियोजना की डीपीआर तैयार की है, जबकि भूमि का ड्रोन सर्वेक्षण पहले ही पूरा किया जा चुका है। एनएचएआई रुड़की पीआईयू की ओर से जिलाधिकारी शामली अरविंद कुमार चौहान को पत्र भेजकर सक्षम अधिकारी नियुक्त करने का अनुरोध किया गया था। डीएम ने एडीएम वित्त एवं राजस्व सत्येंद्र कुमार सिंह को शामली-गोरखपुर एक्सप्रेसवे का सक्षम अधिकारी नामित कर रिपोर्ट रुड़की इकाई को भेज दी है। एनएचएआई रुड़की इकाई के इंजीनियर नवीन कुमार ने बताया कि 35 हजार करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार हो चुकी है और अधिसूचना की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अगले तीन वर्षों में इस एक्सप्रेसवे के बनकर तैयार होने की संभावना है।

**खास बातें**

- तीन चरणों में अधिसूचना गजट जारी करने के निर्देश दिए गए
- अगले तीन वर्षों में इस एक्सप्रेसवे के बनकर तैयार होने की संभावना



### पांच प्रमुख एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा शामली-गोरखपुर एक्सप्रेसवे

शामली-गोरखपुर एक्सप्रेसवे गंगा एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, लखनऊ-गोरखपुर एक्सप्रेसवे, अंबाला-शामली एक्सप्रेसवे और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। इससे दिल्ली, देहरादून और मसूरी तक आवागमन सुगम होगा, वहीं गंगा किनारे बसे ग्रामीण इलाकों और शहरों को भी बड़ा लाभ मिलेगा।

### इन 22 जिलों से होकर गुजरेगा एक्सप्रेसवे

- **पश्चिमी यूपी :** बिजनौर, अमरोहा, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली
- **मध्य यूपी :** बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, सीतापुर, लखनऊ
- **पूर्वी यूपी :** बहराइच, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, गोरखपुर
- **अन्य जिले :** रामपुर, मुरादाबाद, बरेली, संभल।

### सामान निकालने की तस्वीर आई सामने

# राबड़ी देवी ने खाली किया आवास रात में शिफ्ट किया जा रहा सामान



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में नई सरकार बनने के बाद केवल मंत्रिपरिषद ही नहीं बदला, बल्कि अब नेताओं के सरकारी ठिकानों का पता भी बदलने लगा है। राज्य सरकार के भवन निर्माण विभाग ने फैसला लिया है कि पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को 10 सर्कुलर रोड स्थित बंगला छोड़ना पड़ेगा। प्रशासन की ओर से इसके निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं और उनके लिए नया बंगला भी आवंटित कर दिया गया है। अब रात के अंधेरे में राबड़ी देवी के आवास से सामान खाली करने की प्रक्रिया शुरू की गई । छोटी गाड़ियों से पौधा और अन्य गार्डन समान निकालने की तस्वीर समाने आई है। फिलहाल पौधे और गार्डन का फूल और गमला शिफ्ट किया गया है।

### एक माह पहले आवास खाली करने का दिया था नोटिस

जब राबड़ी देवी का आवास खाली किया जा रहा है उस समय लालू यादव और तेजस्वी यादव दोनों फिलहाल पटना से बाहर हैं। राबड़ी देवी को आवास को खाली करने निर्देश पहले ही दे दिया गया था। 25 नवंबर को भवन निर्माण विभाग ने निर्देश दिया था। आज 25 दिसंबर को एक महीना पूरा हो रहा है। हालांकि आरजेडी की तरफ से फिलहाल सामान शिफ्ट किए जाने को लेकर कुछ कंफर्म नहीं किया गया है।

### तेज प्रताप को भी बंगला खाली करना होगा

25 नवंबर को कई अन्य मंत्रियों को भी नया आवास आवंटित किया गया है। उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल को 2 स्टैंड रोड का आवास आवंटित किया गया है। रामकृपाल यादव को 43 हार्डिंग रोड पर आवास मिला है। इनके अलावा तेज प्रताप यादव को भी 26 एम स्ट्रैंड रोड का बंगला खाली करना होगा।

### कमिश्नर ने पकड़ा एलडीए इंजीनियर का झूठ

# बिठाई गई जांच, सख्त से सख्त कार्रवाई की भी तैयारी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ विकास प्राधिकरण में लंबे समय से चल रही इंजीनियरों की मनमानी और फर्जी रिपोर्ट भेजने पर सख्ती शुरू हो गई है। कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने खुद एक अभियंता का झूठ और फर्जीवाड़ा पकड़ लिया है। उन्होंने मामले की जांच अपर आयुक्त प्रशासन को सौंप दी है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायतों का झूठा निस्तारण, अवैध निर्माण पर कार्रवाई से बचने के लिए फर्जी मेडिकल रिपोर्ट और शासन को गुमराह करने वाली सूचनाओं के कई मामले सामने आने के बाद अधिकारी सख्त कार्रवाई की तैयारी में हैं।




### मुख्यमंत्री पोर्टल पर झूठा निस्तारण

एलडीए के अवर अभियंता आशीष श्रीवास्तव पर गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि उन्होंने अवैध निर्माण से जुड़े एक मामले में शासन को झूठी और भ्रामक रिपोर्ट भेजी। मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत का ऐसा निस्तारण दिखाया गया, जो जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाता। मामला संज्ञान में आने के बाद कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने ने इसे गंभीर प्रशासनिक चूक मानते हुए अपर आयुक्त प्रशासन को जांच सौंप दी है।

### रिम्स जमीन घोटालाः हाई कोर्ट सख्त

# अफसरों पर एफआईआर, पीड़ितों को मुआवजा देने का आदेश

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड हाई कोर्ट ने रिम्स (राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) परिसर के अंदर जमीन के अवैध आवंटन और रजिस्ट्री मामले में कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि इस गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार सभी सरकारी अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाए। साथ ही जिन लोगों को बेदखल किया गया और परेशान किया गया, उन्हें सरकारी अधिकारियों और बिल्डरों की ओर से उचित मुआवजा देने का आदेश दिया गया है। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की डिवीजन बेंच ने ज्योति शर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पुलिस को उन अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है, जिन्होंने कथित तौर पर अस्पताल की जमीन पर कब्जा कराने के लिए बिल्डरों से मिलीभगत की। कोर्ट ने 20 दिसंबर को दिए फैसले में कहा कि जमीन के रजिस्ट्रेशन से जुड़े अधिकारियों को अधिक सतर्क रहना चाहिए था।

## पेज एक का शेष

### बांग्लादेश में हिंदू...

भारत विरोधी कट्टरपंथी युवा छात्र नेता उस्मान हादी की मौत के बाद ढाका व अन्य जगहों पर हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के बीच उग्र भीड़ ने दीपू चंद्र दास की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी और फिर उसके शव को एक पेड़ से बांधकर आग लगा दी थी। इस घटना की जानकारी उसके परिजनों को फेसबुक के माध्यम से मिली थी। उनका कहना था कि अंतरिम सरकार की तरफ से उनके पास सांत्वना देने के लिए कोई नहीं आया। जबकि यूनुस प्रशासन ने कहा था कि वो इस तरह की घटना की निंदा करता है। मामले को लेकर कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### नहीं बचेंगे ललित...

को विदेश मंत्रालय ने बेहद सख्त अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। नियमित मीडिया ब्रीफिंग में इस मुद्दे पर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दो टूक अंदाज में कहा कि भारत के जो भी भगोड़े हैं, हम उनको वापस लेकर आएंगे। इस संबंध में कई देशों के साथ हमारी बातचीत चल रही है। भगोड़ों को देश वापस लाने को लेकर भारत और उसकी सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। जिससे इन तमाम लोगों को यहां देश में अदालती प्रक्रिया के दौरान जांच में शामिल किया जा सके। यहां बता दें कि बीते दिनों लंदन में हुई विजय माल्या की जन्मदिन पार्टी में ललित मोदी ने कहा था कि वो और माल्या भारत के दो सबसे बड़े भगोड़े हैं। इस वीडियो को मोदी ने 22 दिसंबर को अपने सोशल मीडिया में खुद पोस्ट किया था। जिसमें उन्होंने लिखा, आप मीडिया वालों के लिए एक बार फिर से इंटरनेट को हिला देता हूं, जलन के साथ देखते रहिए। हम दोनों भारत के दो सबसे बड़े भगोड़े हैं।

### छात्र की मौत पर ....

गौरतलब है कि दूतावास ने इसे लेकर एक बयान जारी कर कहा कि टोरंटो विश्वविद्यालय के स्कारबोरो परिसर के पास हुई गोलीबारी की एक घटना में युवा भारतीय छात्र शिवांक अवस्थी की गोली लगने से दुखद मृत्यु हो गई है। जिसे लेकर हम गहरा शोक जताते हैं। मुश्किल की इस घड़ी में हम शोक संतप्त परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं और उन्हें कनाडा के स्थानीय अधिकारियों की मदद से तमाम जरूरी सहायता और सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

**बॉन्डी बीच हमलाः ऑस्ट्रेलिया के संपर्क में भारतः** वहीं, बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले के मामले को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के अधिकारी इस मामले को लेकर हमारे साथ संपर्क में बने हुए हैं।

### भाजपा बंगाल को ...

में बंगाली समुदाय पर हमलों पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया। 12 दिसंबर को रिक्शा में यात्रा कर रहे शरीफ उस्मान हादी की गोली मारकर हत्या के बाद बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों के बीच, भारत में भाजपा और टीएमसी के बीच जुबानी जंग चल रही है। चक्रवर्ती ने कहा, "हम टीएमसी को पश्चिम बंगाल को पश्चिम बांग्लादेश नहीं बनाने देंगे! बांग्लादेश में एक बंगाली हिंदू की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या के विरोध में महिलाओं समेत कई बंगाली हिंदुओं ने प्रदर्शन किया, लेकिन पुलिस ने उन पर हमला किया! यह राज्य बंगाली हिंदुओं का है। अगर इसे बांग्लादेश बना दिया गया तो हम कहां जाएंगे? हम अपनी पूरी ताकत से लड़ेंगे! जब तक मेरी रगों में खून है, मैं हार नहीं मानूंगा!" इन आरोपों का जवाब देते हुए, टीएमसी ने विभिन्न राज्यों में बंगाली समुदाय पर हुए हमलों का जिक्र किया और भाजपा पर पश्चिम बंगाल में जनमत को प्रभावित करने के लिए बांग्लादेश की स्थिति का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। टीएमसी ने कहा कि जो लोग 'पश्चिम बांग्लादेश' चिल्ला रहे हैं, उन्हें पहले एक सवाल का जवाब देना चाहिएः पूरे भारत में भाजपा शासन के तहत बंगालियों को क्यों पीटा और लिंच किया जा रहा है? आप बांग्लादेश का इस्तेमाल बंगाल में लोगों के दिमाग में जहर घोलने के लिए कर रहे हैं, जबकि भाजपा शासित राज्य बिना किसी सजा के बंगालियों का खून बहा रहे हैं। आप ऑनलाइन डर फैलाने वाले अभियान चला रहे हैं।

### केंद्रीय विद्यालय...

कि इस मामले में कोई अन्य अधिकारी या कर्मचारी शामिल तो नहीं है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को सक्षम न्यायालय में पेश किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सीबीआई अधिकारियों ने कहा है कि सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार के मामलों पर एजेंसी की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस घटना से केन्द्रीय विद्यालय संगठन में हड़कंप मच गया है और एक बार फिर सरकारी दफ्तरों में पारदर्शिता व जवाबदेही को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

### एच1बी वीजा को ...

ब्रीफिंग में भी पत्रकारों द्वारा पूछे गए कई प्रश्नों की गूंज सुनाई दी। जिनके जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने एच1बी और एच-4 वीजा के लिए नियुक्ति साक्षात्कारों के लिए तय की गई तारीखों में किए गए बदलाव या पूर्व निर्धारित तारीखों को रद्द करने के मामले को यहां नई दिल्ली समेत वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष उठाया है। मामले में प्रभावित लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर मंत्रालय को कई शिकायतें की हैं। जिन्हें हमने औपचारिक रूप से देश के भीतर और बाहर अमेरिका में बैठे हुए अधिकारियों के सामने उठाया है। हमारी कोशिश बस यही है कि हम इस विषय को अमेरिकी पक्ष के सामने रखकर यह चाहते हैं कि उक्त बदलावों का हमारे देश के नागरिकों पर कम से कम प्रभाव पड़े।

**संबंधित देश के संप्रभु क्षेत्र का मामलाः** रणधीर ने कहा कि नई दिल्ली की तरफ से मामले और उससे प्रभावित लोगों की शिकायतों को अमेरिका के सामने उठाया गया है। लेकिन वीजा संबंधी कोई भी मामला संबंधित देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आता है। लेकिन इसके बावजूद हम जानते हैं कि उक्त घटनाक्रम की वजह से वीजा आवेदकों में शामिल परिवारों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, उनके बच्चों की पढ़ाई पर भी इसका असर पड़ा है। लेकिन भारत सरकार इस मामले पर अमेरिका की सरकार के साथ पूरी सक्रियता से संपर्क बनाए हुए है। जिसमें इस मुद्दे का समाधान निकालने के साथ ही हम चाहते हैं कि भारतीय नागरिकों पर बदलावों का कम से कम प्रभाव पड़े। जिसके लिए हमारी कोशिशें जारी हैं।

### अमेरिका से ...

कि कौन व्यक्ति हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से हमारे देश के लिए सही है या नहीं।

### 18 राज्यों-...

कि इन सभी बच्चों न केवल अपने परिजनों का बल्कि समाज और पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। यह पुरस्कार सम्मानित होने वाले बच्चों के साथ ही देश के बाकी युवाओं को भी प्रेरित करेगा। इस बार पुरस्कार पाने वाले विजेता बच्चों को कई श्रेणियों में इस सम्मान से नवाजा गया है। जिसमें कला-संस्कृति, पर्यावरण, समाज सेवा, खेलकूद, नवाचार और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र शामिल हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि 7 साल की वाका लक्ष्मी प्रग्निका जैसे प्रतिभाशाली बच्चों की वजह से देश को विश्व पटल पर शतरंज की महाशक्ति माना जाता है। अजय राय और मोहम्मद सिदान पी का भी उन्होंने उल्लेख किया और बताया कि उन्होंने अपनी वीरता और सूझबूझ से दूसरों की जान बचाई। वे प्रशंसा के पात्र हैं। 9 साल की बेटी व्योमा प्रिया और ग्यारह साल के बहादुर बेटे कमलेश कुमार ने अपने साहस से दूसरों की जान बचाते हुए अपने प्राण गंवा दिए। 10 साल के श्रवण सिंह के बारे में राष्ट्रपति मुर्मू ने बताते हुए कहा कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान युद्ध से जुड़े तमाम जोखिमों के बावजूद अपने घर के पास सीमा पर तैनात सैनिकों को नियमित रूप से पानी, दूध और लस्सी पहुंचाई। इसके अलावा दिव्यांग बेटी शिवानी होसुरू उप्पारा ने आर्थिक और शारीरिक सीमाओं को पार करते हुए खेल जगत में असाधारण उपलब्धियों हासिल की हैं। वैभव सूर्यवंशी ने अत्यंत प्रतिस्पर्धी, प्रतिभा समृद्ध क्रिकेट जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है और कई रिकॉर्ड स्थापित किए। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे साहसी और प्रतिभाशाली बच्चे भविष्य में भी अच्छे कार्य करते रहेंगे और भारत के भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे।

### ये आपके माता-...

आपका ये सम्मान आपके लिए तो है ही, ये आपके माता-पिता का, आपका टीचर और मेंटर्स का भी सम्मान है। पीएम मोदी ने एक-एक बच्चे के साथ वक्त गुजारा और उनके शौर्य और पराक्रम की सराहना की।

**रेल पहिया कारखाना/बेला**
जिला–सारण, (बिहार)–841221

ई–निविदा सूचना संख्या : ई.एल.–लिफ्ट सीएऐमसी–ओटी–2025–26, दिनांक : 23.12.2025.
उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/हेड क्वार्टर/रे.प.का./बेला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–खुली निविदा आमंत्रित की जाती है:– 1. **कार्य का नाम, स्थान तथा कार्य सम्पन्न होने का समय : रेल व्हील प्लांट, बेला, जिला–सारण (बिहार) में स्टाफ कॉलोनी में लगे लिफ्ट (मेक:टेक्नो इंडस्ट्रीज) का 3 साल के लिए कॉम्प्रिहेंसिव वार्षिक अनुरक्षण संविदा का कार्य। कार्य सम्पन्न होने का समय : छत्तीस माह।, 2. कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 5155593/-** (इक्यावन लाख पचपन हजार पाँच सौ तिरानबे रुपये मात्र), **3. धरोहर राशि : ₹ 103100/-** (एक लाख तीन हजार एक सौ रुपये मात्र). **4. निविदा जमा करने एवं खुलने की तिथि तथा समय :** निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि 31.12.2025, खुलने का समय : 14.30 दिनांक 14.01.2026। **5.** वेबसाईट का विवरण, सूचना पट्ट जहाँ से निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त किया जा सकता है एवं कार्यालय का पता जहाँ से निविदा कागजात खरीदा जा सकता है। : निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने हेतु आईआरईपीएस के आधिकारिक वेबसाईट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। बोली प्रस्तुत करने वाली भावी कंपनियों को ऊपर की निविदाओं के संबंध में शुद्धिपत्र सहित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए आई.आर. ई.पी.एस. पोर्टल (**www.ireps.gov.in**) के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है, क्योंकि ऐसी जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी।
उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/हेड क्वार्टर/रे.प.कारखाना/बेला
आर.डब्ल्यू.पी./सी.पी.आर.ओ./ए.डी.भी.टी./2025–26/92

**भवन निर्माण, मिट्टी के कार्य का शेष कार्य तथा अन्य सहायक कार्य**

**निविदा सूचना संख्या: CON/2025/DEC/09**, दिनांक: 19-12-2025. निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **निविदा संख्या**: CE/CON/KK/MIS/2025/08; **कार्य का नाम**: पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (निर्माण) के कटिहार-कुमेदपुर दोहरीकरण परियोजना से जुड़े कुरेठा-कुमेदपुर खंड के बीच भवन निर्माण, नई प्लेटफॉर्म के लिए भराव में मिट्टी के कार्य, प्लेटफॉर्म संख्या 1 की ऊंचाई बढ़ाने तथा यार्ड निर्माण कार्य, बी-श्रेणी स्टेशन लाभा में ब्लैंकेटिंग, संरक्षण कार्यों का शेष कार्य; सहजा हॉल्ट, प्राणपुर रोड एवं दिल्ली दीवानगंज पर डी-श्रेणी स्टेशन भवन के शेष कार्य; दिल्ली दीवानगंज पर विद्यमान प्लेटफॉर्म संख्या 1 की ऊँचाई बढ़ाने का कार्य तथा सहजा हॉल्ट पर 02, प्राणपुर रोड पर 02 एवं दिल्ली दीवानगंज पर 01 नए हाई-लेवल प्लेटफॉर्म का निर्माण; लाभा पर पीपी शेड का निर्माण, सहजा हॉल्ट, प्राणपुर रोड, लाभा एवं दिल्ली दीवानगंज स्टेशनों पर 3 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का निर्माण; सहजा हॉल्ट, प्राणपुर रोड, लाभा एवं दिल्ली दीवानगंज पर प्रवेश मार्ग सहित सर्कुलेटिंग एरिया का शेष कार्य और अन्य सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य**: ₹83,81,82,710.50/-; निविदा के **बंद करने** की तिथि और समय **21-01-2026** को **14:30** बजे और **खोलने** की **21-01-2026** को **15:30** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

मुख्य अभियंता/कॉन/केआईआर
डीएल प्रोजेक्ट/मालीगाँव
**पूर्वोत्तर सीमा रेल**
निर्माण संगठन
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी अजय वत्स, पुत्रः** आनंद कुमार, **पताः** ए–4/3, प्रेम नगर–III, किरारी सुलेमान नगर, दिल्ली, **FIR No. 483/2025 U/S: 105/3 (5) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थानाः प्रेम नगर, दिल्ली, Dt. 10.09.2025** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय वत्स,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अजय वत्स,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अजय वत्स, FIR No. 483/2025 U/S: 105/3 (5) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थानाः प्रेम नगर, दिल्ली, Dt. 10.09.2025** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.02.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
शगुन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–06
उत्तर पश्चिम कोर्ट नं 109, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/17259/RD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.c. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फहीम पुत्र** रहीम, **निवासः** B-93, गली नं. 2, काची कर्दनपुरी, दिल्ली ने **FIR No. 370/2023 U/s 25 Arms Act थानाः गोकुलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **फहीम** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **फहीम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 370/2023 U/s 25 Arms Act थानाः गोकुलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **फहीम** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।


आदेशानुसार
कनिका अग्रवाल
एडी. जेएमएफसी-03, (उत्तर पूर्व)
प्रथम तल, कमरा नं. 22, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/17391/NE/2025
(Court Notice)

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज सोनीपत | बीपीएल - गांव उज्जाह ब्लॉक बापौली जिला पानीपत में तोता राम कॉलोनी में हॉल (40×38) का निर्माण + 9 कार्य। | 25.12.2025 31.12.2025 | 3,29,84,934/- | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई करनाल | वर्ष 2025-26 वर्कशॉप उपमण्डल सं. 01, करनाल में एनबीके लिंक का क्रॉस-रेगुलेटर और गांव निदाना में क्रॉस-रेगुलेटर की मरम्मत कार्य हेतु आकलन और 02 अन्य। | 26.12.2025 02.01.2026 | 5.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991831221 xen-wsmkrl.irr@gov.in |
| 3 | पंचायती राज अम्बाला | (वीएएनजीवाई 2023-24) गांव टुंडली ब्लॉक अम्बाला-II में बाल्मिकी चौपाल के निकट हॉल का निर्माण + 1 कार्य। | 23.12.2025 29.12.2025 | 8,33,503/- | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 4 | सहायक मृदा संरक्षण अधिकारी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, गुरुग्राम | गांव तिरपाडी ब्लॉक फर्रूखनगर गुरुग्राम में दादा भैया तालाब का सौन्दर्यीकरण और एम्बैंकमेंट की सुरक्षा। | 25.12.2025 02.01.2026 | 43,36,044/- | https://etenders.hry.nic.in | 7011956200 ascogurugram@gmail.com |
| 5 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, रोहतक | गांव मसुदपुर ब्लॉक कलानौर जिला रोहतक में भूमि विकास कार्यक्रम के तहत वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी प्रोजैक्ट के माध्यम से वाटर-लॉग्ड और सैलाइन सोइल का रिक्लेमेशन (मसूदपुर 900 एकड़ जमा काहनौर 150 एकड़) कुल-1050 एकड़। | 22.12.2025 31.12.2025 | 84,12,030/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज करनाल | कोहंड ब्लॉक घरौंडा में फिरनी की मरम्मत और पूरा करना। | 22.12.2025 31.12.2025 | 61,58,388/- | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज भिवानी | गांव रूपगढ़, ब्लॉक भिवानी, जिला भिवानी में विनोद पुत्र चांदराम के खेत से महेन्द्र सिंह पुत्र प्यारे लाल के खेत तक आईपीबी सहित पथ की पेवमेंट स्कीम खेत खलिहान सीएम कोड 24219 + 16 कार्य। | 23.12.2025 30.12.2025 | 6,41,77,268/- | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज रेवाड़ी | गांव गुडियानी ब्लॉक नाहड़, रेवाड़ी में पीएचसी का निर्माण + 4 कार्य। | 23.12.2025 01.01.2026 | 17,91,38,830/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077 xenpr.rwr@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/200/41515/I/88/7 दि. 26.12.25



# राम गोपाल वर्मा ने धुरंधर की तारीफों के बांधे पुल

**मुंबई।** फिल्म निर्माता और निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने एक बार फिर से निर्देशक आदित्य धर और उनकी इस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' की तारीफों के पुल बांधे। अपनी 10वीं पोस्ट में वर्मा ने आदित्य की तुलना दिग्गज अमेरिकी फिल्म निर्माता फ्रांसिस फोर्ड कोपोला के काम से की। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'कोपोला से आदित्य धर तक- एक निर्देशक का विकास सिर्फ पहले आए निर्देशकों से सीखकर नहीं होता, बल्कि बाद में आने वाले निर्देशकों से भी होता है। इसी तरह, आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' से मुझे कुछ नई बातें सीखने को मिलीं।' राम गोपाल वर्मा ने आगे कोपाला की तारीफ में लिखा, 'कोपोला से मैंने गहरा और रहस्यमय ड्रामा सीखा, जिसे मैंने सत्या, कंपनी, सरकार जैसी अपनी फिल्मों में इस्तेमाल करने की कोशिश की। लेकिन, धुरंधर दिखाता है कि यह तरीका बड़े स्तर पर और ज्यादा प्रभावी हो सकता है। ऐसे सीन लिखना, जहां दर्शक समझने से पहले ही सब कुछ महसूस कर लें, यह एक नया तरीका है। राम गोपाल वर्मा ने आगे लिखा, 'मैं मुख्यधारा के भारतीय निर्देशकों में से पहला था, जिसने हीरो को ज्यादा बढ़ा चढ़ाकर दिखाने से मना किया।

लाइफ Style



# जान्हवी मॉब लिंचिंग पर फूटा गुस्सा

एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दीपू चंद दास की मॉब लिंचिंग का जिक्र करते हुए इसे 'कत्लेआम' करार दिया। जान्हवी कपूर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह इस मुद्दे पर जानकारी लें, सवाल उठाएं और सांप्रदायिक भेदभाव का विरोध करें।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अंग्रेजी में पोस्ट किया। उसमें लिखा, 'दीपू चंद्र दास... यह कत्लेआम है और यह कोई अकेली घटना नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अगर इन सबके बाद भी गुस्सा नहीं आता तो यह गलत और दोहरा व्यवहार है जो सबके लिए खतरनाक है। उन्होंने लिखा, 'बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह देखकर अगर आपको गुस्सा नहीं आ रहा तो यह दोहरा व्यवहार है, जो हम सबको खत्म कर देगा। हम दुनिया के दूसरे कोने में किसी घटना पर दुख जताते हैं। हम दूर की घटनाओं पर रोते हैं, लेकिन अपने भाई-बहनों को जलते देखते रहते हैं।' जान्हवी ने स्पष्ट रूप से सांप्रदायिक कट्टरपंथ की निंदा की और अपनी बात रखते हुए आगे लिखा, 'किसी भी तरह का सांप्रदायिक भेदभाव और कट्टरपंथ, चाहे हम पीड़ित हों या आरोपी, हमें अपनी इंसानियत भूलने से पहले इसकी बुराई करनी चाहिए। हम मोहरे हैं जो मानते हैं कि हम एक अनदेखी लाइन के दोनों तरफ हैं। इसे पहचानें और खुद को जानकारी से लैस करें ताकि आप उन बेगुनाह लोगों के लिए खड़े हो सकें जो इस सांप्रदायिकता में अपनी जिंदगी खोते जा रहे हैं और इससे डरे हुए हैं।' बता दें कि बांग्लादेश में 27 साल के हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ ने कथित ईशनिंदा के आरोप में बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी और शव को आग लगा दी थी।

## हॉलीवुड मसाला



# सौतेली मां पेगी डिकैप्रियो पहनती हैं पगड़ी

**लॉस एंजिल्स।** 'टाइटैनिक' एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो का भारत से भी एक गहरा कनेक्शन है। लियोनार्डो डिकैप्रियो ने अपने एक इंटरव्यू में अपने परिवार के बारे में बात की थी और बताया था कि उनकी सौतेली मां सिख हैं। मेरे पिता हिप्पी काउंटर कल्चर से आते हैं और उनका पालन-पोषण सैन फ्रांसिस्को और लॉस एंजिल्स में हुआ। वे 70 के दशक के लॉस एंजिल्स में अंडरग्राउंड आर्ट मूवमेंट से जुड़े कई लोगों के साथ समय बिताते थे।' उनकी सौतेली मां, पेगी डिकैप्रियो अमृतधारी सिख हैं। पेगी डिकैप्रियो पगड़ी पहनती हैं और अक्सर पारंपरिक भारतीय कपड़ों में नजर आती हैं। खबरों के मुताबिक, उन्होंने कई साल पहले इस सम्प्रदाय को अपनाया था, लेकिन पगड़ी पहनना उन्होंने कुछ ही साल पहले शुरू किया।




# 'अवतार 3' बनी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली विदेशी फिल्म

**मुंबई।** जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' भारत में इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इसने यह कामयाबी सिर्फ सात दिनों में हासिल की है। 'अवतार 3' ने हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' के लाइफटाइम इंडिया कलेक्शन को पीछे छोड़कर इस साल विदेशी फिल्मों में पहला स्थान प्राप्त कर लिया है। 'अवतारः फायर एंड ऐश' ने अब तक 111.07 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। वहीं, इस साल रिलीज हुई ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' ने भारत के बॉक्स ऑफिस पर कुल 105.07 करोड़ रुपए कमाए थे। 'अवतार 3' से पहले कमाई के मामले में 'एफ1' टॉप पर थी। 'अवतार' फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 19 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। बताया जाता है कि इन दिनों सिनेमाघरों में फिल्म 'धुरंधर' चल रही है, जिसकी वजह से 'अवतार 3' को कम दर्शक मिल रहे हैं। 'धुरंधर' की लहर के बावजूद उम्मीद है कि 'अवतार 3' की कमाई दूसरे हफ्ते में 200 करोड़ रुपए के करीब पहुंच सकती है।



# समांथा ने शेयर की भूत शुद्धि विवाह की तस्वीरें

**नई दिल्ली।** साउथ की स्टार समांथा रुथ प्रभु की फैन फॉलोइंग बहुत तगड़ी है। फैंस उन्हें बहुत पसंद करते हैं और उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में सब जानना चाहते हैं। समांथा के लिए साल 2025 बहुत खास रहा है। अपने प्रोडक्शन हाउस से लेकर शादी करने तक समांथा की लाइफ में इस साल बहुत कुछ हुआ है। समांथा ने सोशल मीडिया पर अपनी लाइफ की 15 खास तस्वीरें शेयर की हैं। जिसे देखकर हर कोई अंदाजा लगा रहा है कि ये साल समांथा के लिए कितना खास रहा है। समांथा ने क्रिसमस की शादी को अपने बिजी साल की फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में सामंथा की शादी की अनदेखी तस्वीरें हैं। जिसमें वो दुल्हन के जोड़े में पति राज के साथ बैठी नजर आ रही हैं। एक में शरारती चेहरा बना रही हैं। समांथा की मेहंदी से लेकर क्रिसमस तक की झलक उनकी फोटोज में देखने को मिली है।



# दायरा की शूटिंग पूरी अगले साल होगी रिलीज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार की नई क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दायरा' की शूटिंग को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। जिसे खुद इस फिल्म के एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'दायरा' की निर्देशक मेघना गुलजार और अभिनेत्री करीना कपूर खान सहित एक खास तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर इसलिए खास है ,क्योंकि यह 'दायरा' के सेट से है। पृथ्वीराज ने इस शानदार तस्वीर को शेयर किया और कैप्शन में लिखा, दायरा की शूटिंग पूरी हो चुकी है। सेट की कहानी जल्द ही दुनिया भर के दर्शकों के लिए 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित फिल्म 'दायरा' की शूटिंग अब खत्म हो चुकी है। जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियोज द्वारा निर्मित यह फिल्म अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है।

## टीवी मसाला



# टीआरपी रेटिंग में पहले नंबर पर क्योंकि..2 और अनुपमा

**नई दिल्ली।** 50वें हफ्ते की टीआरपी को देखकर फैंस जरूर सरप्राइज हो जाएंगे। इस लिस्ट में इस बार नंबर पर एक ही शो है, लेकिन रेटिंग के मामले में दो टीवी शोज बराबर पर हैं। इस बार पहले नंबर पर दो शोज हैं- 'अनुपमा' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2'। वैसे देखा जाए तो ये दोनों ही शोज दर्शकों के पसंदीदा टीवी सीरियल्स में से टॉप पर रहते हैं। 50वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को नंबर वन और 'अनुपमा' को दूसरा स्थान मिला है। लेकिन, रेटिंग के मामले में दोनों को 2.0 की रेटिंग मिली है। इस बार तीसरे नंबर पर टीवी सीरियल 'तुम से तुम तक' ने अपनी जगह बना ली है। इस बार 'तुम से तुम तक' को 1.9 की रेंटिग मिली है। वहीं, इससे पहले 49वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह सीरियल पांचवें स्थान पर था। लेकिन, रेटिंग के मामले में दोनों हफ्ते बराबर हैं। इस बार चौथे नंबर पर टीवी शो 'वसुधा' ने अपनी जगह बना ली है। इस सीरियल को 1.9 की रेटिंग मिली है। जबकि पिछली बार 49वें हफ्ते की लिस्ट में 'वसुधा' सीरियल टॉप पांच की लिस्ट में शामिल ही नहीं था। इस बार पांचवे स्थान पर टीवी सीरियल 'गंगा मां की बेटियां' को जगह मिली है। इस सीरियल को इस बार 1.8 की रेटिंग मिली है। यह सीरियल भी 'वसुधा' की तरह पिछली टीआरपी रेटिंग लिस्ट में शामिल नहीं था।

## डिसऑर्डर से जूझ रही हैं नेहा

**नई दिल्ली।** सिंगर और एक्स बिग बॉस कंटेस्टेंट नेहा भसीन ने बताया था कि उन्होंने 2003 में अपना कॅरियर शुरू किया था और 2007 से ही उन्हें फैट बर्नर दिए जाने लगे थे, बिना यह सोचे कि उस कम उम्र में उन पर क्या प्रभाव पड़ेगा। वहीं, नेहा ने साल 2024 में खुलासा किया था कि वह अभी प्रीमेंस्ट्रुअल डिस्फोरिक डिसऑर्डर से जूझ रही हैं। वह टीनएज से इसका सामना कर रही हैं। नेहा भसीन के कॅरियर और स्ट्रगल की बात करें, तो 42 वर्षीय सिंगर एक परफॉर्मर भी हैं और खुद ही अपने गाने भी लिखती हैं। वह 9 साल की उम्र से गाने गा रही हैं और कई म्यूजिक वीडियोज कर चुकी हैं। हालांकि, 20 साल की उम्र में नेहा भसीन ने सुसाइड की कोशिश की थी। उन्होंने इसकी वजह भी बताई थी। नेहा भसीन ने भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में बताया था कि जब वजन 50 किलो था, तो भी उन्हें बॉडीशेम किया गया था। टीवी की स्क्रीन पर उनके पेट पर घेरा बनाकर दिखाया गया था कि उनका फैट बहुत ज्यादा है, तो इसलिए उनका म्यूजिक वीडियो रिलीज नहीं किया जा सकता।



# भारत में कई हॉलीवुड सेलेब्स ने चलाया अपना जादू

**मुंबई।** साल 2025 में भारत में कई बड़े इवेंट्स देखने को मिले। म्यूजिक कॉन्सर्ट हुए, महाकुंभ जैसा भव्य आयोजन हुआ। इन मौकों पर कई हॉलीवुड सेलेब्स भी चर्चा का विषय बने। भारतीय दर्शकों के बीच इंडियन सिनेमा से जुड़े एक्टर्स, सिंगर को लेकर जितना क्रेज है, उतना ही क्रेज हॉलीवुड सेलेब्स को लेकर भी देखा जाता है। साल 2025 में कई हॉलीवुड सेलेब्स अलग-अलग वजहों से भारत आए। कुछ सेलेब्स की तो काफी चर्चा रही।

### उदयपुर की शादी में जेनिफर ने किया परफॉर्म

हॉलीवुड की मशहूर सिंगर जेनिफर लोपेज को हाल ही में भारत में देखा गया। वह एक अमेरिकी अरबपति की बेटी (नेत्रा मंटेना) की शादी में परफॉर्म करने लिए उदयपुर आई थीं। उनकी डांस, सिंगिंग परफॉर्मेंस सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस परफॉर्मेंस के लिए जेनिफर लोपेज ने लगभग 18 करोड़ रुपए चार्ज किए थे।



### एड शीरन ने अरिजीत संग गाया सफायर सॉन्ग

*ब्रिटिश सिंगर एड शीरन इस साल दो बार भारत में चर्चा में रहे। साल की शुरुआत में उन्होंने 'मैथमेटिक्स टूर' नाम का म्यूजिक कॉन्सर्ट किया। इस म्यूजिक कॉन्सर्ट को खूब पसंद किया गया। वहीं, इसी साल एड शीरन ने एक गाना सफायर लॉन्च किया, इसमें अरिजीत सिंह ने उनके साथ गाना गया। इंग्लिश गाने में अरिजीत ने पंजाबी और हिंदी में गाना गाया था। गाने में शाहरुख खान भी दिखे। साथ ही इस गाने में भारत की शानदार झलक भी सिंगर एड शीरन ने दिखाई।*

### एकॉन ने किया म्यूजिक टूर, सिंगर संग हुई बदसलूकी

शाहरुख खान की फिल्म 'रा-वन' में 'छम्मक छल्लो'गाना गाकर भारतीय दर्शकों के बीच पॉपुलर हुए थे अमेरिकी सिंगर एकॉन। नवंबर महीने में उन्होंने 'इंडिया टूर 2025' नाम का म्यूजिक कॉन्सर्ट किया। उनके कई गाने भारतीयों को पसंद है, इसमें स्मैक दैट और लोनली जैसे गाने सबसे ज्यादा पॉपुलर रहे हैं। एकॉन ने दिल्ली, बेंगलुरू और मुंबई में परफॉर्म किया। लेकिन, बेंगलुरू में हुए कॉन्सर्ट के दौरान इस सिंगर के साथ बदसलूकी भी हुई। कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची, इससे वह असहज हो गए।

# गर्लफ्रेंड गौरी के साथ नए साल के वेकेशन पर निकले आमिर

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट, भतीजे इमरान खान और परिवार के बाकी सदस्यों के साथ आज मुंबई एयरपोर्ट पर दिखाई दिए। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आमिर परिवार समेत नए साल की छुट्टियां मनाने मुंबई एयरपोर्ट से रवाना हुए। इस वीडियो में आमिर खान इमरान खान के साथ नजर आ रहे हैं। इमरान ने एयरपोर्ट में एंट्री से पहले चाचा के साथ फोटो खिंचवाईं। आमिर कैजुअल कपड़ों में दिखाई दिए। उन्होंने पफ जैकेट पहनी हुई है, जिससे लग रहा था कि परिवार किसी ठंडी जगह (हिल स्टेशन) जा रहा है।



### दादासाहेब फाल्के की बायोपिक पर चल रहा काम

*गौरी स्प्रैट अपने बेटे के साथ एयरपोर्ट पर आमिर के साथ दिखाई दीं। आमिर की दोनों पूर्व पत्नियां रीना दत्ता और किरण राव से अच्छे संबंध हैं। रीना से शादी 1986 से 2002 तक चली। वे बचपन के दोस्त थे। रीना से उनके दो बच्चे हैं- जुनैद खान और इरा खान। किरण राव से 2005 में शादी हुई और 2021 में अलग हो गए। किरण से उनका बेटा आजाद है। आमिर की आने वाली फिल्मों में सनी देओल वाली 'लाहोर 1947' का निर्माण शामिल है। कथित तौर पर '3 इडियट्स' का सीक्वल भी बन सकता है। साथ ही दादासाहेब फाल्के की बायोपिक पर काम चल रहा है।*

## किसी के तथ्यों पर सवाल उठे, किसी पर समुदाय को लेकर हुए विरोध

# इस साल इन फिल्मों पर रहा विवाद, जमकर हुआ हंगामा

एजेंसी ⏭ मुंबई

सिनेमा के लिहाज से साल 2025 काफी खास रहा है। बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में रिलीज हुईं। रोमांटिक ड्रामा से लेकर ऐतिहासिक और एक्शन तक, अलग-अलग तरह की फिल्मों का जादू दर्शकों पर चला। मगर, कुछ फिल्में ऐसी भी रहीं, जिन्हें लेकर विवाद हुए। कुछ पर तो रिलीज से पहले जमकर हंगामा हुआ। किसी के तथ्यों पर सवाल उठे, किसी पर समुदाय को लेकर विरोध हुए।

### छावा

विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। यह 14 फरवरी 2025 को रिलीज हुई। इस फिल्म की खूब तारीफ हुई। मगर जब इसका ट्रेलर रिलीज हुआ था तो कुछ सीन के विरोध में कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए। खासकर संभाजी महाराज के डांस सीन दर्शकों को पसंद नहीं आए, जिनमें निर्माताओं को बदलाव करने पड़े।

### उदयपुर फाइल्स

फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' इस साल अगस्त में रिलीज हुई। यह फिल्म कथित तौर पर साल 2022 की कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित थी। इसे लेकर काफी विवाद हुए। इस फिल्म पर फरत फैलाने और एक समुदाय विशेष को गलत दिखाने जैसे आरोप लगे। इसकी रिलीज पर दिल्ली हाईकोर्ट ने रोक लगाई, लेकिन कानूनी लड़ाई के बाद रिलीज हुई। सेंसर बोर्ड ने इसके कई सीन्स हटाए थे।




### द ताज स्टोरी

परेश रावल अभिनीत इस फिल्म ने इस साल अक्तूबर में सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। इसकी रिलीज से पहले इसे लेकर खूब विरोध प्रदर्शन हुए। इसके तथ्यों पर सवाल उठाए गए। फिल्म पर आरोप लगे कि इसमें गलत जानकारी फैलाकर समाज में तनाव पैदा कर सकती है। इसके खिलाफ कोर्ट में कई याचिकाएं दायर हुई थीं।

### द बंगाल फाइल्स

विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर खूब विवाद हुए। इस फिल्म के ट्रेलर रिलीज के दौरान तो जमकर हंगामा हुआ था। यह फिल्म 05 सितंबर 2025 को रिलीज हुई। यह 1946 की हिंसा पर आधारित है। इसे लेकर मेकर्स पर पॉलिटिकल एजेंडा फैलाने के आरोप लगे। पश्चिम बंगाल में इसकी रिलीज पर रोक लगी और कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए।




### इमरजेंसी

इस साल 17 जनवरी को कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज हुई। इसमें अभिनेत्री और भाजपा सांसद पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की भूमिका में दिखीं। उनकी इस फिल्म पर काफी विवाद हुआ। इस फिल्म के निर्देशन की कमान खुद कंगना ने संभाली। यह फिल्म 1975 में लगे आपातकाल पर आधारित थी। फिल्म पर ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर दिखाने के आरोप लगे। सिख संगठनों ने समुदाय की गलत छवि दिखाने का दावा किया। जनवरी में आने से पहले 'इमरजेंसी' की रिलीज कई बार टली थी।

### जाट

अभिनेता सनी देओल और रणदीप हुड्डा की 'जाट' इस साल अप्रैल में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के एक चर्च सीन को लेकर ईसाई समुदाय ने नाराजगी जाहिर की थी। फिल्म पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा। शिकायत दर्ज हुई और विरोध के बाद मेकर्स ने विवादित सीन हटा दिया।

### फुले

इस फिल्म में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा लीड रोल में नजर आए। फिल्म 25 अप्रैल को थिएटर्स में लगी थी। ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले की बायोपिक में ब्राह्मण समुदाय को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगा। कई जगह ब्राह्मण संगठनों ने विरोध किया। इस फिल्म की रिलीज टली और सेंसर बोर्ड ने कई कट्स लगाए। इसके बाद रिलीज को हरी झंडी मिली।

# मुख्यमंत्री ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को नमन कर अर्पित की पुष्पांजलि

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में लगाई प्रदर्शनीः सीएम डॉ. यादव ने कहा, अटलजी ने राष्ट्र के लिए समर्पित किया अपना पूरा जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा दफ्तर में जमकर जश्न मना कर उन्हें याद किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 101 जन्मोत्सव पर पूरा देश उनके योगदान को याद कर रहा है। बहुत ही सादगी के साथ उन्होंने जीवन जिया है। उन्होंने बाल्यकाल से लेकर अपनी एक पहचान बनाई। राष्ट्र के लिए पूरा जीवन दे दिया। अटलजी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक की भूमिका निभाते रहे। लोकनायक और जननायक की भूमिका में भी अटल को याद किया जाएगा।


पूर्व पीएम अटलजी को नमन करते सीएम डॉ. यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल, मंत्री सारंग और सासंद शर्मा समेत भाजपा पदाधिकारी।

## अटलजी की बात इतिहास में दर्ज हैः खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि अटलजी की कही गई हर बात इतिहास में दर्ज है। आज के दिन हम सब उनको याद कर रहे हैं। वह स्पष्टवादी नेता थे। उनके बताए गए बातों पर हर नागरिक चलेगा। जियो और जीने दो के सिद्धांत को हम लागू कर रहे हैं। पोखरण में परमाणु विस्फोट करके दिखाने वाला मामला हो या फिर पाकिस्तान से दोस्ती बढ़ाने का मामला हो, अटलजी को इन तमाम विषयों के लिए याद किया जाएगा।


प्रदर्शनी में अटलजी की तस्वीरों को देखते सीएम समेत भाजपा पदाधिकारी।

## जिलाध्यक्ष यति, सांसद शर्मा ने अटलजी की जयंती पर नमन कर अर्पित की श्रद्धांजलि

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर भाजपा जिला भोपाल द्वारा शौर्य स्मारक चौराहा, एमपी नगर स्थित अटलजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि अटलजी राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतीक थे। उनका संपूर्ण जीवन देश की एकता, अखंडता और विकास को समर्पित रहा। अटलजी के विचार आज भी देश को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा को महात्मा गांधी से चिढ़ क्यों: पटेल

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पूर्व पंचायत मंत्री कमलेश्वर पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के नाम बदलने को लेकर कहा कि यह केवल नाम बदलने की राजनीति नहीं, बल्कि महात्मा गांधी और भगवान राम दोनों के नाम का राजनीतिक दुरुपयोग है। पटेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पंचायत विभाग में महात्मा गांधी ग्राम सेवा केंद्र शुरू किया था, लेकिन भाजपा सरकार ने उसका नाम बदलकर अटल ई-सेवा केन्द्र कर दिया। कमलेश्वर ने पूछा कि भाजपा को महात्मा गांधी से इतनी चिढ़ क्यों है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, जिसे 2005 में यूपीए सरकार ने लागू किया था, उसका नाम बदलकर जीरामजी कर दिया गया। उन्होंने सरकार को चुनौती देते हुए कहा- आपने जो नाम रखा है, उसका पूरा नाम बताइए। आधा-अधूरा नाम रखकर जनता को गुमराह क्यों किया जा रहा है।

### कांग्रेस ने लिया सरकार बनाने का संकल्प



**भोपाल।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना के निर्देश पर कोलार कांग्रेस कमेटी द्वारा वार्ड 81 के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक कान्हाकुंज कम्युनिटी हॉल में आयोजित की गई। बैठक में नवनियुक्त ब्लॉक कोलार कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता, मंडलम अध्यक्ष, सेक्टर सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर अन्याय के विरोध में लड़ने का निर्णय लेकर वर्ष 2028 में कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लिया। राहुल सिंह राठौड़ ने बताया कि बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हो रहे अन्याय के विरोध में पूरी ताकत से सरकार के विरोध में लड़ाई लड़ी जाएगी और आमजनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए नगर निगम और जिला प्रशासन के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। आम जनता की समस्याओं का निराकरण करने कोलार कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सभी वार्ड एवं हर बूथ पर जाएंगे। राठौर ने बताया कि शनिवार को वार्ड 82 में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### नाथ ने 27 लाख किसानों के आंकड़े किए जारी

**भोपाल।** एमपी के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने बुधवार को भोपाल में सहकारी बैंकों की खराब आर्थिक स्थिति को लेकर पूछे गए सवाल पर कमलनाथ सरकार की किसान कर्जमाफी को जिम्मेदार बताया था। सारंग ने कहा था कि 15 महीने की कांग्रेस सरकार में किसानों के ऋण माफी की फर्जी योजना लागू की गई। मंत्री विश्वास के बयान पर पूर्व सीएम कमलनाथ ने कर्जमाफी के जिलेवार आंकड़े शेयर करते हुए पलटवार किया। कमलनाथ ने एक्स पर लिखा कि भाजपा सरकार के मंत्री विश्वास ने मेरी सरकार के दौरान हुई किसान कर्ज माफी को लेकर झूठ बोला है। इसके लिए उन्हें जनता से माफी मांगनी चाहिए। सच्चाई यह है कि कांग्रेस सरकार में मैंने सबसे पहला काम किसानों की कर्जमाफी का किया था। कांग्रेस सरकार ने दो चरणों में 26, 95, 381 किसानों का 11,646.96 करोड़ रुपया का कर्ज माफ किया।

### केंद्र सरकार की ओर से प्रारंभ की जा रही हैं वृहद स्तर पर प्रयोगशालाएं

# विंध्य के किसानों के लिए बनेगा मार्गदर्शक बसामन मामा प्राकृतिक खेती प्रकल्पः शाह

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि बसामन मामा प्राकृतिक खेती प्रकल्प विंध्य के किसानों के लिए मार्गदर्शक बनेगा। रीवा में बसावन मामा गोवंश वन्य विहार के रूप में अनुकरणीय प्रकल्प तैयार किया गया है। यहां गोबर से बने खाद से प्राकृतिक खेती की जा रही है। एक एकड़ में सवा लाख रुपए की आय देने का यह प्रयोग छोटे किसानों को बड़ा लाभ प्रदान करेगा। किसान इस मॉडल को अपनाएंगे तो उनकी आय बढ़ेगी।

राज्य सरकार प्रगतिशील किसानों को इस परंपरागत मॉडल से अवगत कराने के लिए उनका भ्रमण कराए। शाह रीवा में बसामन मामा गो वन्य विहार अभयारण्य में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का शुभारंभ कर कृषक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केन्द्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री शाह के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश के किसानों की आय को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा समन्वित तरीके से सतत समग्र प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दूध के उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक किया जाएगा। शाह और डॉ. यादव ने हितग्राहियों को हितलाभ एवं संकल्प पत्रों को वितरण किया।

### शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता से किसानों की बढ़ा रहे हैं आय

**शाह और डॉ. यादव ने रीवा में कृषक सम्मेलन को किया संबोधित**


केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रीवा सेमरिया में कृषक सम्मेलन को संबोधित किया।

### पीपल के पौधे रोपित करने का संकल्प लें: केंद्रीय गृह मंत्री

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि प्रकृति की अनेक प्रकार से सेवा हो सकती है। हमें बसावन मामा की स्मृति में पीपल के पौधे रोपित करने का संकल्प लेना चाहिए। दुनिया से चले जाने के बाद भी यह पीपल वृक्ष लोगों को ऑक्सीजन देता रहेगा। पीपल का वृक्ष लगाना पुण्य कार्य है, जिसमें स्वयं भगवान विष्णु का वास होता है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में प्राकृतिक खेती का बड़ा बाजार है। आर्गेनिक अनाज खाने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है। भूमि परीक्षण से सर्टिफिकेशन, उपज का परीक्षण, बेहतर पैकेजिंग और मार्केटिंग किसानों को उपज का बेहतर मूल्य दिलाएंगी। हम किसानों की आय को बढ़ाने के लिए समुचित प्रयास प्राथमिकता से कर रहे हैं।

### रासायनिक खाद और बढ़ते कीटनाशकों के प्रयोग पर चिंता, प्राकृतिक खेती के लिए किया प्रेरित

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि एक देशी गाय से 21 एकड़ रकबे में प्राकृतिक खेती होती है। किसान ही अन्नदाता है। अन्नदाता को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करने के साथ ही प्रोत्साहित करने के समग्र प्रयास हम सबको समन्वित तरीके से करना है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अनाज के उत्पादन में रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग के कारण कई तरह की बीमारियां बढ़ रही हैं। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि हम सभी प्राकृतिक के संवर्धन में अपना योगदान दें। मैंने स्वयं अपने खेतों में प्राकृतिक खेती को अपनाया है।



### प्राकृतिक खेती के लिए सहभागिता करने का आह्वान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषकों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि बसावन मामा गोवंश वन्य विहार के भ्रमण के दौरान केंद्रीय मंत्री शाह द्वारा 35 साल पहले गुजरात में जैविक खेती संवर्धन के लिए जानकारी मिली। राज्य सरकार इसे आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं रखेगी। केंद्रीय मंत्री शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता से किसानों की आय बढ़ाई जा रही है।

### 9 हजार से अधिक गोमाताओं ने शाह को बुलाया

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि गोशाला की 9 हजार से अधिक गोमाताओं ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को बुलाया है। गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। गोमाता के गोबर से खाद बनाकर प्राकृतिक खेती की जा सकती है। जब धरती माता और नागरिक स्वस्थ होंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर और समृद्ध होगा। वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर रीवा में कृषक और सहकारिता सम्मेलन का आयोजन स्व वाजपेयी के रीवा के प्रति लगाव के लिये सच्ची श्रद्धांजलि है।



### हिंदी विवि का दीक्षांत समारोह में स्नातक 60 स्नातकोत्तर 68 अनुपस्थित 42 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने की घोषणा


छात्र को उपाधि प्रदान करते राज्यपाल पटेल।

# सत्य बोलना और धर्म पालन के मूल्य ही वास्तविक पूंजी : पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सत्य बोलने और धर्म का पालन करने वाले को जीवन में कोई दिक्कत नहीं होती है। उन्होंने कहा कि यह जीवन मूल्य ही व्यक्ति की वास्तविक पूंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर स्थापित विश्वविद्यालय के विद्यार्थी होने का सौभाग्य मिला है। भावी जीवन में माता-पिता, गुरुजन, समाज और राष्ट्र की सेवा का भाव कम नहीं होने दीजिएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा की है कि वे विश्वविद्यालय से प्राप्त संस्कारों और अनुभवों से वंचित वर्गों और पीड़ित मानवता की सेवा का कार्य निरन्तर करते रहेंगे।

पटेल गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेशन सेंटर में आयोजित अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। दीक्षांत अवसर पर स्नातक के 60, स्नातकोत्तर के 68 और अनुपस्थित 42 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में मप्र के प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति के अध्यक्ष रविन्द्र कन्हारे ने कहा कि वह अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व के गुणों से प्रेरणा लें।

### हिन्दी को वैश्विक संवाद का माध्यम माना

हिन्दी विवि के पूर्व कुलपति पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति अध्यक्ष प्रोफेसर मोहनलाल छीपा ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने हिन्दी को केवल साहित्य की भाषा नहीं माना। हिन्दी को ज्ञान-विज्ञान शासन और वैश्विक संवाद का माध्यम माना। हिन्दी विश्वविद्यालय का भी यही उद्देश्य है। उन्होंने विश्वविद्यालय की आवश्यकताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की उपाधि समाज के प्रति दायित्व की घोषणा है। विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि वह ज्ञान को जन भाषा में और जन भाषा को ज्ञान में उतारने को संकल्प बनाएं। कुलगुरु देव आनन्द हिण्डोलिया ने बताया कि विवि भारतीय शिक्षा मूल्यों के साथ हिन्दी के उत्थान के लिए समर्पित है। उन्होंने विद्यार्थियों को दीक्षांत शपथ ग्रहण कराई। आभार प्रदर्शन कुलसचिव शैलेन्द्र कुमार जैन ने किया।

### लगभग 10-12 दिन पहले घर से हुआ था लापता

# गुमशुदा बुजुर्ग का संदिग्ध हालत में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत वैशाली नगर खम्हरिया निवासी 55 वर्षीय चैतराम यादव का शव कुसमुंडा खदान से लगे बरपाली क्षेत्र में मिला है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग बीते लगभग 10 से 12 दिन से लापता था, परिजन अपने स्तर पर उसकी खोजबीन कर रहे थे।

पुलिस में भी सूचना दी गई थी। इस दौरान कुछ लोगों ने बुजुर्ग का शव बीते शनिवार को कुसमुंडा खदान से लगे खोडरी बरपाली से खदान जाने वाले रास्ते में देखा। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों को भी सूचना दी गई। विकास नगर स्थित अस्पताल के मर्चुरी में रखवाया गया है। प्रथम दृष्टया ठंड से अकड़ कर मौत होना बताया जा रहा है। वहीं, शव देखने से यह आशंका जताई जा रही है कि बुजुर्ग की मौत हाल में ही हुई है। हालांकि जांच उपरांत मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा। वहीं, परिजनों का कहना है कि वे अक्सर इस तरह से कई बार घूमने निकल जाया करते थे।

### संकरी सड़क पर भिड़े थे बाइक और ट्रैक्टर, पुलिस जांच जारी

# सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत, एक गंभीर

**भाजपा नेता ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने की बनाई व्यवस्था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

दोपहर करीब 3:00 बजे सनवाल क्षेत्र में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद वाड्रफनगर अस्पताल से रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सनवाल के तीन युवक बाइक से डिंडो की ओर से सनवाल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान डिंडो हाई स्कूल के सामने, विमलापुरम-सनवाल मार्ग से आ रहे एक ट्रैक्टर से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटनास्थल पर सड़क के एक ओर रेत व गिट्टी तथा दूसरी ओर धान का पुवाल रखा होने के कारण सड़क संकरी हो गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। हादसा इतना भीषण था कि हेलमेट के भी टुकड़े-टुकड़े हो गए थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी समय मार्ग से गुजर रहे भाजपा नेता कृपाल कुशवाहा ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए घायलों को पिकअप वाहन से तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था बनाई। अस्पताल में चिकित्सकों ने सुखलेश एवं राजनाथ को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल शंख लाल को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है।



### एक का 20 किलो एवं दूसरे का 5 किलो था वजन

# सुरक्षा बलों ने बरामद किए दो आईईडी, कर दिए नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले में माओवादी विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे एरिया डॉमिनेशन ऑपरेशन के दौरान बड़ी साजिश को नाकाम किया गया है। सीआरपीएफ की 214वीं वाहिनी की टीम एफओबी कांडलापर्ती-2 से क्षेत्र में गश्त एवं सर्च ऑपरेशन के लिए निकली थी।

अभियान के दौरान डिमाइनिंग कार्रवाई करते हुए 214वीं वाहिनी की बीडीडी टीम ने 20 किलोग्राम एवं 5 किलोग्राम वजन के दो आईईडी बरामद किए। इसके अतिरिक्त, काले तिरपाल में लिपटे एक कंटेनर से 110 नग सुतली बम (पटाखा) भी जब्त किए गए। बरामद किए गए दोनों आईईडी को बीडीडी टीम द्वारा मौके पर ही सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर नष्ट कर दिया गया।



### ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में मध्यप्रदेश अव्वलः केंद्रीय मंत्री सिंधिया

# मध्यप्रदेश लघु एवं कुटीर उद्योग में बनने जा रहा देश का कॉटेज इंडस्ट्री हब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर गुरुवार को ग्वालियर में आयोजित अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह मध्यप्रदेश के अभ्युदय का समय है। ग्वालियर की धरती से आज प्रदेश के विकास को एक गति मिली है। उन्होंने ग्वालियर आए निवेशकों एवं उद्योगपतियों से कहा कि यह प्रदेश का प्रवेश द्वार है। स्व. अटल जैसे मूर्धन्य राजनेता देने वाले इस शहर ने देश और दुनिया को नई सोच और नए विचार दिए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने समिट में प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि देश में सुरक्षा, राष्ट्रीय एकता और कानून व्यवस्था को वैश्विक स्तर पर सराहना मिली है। नक्सलवाद और आतंकवाद के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि वाजपेयी दूरदृष्टा नेता थे। उनके लिए राजनीति सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि परिवर्तन और राष्ट्र सेवा का साधन थी। उनका जीवन संघर्ष, संवेदनशीलता और सिद्धांतों का अद्भुत संगम रहा है।


प्रदर्शनी का अवलोकन करते केंद्रीय मंत्री शाह, सिंधिया, सीएम डॉ. यादव, विस अध्यक्ष तोमर।

### औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी: विस अध्यक्ष तोमर

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि इस अवसर पर जिले की औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन का कार्य संपन्न हो रहा है, जो क्षेत्र के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। साथ ही ग्वालियर द्वारा वर्ष 1905 से आयोजित होने वाले ऐतिहासिक ग्वालियर मेले का शुभारंभ भी किया गया है, जो स्थानीय परंपरा और आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है। तोमर ने कहा कि आज के दिन अटल म्यूजियम का लोकार्पण होना गौरव की बात है। यह म्यूजियम श्रद्धेय अटल की स्मृतियों, विचारों और सार्वजनिक जीवन की झलक को संजोए हुए हैं।

### आज का दिन इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा: खंडेलवाल

वरिष्ठ विधायक एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि आज का दिन क्षेत्र के इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर इस कार्यक्रम का आयोजन अपने आप में विशेष महत्व रखता है।

### आगे की कार्रवाई में जुटी वन विभाग की टीम

# ग्रामीण को हाथी ने कुचला मौके पर हुई दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में कल शाम गाय-भैस चराकर वापस अपने घर लौट रहे अधेड़ ग्रामीण को हाथी ने कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ वन मंडल के अंतर्गत आने वाले बोरो रेंज के खम्हार उत्तर बीट में कल शाम साढ़े 5 बजे के आसपास गाय-भैंस चराकर वापस घर लौट रहे ग्रामीण लोकनाथ यादव 55 साल का एक जंगली हाथी से अचानक सामना हो गया, जिसके बाद हाथी ने ग्रामीण को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि बोरो रेंज के खम्हार बीट में 10 हाथियों का दल विचरण कर रहा है।



## चिंतन

# गंभीर प्रदूषण में साफ हवा, सबका अधिकार

वायु प्रदूषण ने लोगों की समस्या बढ़ा दी है। लोग जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं। इससे महिलाएं, बच्चे, बूढ़े और जवान हर कोई परेशान है। प्रदूषण के कारण कई गंभीर बीमारियां लोगों को घेर रही हैं। अब नया विवाद बढ़ा है एयर प्यूरीफायर पर 18 फीसदी जीएसटी को लेकर। इसे दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है, क्योंकि गंभीर प्रदूषण के समय यह लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बन गया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि जब सरकार शुद्ध हवा उपलब्ध नहीं करवा सकती तो एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी क्यों लगाया जा रहा है। याचिकाकर्ता इसे मेडिकल डिवाइस मानकर जीएसटी घटाकर 5% करने की मांग कर रहे हैं, ताकि आम आदमी इसे खरीद सके, जबकि केंद्र सरकार जीएसटी काउंसिल के अधिकार क्षेत्र का हवाला दे रही है, जिससे साफ हवा के अधिकार और सरकारी जवाबदेही पर बहस छिड़ गई है। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि अगर आप स्वच्छ हवा नहीं दे सकते, तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी तो कम कर सकते हैं। अदालत ने कहा कि एयर प्यूरीफायर को विलासिता की वस्तु नहीं माना जा सकता है, खासकर जब दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक हो। चूंकि देश के हर नागरिक को स्वच्छ हवा का अधिकार है और एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने से लोगों को स्वच्छ हवा प्राप्त करने में मदद मिलेगी। दिल्ली-एनसीआर और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक है। एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने से लोगों को प्रदूषण से बचने में मदद मिलेगी। सरकार को लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए और एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने के लिए कदम उठाने चाहिए। इससे लोगों को गंभीर प्रदूषण से कुछ राहत मिलेगी। बता दें कि भारत में वायु प्रदूषण का 51% औद्योगिक प्रदूषण, 27% वाहनों से, 17% फसलों को जलाने से और 5% अन्य स्त्रोतों से होता है। वायु प्रदूषण के कारण प्रतिवर्ष 20 लाख भारतीयों की असमय मृत्यु हो जाती है। वहीं, दुनिया की बात करें तो हर साल प्रदूषण से 35 लाख से अधिक लोगों की जान चली जाती है। प्रदूषण इस समय भारत ही नहीं, दुनिया के लिए एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में वायु प्रदूषण कोविड-19 महामारी के बाद सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट बन चुका है। आने वाले सालों में प्रदूषण से लोगों की सेहत और देश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर लंबे समय तक असर पड़ेगा। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल और ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या हर साल और गंभीर होती जाएगी। पिछले 10 सालों में हृदय रोगों में बढ़ोतरी को अक्सर मोटापे से जोड़ा गया, लेकिन इसमें कारों और विमानों से निकलने वाले जहरीले तत्वों की बड़ी भूमिका है। इंग्लैंड स्थित लिवरपूल में कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट और भारत सरकार की कोविड-19 एडवाइजरी कमेटी के पूर्व सदस्य मनीष गौतम ने कहा कि वायु प्रदूषण पर सरकार का नया फोकस जरूरी है, लेकिन इसमें काफी देरी हो चुकी है। प्रदूषण को लेकर तमाम देश प्रयास कर रहे हैं, कई बार सम्मेलन भी हो चुके हैं, लेकिन अब तक सभी प्रयास नाकाफी साबित हुए हैं। प्रदूषण एक विनाशकारी समस्या है जो हमारे अस्तित्व को खतरे में डाल रही है। इसे रोकने के लिए सरकार, उद्योग और प्रत्येक नागरिक को मिलकर काम करना होगा। स्वच्छ हवा, पानी और स्वस्थ पृथ्वी हमारी जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित और सुखी जीवन जी सकें।


## मिर्जा गालिब

शवेता गोयल



# कलम का जादूगर, जो वक्त की बेड़ियों में न बंध सका

दिल्ली की पुरानी गलियों में आज भी अगर ध्यान से सुना जाए तो कहीं न कहीं एक ठहरी हुई उदासी, एक बगावती मुस्कान और एक गहरी दार्शनिक आहट सुनाई देती है। यह आहट मिर्जा गालिब की है। 27 दिसंबर 1797 को आगरा के काला महल में जन्मे मिर्जा असदउल्लाह बेग खान, जिन्हें दुनिया 'गालिब' के नाम से जानती है, केवल एक शायर नहीं थे बल्कि अपने समय की विडंबनाओं, मनुष्य की टूटन, प्रेम की असफलताओं और जीवन की तल्ख सच्चाइयों के सबसे प्रखर गवाह थे। उनकी शायरी पढ़ते हुए ऐसा लगता है, मानो शब्द नहीं बल्कि अनुभव बोल रहे हों; मानो हर शेर के पीछे कोई टूटी हुई उम्मीद, कोई अधूरी मोहब्बत या कोई असह्य सच खड़ा हो। गालिब की जिंदगी स्वयं एक लंबी गजल थी, कभी उसमें दुख झलकता था, कभी संघर्ष की कहानी सुनाई देती थी। बचपन में ही पिता का साया उठ जाना, फिर कम उम्र में विवाह, संतान-सुख का अभाव और आर्थिक असुरक्षा, इन सबने उनके व्यक्तित्व को भीतर तक झकझोर दिया। सात संतानें हुई लेकिन नियति ने एक को भी उनके पास नहीं छोड़ा। यह निजी त्रासदी कभी दर्द बनकर, कभी दर्शन बनकर उनकी शायरी में बार-बार लौटती है। गालिब का दुख रोना नहीं बनता, वह सवाल बनता है जिंदगी से, खुदा से और खुद से भी। भाषा के स्तर पर गालिब का प्रयोग अपने आप में क्रांतिकारी था। वे मूलतः फारसी के शायर थे और फारसी को ही श्रेष्ठ मानते थे लेकिन उर्दू में उन्होंने जो



रचा, उसने उर्दू को नई ऊंचाइयां दी। उनकी उर्दू में फारसी की गहराई है, दर्शन की जटिलता है और अनुभूति की तीव्रता है। यही कारण है कि उनकी शायरी पहली नजर में कठिन लगती है लेकिन जैसे-जैसे पाठक उसमें उतरता है, वह अपनी ही जिंदगी के सवालों से रूबरू होने लगता है। गालिब किसी आसान दिलासा के शायर नहीं हैं बल्कि वे सोचने पर मजबूर करते हैं। दिल्ली गालिब की रचनात्मक आत्मा का सबसे बड़ा मंच रही। किशोरावस्था में ही वे दिल्ली आ गए थे और यहीं उनकी शायरी ने आकार लिया। मुगल दरबार में उनकी मौजूदगी केवल एक दरबारी शायर की नहीं थी बल्कि एक स्वतंत्र चेतना की थी। आखिरी मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर स्वयं शायर थे और गालिब की प्रतिभा को पहचानते थे। दरबार में उन्हें सम्मान मिला, खिताब मिले लेकिन गालिब का स्वभाव किसी भी सत्ता के आगे पूरी तरह झुकने का नहीं था। वे अपनी शर्तों पर जीने वाले फनकार थे, थोड़े बेपरवाह, थोड़े विद्रोही और पूरी तरह ईमानदार। 1857 का विद्रोह गालिब की जिंदगी में निर्णायक मोड़ लेकर आया। दिल्ली उजड़ गई, मुगल साम्राज्य का अंत हो गया और गालिब की आर्थिक रीढ़ भी टूट गई। जो पेंशन और संरक्षण उन्हें दरबार से मिलता था, वह एक झटके में खत्म हो गया। यह दौर उनकी जिंदगी का सबसे कठिन समय था लेकिन इसी समय उनकी शायरी में वह तीखापन आया, जिसने उन्हें 'आम आदमी का शायर' बना दिया। भूख, तंगी और अपमान के बीच लिखे गए उनके शेर किसी व्यक्तिगत पीड़ा तक सीमित नहीं रहे बल्कि वे पूरे समाज की टूटन का बयान बन गए। गालिब का व्यक्तित्व जितना जटिल था, उतना ही मानवीय भी। शराब और जुए की आदतें, जेल जाना, आर्थिक बदहाली, ये सब उनकी छवि के ऐसे पहलू हैं, जिन्हें अक्सर नैतिकता के चश्मे से देखा गया। लेकिन गालिब को समझने के लिए उस नैतिकता से बाहर आना पड़ता है। वे अपने दोषों को छिपाते नहीं थे बल्कि उन्हें स्वीकार करते थे। यही स्वीकार्यता उन्हें आधुनिक बनाती है। गालिब की शायरी प्रेम की भी है लेकिन वह पारंपरिक इश्क नहीं है। उनके यहाँ मोहब्बत आदर्श नहीं, अनुभव है जिसमें चाहत है, धोखा है, तड़प है और आत्म-संघर्ष भी है। उनका प्रेम ईश्वर तक पहुंचता है, फिर उससे सवाल करता है और अंततः मनुष्य की सीमाओं पर आकर ठहर जाता है। इसीलिए गालिब आज के युवा को भी उतने ही अपने लगते हैं, जितने अपने समय में थे। 1954 में बनी फिल्म मिर्जा गालिब ने उनके जीवन और संघर्ष को परदे पर उतारा, जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। बाद में 1988 में गुलजार द्वारा निर्मित टीवी श्रृंखला मिर्जा गालिब ने उनकी शायरी और व्यक्तित्व को घर-घर पहुंचा दिया। इन प्रस्तुतियों ने यह साबित किया कि गालिब किसी एक युग के नहीं हैं बल्कि वे हर युग में नए अर्थों के साथ लौटते हैं। गालिब आज भी इसलिए जिंदा हैं क्योंकि उन्होंने मनुष्य को उसके पूरे सच के साथ देखा, बिना सजावट, बिना झूठे दिलासे के और यही गालिब की अमरता है।

(लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी


# एआई का ग्लोबल हब बनता भारत

वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि नए वर्ष 2026 में भारत एआई के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ेगा और भारत में फरवरी 2026 में आयोजित होने वाले एआई इंपैक्ट समिट से भारत का एआई बाजार और ऊंचाई लेगा। हाल ही में प्रकाशित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल आर्टिफिशियल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स में भारत को तीसरी रैंकिंग दी गई है। इस रैंकिंग में पहले स्थान पर अमेरिका और दूसरे स्थान पर चीन है। उम्मीद करें कि देश के तकनीकी और प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान देश को 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के मद्देनजर नई पीढ़ी को एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

इन दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर प्रकाशित हो रही वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि नए वर्ष 2026 में भारत एआई के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ेगा और भारत में फरवरी 2026 में आयोजित होने वाले एआई इंपैक्ट समिट से भारत का एआई बाजार और ऊंचाई लेगा। हाल ही में प्रकाशित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल आर्टिफिशियल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स में भारत को तीसरी रैंकिंग दी गई है। इस रैंकिंग में पहले स्थान पर अमेरिका और दूसरे स्थान पर चीन है। 2023 में भारत सातवें स्थान पर था। खास बात यह है कि इस रैंकिंग में भारत को यूके और दक्षिण कोरिया जैसे उच्च तकनीकी वाले देशों से आगे रखा जाना इस बात का प्रतीक है कि भारत एआई के क्षेत्र में नई उभरती हुई शक्ति और एआई का ग्लोबल हब हुए दिखाई दे रहा है।

गौरतलब है कि 10 दिसंबर को विश्व प्रसिद्ध अमेरिका की दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी एमेजोन ने 2030 तक भारत में एआई को लेकर 35 अरब डॉलर के नए निवेश करने का ऐलान किया है। इसके एक दिन पहले 9 दिसंबर को माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में 17.5 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया था। ये कंपनी द्वारा पूरे एशिया में अभी तक का सबसे बड़ा निवेश होगा। इनके अलावा पिछले दो महीनों में गूगल और टीपीजी ने भी भारत में 16 अरब डॉलर निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिका की वैश्विक वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधक कंपनी ब्रुकफील्ड ऐसेट मैनेजमेंट ने मुंबई के पवई में एशिया का सबसे बड़ा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) बनाने पर एक अरब डॉलर का निवेश किए जाने का ऐलान किया है।

एआई को लेकर नई निवेश प्रतिबद्धताओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब एआई की बात आती है तब दुनिया भारत को लेकर आशावादी है। भारत के युवा ऐसे एआई निवेश का फायदा उठाकर नवाचार करेंगे और एआई की शक्ति का उपयोग आर्थिक और सामाजिक विकास में करेंगे। इस समय भारत में एआई पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से विस्तार कर रहा है। फॉर्च्यून बिजनेस इनसाइट्स के मुताबिक भारत में एआई का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। जहां वर्ष 2025 में भारत का एआई बाजार 13.05 अरब डॉलर मूल्य की ऊंचाई पर रहा है, वहीं यह बाजार आकार 2032 में 130.63 अरब डॉलर मूल्य का अनुमानित है। भारत में प्रौद्योगिकी और एआई पारिस्थितिकी तंत्र में 60 लाख से अधिक लोग कार्यरत हैं। देश में 1,800 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र हैं, जिनमें 500 से अधिक एआई पर केंद्रित हैं। भारत में लगभग 1.8 लाख स्टार्टअप हैं, और पिछले वर्ष शुरू किए गए नए स्टार्टअप में से लगभग 89 फीसदी ने अपने उत्पादों या सेवाओं में एआई का उपयोग किया है। एआई अपनाने वाले अग्रणी क्षेत्रों में औद्योगिक और ऑटोमोटिव, उपभोक्ता वस्तुएं और खुदरा क्षेत्र, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं तथा बीमा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र शामिल हैं। ये सभी मिलकर एआई के कुल मूल्य में लगभग 60 प्रतिशत का योगदान करते हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि दुनिया का 16 फ़ीसदी एआई टैलेंट भारत के पास है और भारत अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है। भारत में अभी 6 लाख से अधिक एआई प्रोफेशनल्स हैं। इनकी संख्या वर्ष 2027 तक तेजी से बढ़कर 12.5 लाख पर पहुंच




जाने की उम्मीद है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि गूगल की एआई अवसर एजेंडा नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समय भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, तकनीकी प्रतिभा और जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के चलते भारत एआई से लाभान्वित होने की बेहतर स्थिति में है। भारत में एआई प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने से उत्पादकता में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। अब उद्योग, कृषि, स्वास्थ्य, सर्विस सेक्टर तथा अन्य क्षेत्रों में एआई के अधिक उपयोग से भारत को 2030 तक 33.8 लाख करोड़ का आर्थिक लाभ हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई के प्रति एक व्यापक और जिम्मेदार दृष्टिकोण भारत में महत्वपूर्ण आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति को संभव बना सकता है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत जैसे-जैसे रणनीतिक रूप से एआई के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भारत की नई पीढ़ी एआई कामों में लगातार अपना योगदान बढ़ा रही है। 26 दिसंबर को ओपन एआई के सीईओ सैम आल्ट मैन ने कहा कि कहा कि अब ऊंचे वेतन वाली नई नौकरियां सिर्फ एआई पेशेवरों को मिलते हुए दिखाई देंगी। उनके मुताबिक एआई के लिए दुनिया में भारत दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। गुगल के सीईओ सुंदर पिचाई के मुताबिक भारत एआई के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के मुताबिक भारत की गणित में दक्ष नई पीढ़ी के लिए एआई के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने राष्ट्रीय, श्रम शक्ति नीति 2025 के मसौदे के तहत स्वीकार किया है कि भारत का श्रम बाजार ढांचागत बदलाव से गुजर रहा है और अब एआई और नए कौशल विकास पर जोर देना जरूरी है। नीति आयोग की रिपोर्ट रोडमैप फॉर जॉब क्रिएशन इन द एआई इकोनॉमी 2025 के मुताबिक एआई के बढ़ते प्रभाव से जहां 2031 तक बड़ी संख्या में पारंपारिक नौकरियां खत्म हो सकती हैं, वहीं एआई से जुड़ी करीब 40 लाख नई नौकरियां निर्मित होते हुए दिखाई देंगी। जहां भारत की नई पीढ़ी के लिए देश में एआई से जुड़ी नौकरियाँ बढ़ रही हैं, वहीं एआई स्किल्स से प्रशिक्षित भारतीय युवाओं के लिए विदशों में भी मौके बढ़ रहे हैं। निश्चित रूप से देश की नई पीढ़ी के लिए एआई आधारित नौकरियों के बढ़ते अवसरों के बीच नई पीढ़ी को एआई पेशेवर के रूप में सुसज्जित करने की बड़ी चुनौती भी सामने खड़ी हुई है।

अगर इस परिप्रेक्ष्य में तुरंत कदम नहीं उठाए गए, तो भारत न केवल दूसरे देशों से एआई प्रतिभा के क्षेत्र में पीछे हो जाएगा, बल्कि एआई से होने वाले बहुआयामी विकास में भी पिछड़ जाएगा। ऐसे में हमें देश की नई पीढ़ी को एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। यह सराहनीय कदम है कि शिक्षा मंत्रालय ने नई पीढ़ी को प्रारंभिक स्तर से ही भविष्य की तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जोड़े जाने के मद्देनजर आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से देशभर के सभी स्कूलों में तीसरी कक्षा से ही एआई पढ़ाने का फैसला किया है। साथ ही माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि हैदराबाद स्थित उसका 'इंडिया साउथ सेंट्रल क्लाउड रीजन' साल 2026 के मध्य में शुरू हो जाएगा, जिसका कुल आकार लगभग दो ईडन गार्डन स्टेडियम के बराबर है। उम्मीद करें कि स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी इंडेक्स में आगामी वर्ष में भारत तीसरी रैंकिंग से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। देश के तकनीकी और प्रौद्योगिकी शिक्षण संस्थान देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के मद्देनजर नई पीढ़ी को एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## भक्ति करने से चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है



संकलित

दर्शन

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी। वेदांत दर्शन ने द्वैत की सीमाओं को पार किया और अद्वैत के सत्य को बताया, जो अच्छे और बुरे से परे है।

## गुरु की सीख से बड़ी से बड़ी मुश्किलें होती है दूर



संकलित

प्रेरणा

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

## श्याम महोत्सव



कानपुर में शुक्रवार को श्याम महोत्सव कार्यक्रम के लिए जुलूस के दौरान लोग धार्मिक झंडे लेकर सड़क पर निकले।

## आज की पाती

### मुंबई की सियासत में बदलाव

कट्टर हिंदुत्ववादी और मराठी अस्मिता के प्रखर प्रतीक बाला साहेब ठाकरे के जाने के बाद जिस शिवसेना की राजनीति बिखराव, टूट और आपसी संघर्ष की मिसाल बन गई थी, वही राजनीति अब एक बार फिर एकता के सूत्र में बंधती दिखाई दे रही है। वर्षों तक एक-दूसरे के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रहे उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने 'बंटेंगे तो बिखरेंगे' की सोच के साथ आगामी महानगरपालिका चुनाव एक साथ लड़ने का निश्चय कर महाराष्ट्र की राजनीति में नया अध्याय खोल दिया है। यह फैसला सिर्फ एक चुनावी समझौता नहीं, बल्कि बाला साहेब की विरासत को फिर से जीवित करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। बाला साहेब ठाकरे के जीवित रहते शिवसेना एक मजबूत कैडर आधारित पार्टी थी, जिसकी जड़ें मुंबई से लेकर महाराष्ट्र के कोने-कोने तक फैली थीं।

-कांतिलाल मांडोत, सूरत

## ट्रेंड

### पराक्रम को नमन



वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह के अमर साहिबजादों के अद्वितीय साहस और अपूर्व त्याग का राष्ट्रीय स्मरण है, जिन्होंने अन्याय के सामने झुकने के बजाय स्वाभिमान और सत्य का मार्ग चुना। उनके अतुलनीय त्याग और पराक्रम को नमन।

- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### वीर बाल दिवस



वीर बाल दिवस साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान, माता गुजरी के साहस और गुरु गोविंद सिंह के शाश्वत मूल्यों को नमन करता है। उनकी विरासत हमें मूल्य-प्रेरित बच्चों के पालन-पोषण के प्रति प्रेरित करती है।

- अन्नपूर्णा देवी, महिला विकास मंत्री

### विनम्र श्रद्धांजलि



पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। अपने दूरदर्शी नेतृत्व से उन्होंने भारत को आर्थिक रूप से सशक्त किया। देश के वंचितों और गरीबों के लिए उनके ऐतिहासिक प्रयासों और साहसिक निर्णयों ने भारत को विश्व मंच पर एक नई पहचान दिलाई।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### जयंती पर नमन



शहीद सरदार उधम सिंह की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। मातृभूमि की अस्मिता, गौरव और स्वाभिमान की रक्षा के लिए उनका अद्वितीय साहस, अटूट संकल्प और बलिदान भारतीय इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में सदैव अंकित रहेगा।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# पाक में अब भी रह रहे 20 लाख अफगान शरणार्थी

पाकिस्तान से वर्ष 2025 में 10 लाख से अधिक लोगों के स्वदेश लौटने के बावजूद वहां अब भी 20 लाख से ज्यादा अफगान शरणार्थी रह रहे हैं। 'डॉन' समाचार पत्र ने संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के आंकड़ों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। 'डॉन' समाचार पत्र ने एजेंसी के आंकड़ों के हवाले से बताया कि केवल नवंबर महीने में ही 1,71,055 अफगान नागरिक अपने देश लौटे, जिनमें से 37,899 को चमन, तोरखम और बाराबचा सीमाओं के जरिये निर्वासित किया गया। इसी महीने यूएनएचसीआर के प्रत्यावर्तन केंद्रों के माध्यम से 31,500 से अधिक 'प्रूफ ऑफ रजिस्ट्रेशन' (पीओआर) कार्डधारकों को भी अफगानिस्तान भेजा गया। नवंबर में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर



बढ़े तनाव के कारण मानवीय सहायता कार्यों में बाधा आई और सीमा पार आवाजाही प्रतिबंधित रही। इसके चलते संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों को चमन सीमा क्षेत्र से अस्थायी रूप से हटना पड़ा। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में 'अवैध विदेशी प्रत्यावर्तन योजना' (आईएफआरपी) के तीसरे चरण के कड़े कार्यान्वयन के बावजूद, यूएनएचसीआर और उसके सहयोगियों ने आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित कीं। इनमें महिलाओं, लड़कियों और बच्चों के लिए सुरक्षित स्थानों की बहाली के साथ-साथ कानूनी और मानसिक स्वास्थ्य सहायता जारी रखना शामिल है।

## ऑफ बीट

# तैराकी के बाद कान से पानी कैसे निकाला जा सकता है ?

तैराकी गर्मियों के दिनों की सबसे मजेदार गतिविधियों में से एक है। लेकिन पानी से बाहर आने पर शरीर सूख जाने के बावजूद आप को यह लग सकता है कि



कान में पानी रह गया है। ऐसी स्थिति में कान भरा-भरा या बंद सा महसूस हो सकता है, आवाजें धीमी या दबी-दबी सुनाई दे सकती हैं, और कभी-कभी गुड़गुड़ाहट या सरसराहट जैसी आवाजें भी सुनाई देती हैं। आम तौर पर पानी खुद-ब-खुद निकल जाता है। आप सोचते होंगे कि कान की नली सीधी होती है, लेकिन ऐसा नहीं है। यह दो जगह मुड़ी होती है, और कुछ लोगों की कान नली स्वाभाविक रूप से अन्य लोगों के मुकाबले अधिक पतली होती है। कान की नली के अंदर बाल और 'वैक्स' सुरक्षा के लिए मौजूद होते हैं। अपने कान के निचले हिस्से (ईयरलोब) को हल्के-से ऊपर-नीचे खींचें और जिस कान में पानी भरा है, उसे अपने कंधे की ओर झुका लें। इससे कान की नली सीधी हो जाती है और गुरुत्वाकर्षण बल के कारण पानी बाहर निकलने लगता है। करवट लेकर लेटें : एक तौलिये पर कुछ मिनटों के लिए उसी साइड करवट लेकर लेटें, जिस कान में पानी है, फिर दूसरी करवट पलट जाएं। यहां भी गुरुत्वाकर्षण पानी निकालने में मदद करता है। गर्मियों में धूप और तौलिये की गर्मी कान के अंदर के पानी को और जल्दी सुखाने में मदद करती है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

केरल में भाजपा की बड़ी छलांग

# 45 साल पुराना लेफ्ट का किला ढहा, राजेश बने तिरुवनंतपुरम के मेयर

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के नगर निकाय चुनाव के दौरान तिरुवनंतपुरम में सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली भाजपा ने आखिरकार मेयर का चुनाव जीत लिया। तिरुवनंतपुरम में वीवी राजेश भाजपा से मेयर चुने गए हैं। हालांकि सेवानिवृत्त डीजीपी आर श्रीलेखा को महापौर पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। केरल विधानसभा चुनाव के पहले ये जीत भाजपा के लिए संजीवनी बन सकती है। राजेश के तौर पर तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा ने पहली बार परचम लहराया है। यहां 45 सालों से लेफ्ट पार्टियों के शासन का अंत हुआ है।भाजपा ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में 50 सीटें जीतकर इतिहास रचा था। साथ ही 45 साल पुराने लेफ्ट के गढ़ ढहा दिया था। यहां यूडीएफ को 19 जबकि एलडीएफ को 29 सीटें ही मिल पाई थीं।

राजेश के तौर पर तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा ने पहली बार परचम लहराया है। यहां 45 सालों से लेफ्ट पार्टियों के शासन का अंत हुआ है। भाजपा ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम में 50 सीटें जीतकर इतिहास रचा था

### तिरुवनंतपुरम को देश के एक विकसित शहर में बदलेंगेः राजेश

101 सीटों वाले तिरुवनंतपुरम नगर निगम में मेयर के चुनाव में एलडीएफ उम्मीदवार आरपी शिवाजी को 29 और यूडीएफ प्रत्याशी को 17 वोट ही हासिल हुए। जीत के बाद राजेश ने कहा, हम सब मिलकर आगे बढ़ेंगे, सबको साथ लेकर चलेंगे। सभी 101 वार्डों में विकास कार्य आगे बढ़ाए जाएंगे। तिरुवनंतपुरम को देश के एक विकसित शहर में बदलेंगे।



तिरुवनंतपुरम के मेयर राजेश

### महासचिव सुरेश ने की घोषणा

नगर निगम के नवनियुक्त भाजपा पार्षदों और जिले के नेताओं की शुक्रवार को बैठक हुई। इसमें केरल भाजपा के महासचिव एस सुरेश ने इसकी घोषणा की। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में भाजपा इसे अपने लिए बड़ी जीत मान रही है।

### भाजपा के लिए नए अध्याय की शुरुआत

एलडीएफ के लगभग चार दशकों के शासन के बाद अब कॉर्पोरेशन पर भाजपा का कब्जा है। राजेश का मेयर बनना केरल की शहरी राजनीति में भाजपा के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है। राज्य की राजधानी में इस जीत ने शहर के नगर निकाय पर सीपीएम के 45 साल के कंट्रोल को खत्म कर दिया।

### राजेश का परिचय

तमाम चर्चा के बाद भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व की राय से राजेश के नाम पर मुहर लगी। राजेश दो बार पार्षद, केरल भाजपा सचिव, पूर्व भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा अध्यक्ष और तिरुवनंतपुरम जिला अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### सीपीएम ने कांग्रेस से मिल शहर को बर्बाद किया था : चंद्रशेखर

राजेश के मेयर बनने पर केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कहा सीपीएम ने कांग्रेस की मदद से शहर को बर्बाद कर दिया। उसे भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया था। चुनाव प्रचार के दौरान हमने दिखाया कि इस निगम ने पैसे बर्बाद किए।



केरल कांग्रेस की पार्षद का बड़ा दावा

### 'मेयर पद के बदले लिए 'पैसों के बैग'

केरल में मेयर पद के बदले पैसे लेने के एक बड़े घोटाले ने कांग्रेस में हलचल मचा रखा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने अधिकांश सीटें जीतकर पार्टी का मान बढ़ाया था। जीत के बाद शुक्रवार को स्थानीय चुनावों के मेयर/अध्यक्ष चुनने को लेकर वोटिंग होगी। त्रिशूर कॉरपोरेशन में चार बार की पार्षद रही लैली जेम्स ने आरोप लगाए कि उनके साथी पार्षद डॉ निजी जस्टिन ने मेयर पद के लिए वरिष्ठ नेताओं को पैसे दिए हैं, इसलिए उन्हें मेयर बनाया गया है।



## खबर संक्षेप

### अभिनेता प्रकाश भी हो गए ठगी के शिकार

**चेन्नई।** साउथ सिनेमा के जाने-माने संगीतकार और अभिनेता जीवी प्रकाश कुमार एक चौंकाने वाली ऑनलाइन ठगी की वजह से सुर्खियों में हैं। जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने वाले प्रकाश की दरियादिली का इस बार गलत फायदा उठाया गया। एक फर्जी अकाउंट ने झूठी तस्वीर के सहारे 20 हजार रुपए ऐंठ लिए।



### हिमाचल में डॉक्टर सामूहिक अवकाश पर

**शिमला।** आईजीएमसी शिमला में मरीज से मारपीट पर आरोपी डॉक्टर को बर्खास्त करने के बाद यह मामला गरमा गया है। गुस्साए चिकित्सक संगठनों ने शुक्रवार को एक दिन का सामूहिक अवकाश करने का निर्णय लिया है। मांगें न मानने पर शनिवार से हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है।



### गैंगरेप में एग्जीक्यूटिव हेड और सीईओ रिमांड पर

**उदयपुर।** शहर में एक महिला मैनेजर के साथ चलती कार में कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में एक आईटी कंपनी का सीईओ, महिला एग्जीक्यूटिव हेड और उसका पति शामिल हैं। उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया।



### कबूतरों को दाना डालने पर 5 हजार का जुर्माना

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने सार्वजनिक स्थान पर कबूतरों को दाना डालने के मामले में एक व्यवसायी नितिन शेठ को दोषी ठहराते हुए उस पर 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया है। अदालत ने कहा कि यह कृत्य 'जीवन के लिए खतरनाक बीमारियों के संक्रमण के फैलने की आशंका' पैदा करता है। बता दें कि यह मामला बीएमसी ने कबूतरों को दाना खिलाने पर प्रतिबंध लगाए जाने के कुछ महीनों बाद आया है।

पीएम मोदी ने वीर बाल दिवस पर भारत मंडपम में बच्चों को किया संबोधित

# वीर साहिबजादे अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा, मजहबी कट्टरता-आतंक का वजूद हिलाया

## बाल वीरों को बताया देश का गौरव, जेन जी ही देश को आगे ले जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस के मौके पर नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में बच्चों को संबोधित किया। भारत मंडपम में हुए आयोजन से पहले प्रधानमंत्री ने इस वर्ष वीरता पुरस्कार से सम्मानित बच्चों के साथ संवाद भी किया। बच्चों के साथ मुलाकात करने की वीडियो भी सामने आया है।पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश वीर बाल दिवस मना रहा है। अभी वंदे मातरम की सुंदर प्रस्तुति हुई। आज हम उन वीर साहिबजादों को याद कर रहे हैं, जो भारत का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादे भारत के अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा हैं। वीर साहिबजादों ने सारी सीमाओं को तोड़ दिया। वे क्रूर मुगल सल्तनत के सामने चट्टान की तरह खड़े हो गए।

**औरंगजेब की कट्टरता भी उन्हें नहीं हिला पाई**

उम्र और अवस्था की सीमाओं को तोड़ दिया

### गुलामी की मानसिकता से देश को आजाद नहीं होने दिया गया



बच्चों को संबोधित करते पीएम मोदी

उन्होंने कहा कि बलिदान की गाथा देश में जन-जन की जुबान पर होनी चाहिए थी। दुर्भाग्य से आजादी के बाद भी देश में गुलामी की मानसिकता हावी रही। इस गुलामी का बीज अंग्रेज राजनेता मैकाले ने 1835 में बोया था। उस मानसिकता से देश को आजादी के बाद भी मुक्त होने नहीं दिया गया। आजादी के बाद भी देश में ऐसी सच्चाईयों को दबाने की कोशिश की गई।

### वीर साहिबजादों को कोई हिला नहीं पाया

पीएम ने कहा कि वीर साहिबजादों को छोटी सी उम्र में उस समय की सबसे बड़ी सत्ता से टकराना पड़ा। वो लड़ाई भारत के मूल विचारों और मजहबी कट्टरता के बीच थी। वो लड़ाई सत्य बनाम असत्य के बीच थी। उस लड़ाई की एक ओर गुरु गोविंद सिंह जी थे, दूसरी ओर क्रूर औरंगजेब की हुकूमत थी। हमारे साहिबजादे उस समय छोटे ही थे, लेकिन औरंगजेब की क्रूरता को इससे फर्क नहीं पड़ा। वो जानता था भारत के लोगों को डराकर उनका धर्मांतरण कराना है तो मनोबल तोड़ना होगा। इसलिए उसने साहिबजादों को निशाना बनाया। लेकिन, हमारे वीर साहिबजादों को कोई हिला नहीं सका। वे अडिग रहे।

### जेन-जी और जेन अल्फा विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएंगे

पीएम मोदी ने जेन-जेड और जेन-अल्फा को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी जेनरेशन ही भारत को विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएगी। मैं जेन-जेड की योग्यता, आपका आत्मविश्वास देखता हूं, समझता हूं और इसलिए आप पर बहुत भरोसा करता हूं। उन्होंने कहा कि पहले युवा सपने देखने से भी डरते थे, क्योंकि पुरानी व्यवस्थाओं में ये माहौल बन गया था।

**साहसी और प्रतिभावान बच्चों को मिला मंच**

उन्होंने कहा कि बीते 4वर्षों में वीर बाल दिवस की नई परंपरा ने साहिबजादों की प्रेरणाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाया है। वीर बाल दिवस ने साहसी और प्रतिभावान बच्चों के निर्माण के लिए एक मंच तैयार किया है। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों से आए 20 बच्चों को ये पुरस्कार दिए गए हैं।

### 2022 से हुई वीर बाल दिवस मनाने की शुरुआत पीएम मोदी ने बताई अहमियत

मोदी ने सिखों के गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के असाधारण साहस और सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने का ऐलान किया था। उन्होंने आज वीरता पुरस्कार से नवाजे गए बच्चों से मुलाकात के पहले एक्स हैंडल पर लिखा, वीर बाल दिवस श्रद्धा का दिन है, जो वीर साहिबजादों के बलिदान को याद करने के लिए समर्पित है। इसकी शुरुआत 2022 को हुई थी।

### अन्नपूर्णा ने इसे सपनों, संघर्षों और उपलब्धियों की पहचान बताया



केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि हर वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल वीर पुरस्कारों के लिए आवेदन की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जब हम इन बच्चों की उपलब्धियां देखते हैं तो मन गर्व से भर उठता है। भविष्य के प्रति हमारा विश्वास और मजबूत होता है। उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल वीर पुरस्कार से सम्मानित बच्चों से कहा कि यह पुरस्कार आपके सपनों, संघर्षों और उपलब्धियों की पहचान है। जो लाखों बच्चों को प्रेरित करेगा।

राखीगढ़ी और राखी शाहपुर गांवों को 21-21 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा की

# राखीगढ़ी को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के प्रयास जारीः सीएम नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि भारत की प्राचीनतम और गौरवशाली सभ्यता की साक्षी राखीगढ़ी को देश के एक प्रतिष्ठित वैश्विक पहचान वाले स्थल के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय बजट में 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रदेश सरकार भी राखीगढ़ी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन महत्व को समझते हुए इसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को भारत की प्राचीनतम सभ्यता की धरोहर पावन भूमि राखीगढ़ी में आयोजित दूसरे राज्य स्तरीय राखीगढ़ी महोत्सव के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

**500 करोड़ का प्रावधान**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हड़प्पा ज्ञान केंद्र का भी उद्घाटन किया। महोत्सव में शिल्प मेला, विरासत दौड़, वर्कशॉप, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रामीण खेलकूद, प्रश्नोत्तरी व रंगोली तथा फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही है। मुख्यमंत्री सैनी ने स्वयं भी महोत्सव में शुरू हुई अलग अलग गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उनके साथ विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक विनोद भ्याना भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राखीगढ़ी पंचायत द्वारा प्रस्तुत की गई सभी 13 मांगों को संबंधित विभागों को भेजकर शीघ्र पूरा करवाया जाएगा। इसी प्रकार राखी शाहपुर पंचायत द्वारा रखी गई पांच मांगों को भी संबंधित विभागों को प्रेषित कर पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राखीगढ़ी एवं राखी शाहपुर गांवों को 21-21 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि राखीगढ़ी को ऐतिहासिक धरोहर के रूप में विशेष पहचान प्राप्त है। यह वही भूमि है, जहां हजारों वर्ष पूर्व विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में से एक हड़प्पा सभ्यता का उत्कर्ष हुआ। यहां हुई खुदाइयों से प्राप्त अवशेष यह प्रमाणित करते हैं कि उस काल में राखीगढ़ी एक बड़ा औद्योगिक एवं व्यापारिक केंद्र था, जहां सुव्यवस्थित नगर नियोजन, स्वच्छता व्यवस्था और जल प्रबंधन की अद्भुत व्यवस्था थी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राखीगढ़ी को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन एवं शोध केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यहां विश्वस्तरीय पुरातत्व संग्रहालय, शोध संस्थान, पर्यटक सुविधाएं तथा आधुनिक आधारभूत ढांचे का विकास किया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भारत की प्राचीन सभ्यता से परिचित कराना और हरियाणा की समृद्ध संस्कृति का अनुभव कराना है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

# हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से 10 दिन में जवाब तलब किया, 9 को होगी सुनवाई

## राजधानी में खराब हवा से नागरिक परेशान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने राजधानी में खराब हवा की क्वालिटी को देखते हुए एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी कम करने की याचिका पर केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। जस्टिस विकास महाजन और विनोद कुमार की वेकेशन बेंच ने केंद्र सरकार को याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 9 जनवरी की तारीख तय की।कोर्ट ने कहा था एयर प्यूरीफायर पर टैक्स छूट देने कुछ नहीं किया जा रहा।

### जीएसटी कम करने को कहा



बुधवार को हाईकोर्ट ने राजधानी में खराब होती वायु गुणवत्ता को देखते हुए जीएसटी काउंसिल को निर्देश दिया था कि एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी को कम या पूरी तरह खत्म करने पर विचार करें। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की बेंच ने आदेश दिया था।

# डबल इंजन सरकार में 'पिस्टन' क्यों बने हुए हैं नवनीत सहगल?

## कांग्रेस के सवाल, दागे पवन खेड़ा ने

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने शुक्रवार को केंद्र की भाजपा सरकार से सवाल किया कि उत्तर प्रदेश कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी नवनीत सहगल इतने महत्वपूर्ण क्यों हैं कि आयकर विभाग की गंभीर और गोपनीय रिपोर्ट के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सहगल को न सिर्फ संरक्षण दिया जा रहा है, बल्कि उन्हें प्रधानमंत्री कार्यालय में शामिल किए जाने की भी चर्चा है।

एआईसीसी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस प्रवक्ता एवं मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने एक समाचार पोर्टल की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि आयकर निदेशालय ने नवनीत के खिलाफ 254 पन्नों की एक गोपनीय जांच रिपोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार और लोकायुक्त को सौंपी थी। इसके बावजूद अब तक न तो आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ और न ही विभागीय कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक है।

खेड़ा ने कहा, नवनीत यूपी और केंद्र की 'डबल इंजन सरकार' में पिस्टन की तरह काम कर रहे हैं। सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री कार्यालय इस आयकर विभाग की रिपोर्ट से अनजान है? कांग्रेस के अनुसार, आयकर विभाग की जांच में सहगल को 2019-20 से 2021-22 के बीच उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं से कथित तौर पर लगभग 112 करोड़ की धननिकासी का सबसे बड़ा लाभार्थी बताया गया है। इस दौरान सहगल एमएसएमई और खादी विभाग के प्रमुख सचिव, अपर मुख्य सचिव थे तथा उद्यमिता विकास संस्थान और यूपी इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स लिमिटेड के अध्यक्ष भी रहे। खेड़ा ने आरोप लगाया कि रिपोर्ट के मुताबिक आईईडी से करीब 65 करोड़ और यूपीकॉन से लगभग 46 करोड़ की राशि की कथित हेराफेरी हुई। प्रशिक्षण और टूलकिट से जुड़े ठेकों के जरिए नवनीत सहगल को तीन वर्षों में 24 से 26 करोड़ रुपये की कथित किकबैक मिली।

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि रिपोर्ट में 2018 से 2020 के बीच सहगल के परिवार द्वारा 17.59 करोड़ की संपत्तियों की खरीद का उल्लेख है। ये संपत्तियां एसडीपी इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी से खरीदी गईं, जिसे आयकर अधिकारियों ने संदिग्ध शेल कंपनी बताया है। इसी अवधि में यूपीकॉन इस कंपनी को किराया भी दे रहा था, जबकि उसके अध्यक्ष स्वयं नवनीत सहगल थे, जो संभावित हितों के टकराव को दर्शाता है। रिपोर्ट में यह भी कथित तौर पर उल्लेख है कि एक निजी कंपनी में 21 करोड़ का निवेश किया गया, उस समय नवनीत के बेटे निदेशक थे। इसका संबंध एक अन्य कंपनी से बताया गया है, जो सीबीआई के जांच के दायरे में है। खेड़ा ने सवाल उठाया कि इतनी गंभीर बातों के बावजूद न तो योगी सरकार ने कोई कार्रवाई की और न ही केंद्र ने जवाबदेही तय की। उन्होंने प्रधानमंत्री से पूछा, अगर सट्टा एप घोटालों से जुड़े अधिकारी पीएमओ के आसपास काम कर सकते हैं, तो यह प्रधानमंत्री की कार्यशैली पर क्या सवाल खड़े करता है? क्या प्रधानमंत्री 'मौन मोदी' बन चुके हैं? योगी ने कोई कदम क्यों नहीं उठाया? कांग्रेस ने मांग की कि पूरे मामले में पारदर्शी जांच हो, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

युवा कांग्रेस ने अरावली को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर चिंता जताते हुए मोदी सरकार की मंशा पर सवाल

# अरावली की रक्षा के लिए 'अरावली सत्याग्रह यात्रा' निकालेगी युवा कांग्रेस

### 100 मीटर वाला प्रावधान रद्द करें, पूरा अरावली जोन क्रिटिकल इकोलॉजिकल जोन घोषित हो और खनन पर रोक लगे- चिब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय युवा कांग्रेस ने अरावली पर्वत श्रृंखला को लेकर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले पर चिंता जताते हुए मोदी सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं और आगामी 07 जनवरी से 'अरावली सत्याग्रह यात्रा' निकालने का ऐलान किया है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले पर चिंता जताई, जिसमें अरावली की परिभाषा बदलते हुए 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को संरक्षण के दायरे से बाहर करने का प्रावधान किया गया है। चिब ने मोदी सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे उत्तर भारत की सभ्यता और पर्यावरण को गंभीर खतरा पैदा हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि युवा कांग्रेस ने 'अरावली सत्याग्रह' नाम से ऑनलाइन पिटिशन शुरू किया, जिसमें एक लाख से ज्यादा लोग अब तक जुड़ चुके हैं। उन्होंने घोषणा की कि युवा कांग्रेस द्वारा 07 जनवरी से 20 जनवरी तक 'अरावली सत्याग्रह यात्रा' निकाली जाएगी, जो गुजरात बॉर्डर से शुरू




होकर राजस्थान, हरियाणा होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के जरिए उनकी मांग है कि 100 मीटर वाले प्रावधान को रद्द किया जाए, पूरे अरावली जोन को क्रिटिकल इकोलॉजिकल जोन घोषित किया जाए, सुप्रीम कोर्ट के आदेश की समीक्षा हो, सरकार प्रस्ताव वापस ले और अरावली में खनन पर तरह पूरी तरह रोक लगाई जाए।

चिब ने कहा कि अरावली सिर्फ पहाड़ नहीं, बल्कि उत्तर भारत का सुरक्षा कवच है। यह डेढ़ अरब साल पुरानी श्रृंखला दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और पश्चिमी यूपी में पानी का स्तर बनाए रखती है, प्रदूषण रोकती है, रेगिस्तान के फैलाव को थामती है और तापमान नियंत्रित करती है। लेकिन भाजपा सरकार ने पहले देश की संस्कृति और भाईचारे को प्रदूषित किया, अब पर्यावरण को नष्ट करने पर तुली है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 1995 में अरावली रेंज में खनन को अवैध बताया था, लेकिन अब कहा है कि जो पहाड़ 100 मीटर से कम होंगे, वे अरावली का हिस्सा नहीं माने जाएंगे। चिब ने कहा कि सच्चाई ये है कि 90 प्रतिशत पहाड़ 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले हैं।

उदय भानु चिब ने कहा कि भाजपा सरकार ने खुद सुप्रीम कोर्ट को प्रस्ताव भेजा था कि 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले पहाड़ को अरावली रेंज से हटा दिया जाए। पहले सुप्रीम कोर्ट की कमेटी खनन पर निगरानी रखती थी, लेकिन मोदी सरकार ने उसे भंग कर दिया और पर्यावरण मंत्रालय द्वारा इस प्रस्ताव को भेजा गया।

उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश में लिखा है कि नई माइनिंग तभी शुरू हो सकती है, जब सरकार प्रस्ताव लाए। आदेश में एक और बात लिखी गई है कि अरावली रेंज में अगर रेयर अर्थ मेटल मिलेगा, तो उसका खनन हो सकता है। ऐसे में सवाल है कि क्या इस परियोजना को भी मोदी के परममित्र अडानी को सौंपा जाएगा?

युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने राजस्थान की भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद 50 नई खनन परियोजनाओं को लाइसेंस दिए गए और 2010 से बंद पड़ी 250 परियोजनाओं को फिर से शुरू करने के लिए फीस ली जा रही है।

उन्होंने इसे आने वाली पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करार दिया और कहा कि कांग्रेस देश के बच्चों का भविष्य बचाएगी।उन्होंने कहा कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार तानाशाही छोड़कर पर्यावरण और आने वाली पीढ़ी के साथ न्याय नहीं करती।

# भारत की नियामक क्रांतिः 2025 ने ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस को आदत बना दिया!

वर्ष 2010 के शुरुआती वर्षों में भारत में व्यापार करना किसी बाधा दौड़ जैसा लगता था, जिसमें बीच रास्ते में ही बाधाएं खड़ी कर दी जाती थीं। क्या आप जानते हैं कि कभी निर्माण की अनुमति लेने के मामले में भारत कुल 190 देशों में 184वें स्थान पर था? क्या आप जानते हैं कि सिर्फ अनुमति लेने में ही 186 दिन यानी छह महीने से ज्यादा नौकरशाही की भेंट चढ़ जाते थे? इस दौरान न कोई काम शुरू होता था, न रोजगार पैदा होते थे। यह कोई इत्तेफ़ाक नहीं था। यह दशकों से चली आ रही नियामक ज्यादितियों, विरासत में मिले नियंत्रण और कारोबार के प्रति अविश्वास का परिणाम था। उस नुकसान को ठीक करना एक दिन में संभव नहीं था। इसे ठीक करने में 11 साल की लगातार सुधार प्रक्रिया लगी, जिसमें कई ऐसे काम हुए जो दिखते तो नहीं थे लेकिन बहुत जरूरी थे। पर 2025 अलग रहा। इस साल भारत ने सिर्फ कारोबार को आसान बनाने से आगे बढ़कर कारोबार को सच में आज़ाद करना शुरू किया। 1991 ने भारत में नई ऊर्जा जगाई थी, और 2025 ने उस ऊर्जा को बिना बंधन के आगे बढ़ने का खुला माहौल दिया। कई दशकों तक भारतीय कंपनियां जानबूझकर छोटी ही रहती थीं। यह इसलिए नहीं कि उनमें महत्वाकांक्षा कम थी, बल्कि इसलिए कि बढ़ने पर सज़ा मिलती थी। 10वां, 20वां या 100वां कर्मचारी रखने पर लगभग 29 केंद्रीय श्रम क़ानूनों में छिपे नियम सक्रिय हो जाते थे। इस साल भारत ने ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस को आदत बना दिया!

## केंद्र सरकार ने सर्टिफिकेशन को आसान बनाया, कारोबारियों को मिली राहत

### यह मानसिकता आखिरकार 2025 में टूट गई

*सरकार ने ‘छोटी कंपनियों’ के लिए टर्नओवर की लिमिट को दस गुना बढ़ाकर 100 करोड़ कर दिया, जिससे ग्रोथ को जानबूझकर सीमित करने का इंसेंटिव खत्म हो गया। साथ ही, दर्जनों ओवरलैपिंग लेबर कानूनों को चार आसान लेबर कोड में बदल दिया गया, जिससे अनिश्चितता की जगह स्पष्टता आई। संदेश साफ थाः अब बड़े होने पर कोई सजा नहीं मिलेगी। ग्रोथ पर अब शक नहीं किया जाएगा। कई वर्षों तक भारत की विनिर्माण क्षमता कौशल या क्षमता की कमी से नहीं, बल्कि ज़्यादा नियमों के बोझ से रुकी हुई थी। क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर्स (क्यूसीओ), जिन्हें मूल रूप से गुणवत्ता बनाए रखने के लिए बनाया गया था, समय के साथ इतने बढ़ गए कि तैयार उत्पादों से लेकर कच्चे माल और महत्वपूर्ण इनपुट तक, हर चीज के लिए अनिवार्य सर्टिफिकेशन ज़रूरी हो गया।*



### ग्लोबल इंटीग्रेशन

ग्लोबल इंटीग्रेशनः सिर्फ़ 1 साल में 3 बड़े एफटीए अगर बिज़नेस के पास बेचने के लिए कोई जगह ही न हो, तो ईज ऑफ डूइंग का कोई मतलब नहीं है। 2025 में यूके, ओमान और न्यूज़ीलैंड के साथ तीन बड़े फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) करके, भारत ने ग्लोबल मार्केट में एंट्री की ‘लागत’ को प्रभावी ढंग से कम कर दिया है। उदाहरण के लिए, भारत-ओमान सीईपीए में ‘टियर्ड रूल्स ऑफ़ ओरिजिन’ के लिए एक खास प्रावधान शामिल था, जिसने सर्टिफिकेशन को आसान बनाया और भारतीय पेट्रोलियम उत्पादों और ज्वेलरी के लिए तुरंत ज़ीरो-ड्यूटी एक्सेस दिया।

## वर्ष 2025 के दौरान घरों की बिक्री 14 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली ।** घरों की कीमतों में उछाल और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में छंटनियां होने से देश के सात प्रमुख शहरों में वर्ष 2025 के दौरान आवासीय संपत्तियों की बिक्री में 14 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। एनारॉक ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म एनारॉक की रिपोर्ट कहती है कि बिक्री घटने के बावजूद घरों की कीमतों में बढ़ोतरी होने से इस साल कुल बिक्री मूल्य छह प्रतिशत बढ़कर छह लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

## स्थापित क्षमता हासिल करने के अंतिम पांच वर्षों में भारत का प्रवेश

# वर्ष 2026 में सरकार का इस्पात उत्पादन बढ़ाने, कच्चे माल की सुरक्षा पर होगा जोर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार आने वाले वर्ष में इस्पात उत्पादन बढ़ाने और कच्चे माल की सुरक्षा को प्राथमिकता देती रहेगी, क्योंकि भारत 2030 तक 30 करोड़ टन की स्थापित इस्पात विनिर्माण क्षमता हासिल करने के अंतिम पांच वर्षों में प्रवेश कर चुका है।

क्षमता विस्तार के साथ ही कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाने, हरित इस्पात क्षमता को बढाने और घरेलू उद्योगों तथा निर्यात बाजारों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष और उच्च-स्तरीय इस्पात के उत्पादन पर जोर बना रहेगा। इस्पात मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।



- भारत को 2030 तक 30 करोड़ टन की स्थापित क्षमता हासिल करना है
- क्षमता विस्तार के साथ कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकी अपनाने पर जोर
- निर्यात करने के लिए उच्च-स्तरीय इस्पात के उत्पादन पर जोर बना रहेगा

### एशियाई बाजार से आयात चिंता का विषय

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा इस्पात उत्पादक है और सरकार की विभिन्न नीतियों के कारण इस्पात की मांग को लगातार समर्थन मिल रहा है। हालांकि उद्योग के सामने चुनौतियां भी हैं, जिनमें बढ़ता आयात, कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताएं शामिल हैं। पहले से लागू सुरक्षा और एंटी-डंपिंग उपायों के बावजूद एशियाई बाजारों से आयात, घरेलू उत्पादकों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

### भारत ने अच्छी प्रगति की : जिंदल

जिंदल स्टील के चेयरमैन और भारतीय इस्पात संघ के अध्यक्ष नवीन जिंदल ने कहा कि भारत ने अच्छी प्रगति की है, लेकिन इसे और तेजी से लागू करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आगे का मार्ग निरंतर मांग सृजन, नीतिगत स्थिरता और साहसिक निवेश की मांग करता है।

### बाधाएं इस क्षेत्र में दबाव बना रही

उद्योग निकाय एसोचैम ने कहा कि सरकार का समर्थन महत्वपूर्ण रहा है, लेकिन कोकिंग कोयले की बढ़ती लागत, ऊंचे लॉजिस्टिक खर्च, रेलवे रेक की सीमित उपलब्धता और अवसंरचना की बाधाएं अब भी इस क्षेत्र पर दबाव बना रही हैं। एसोचैम को नए साल में इस्पात की मांग बढ़ने की उम्मीद है और उसके मुताबिक गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों में आगे ढील दिए जाने की संभावना नहीं है।

### निर्यात पर दूसरे देश प्रतिबंध बढ़ा रहे

उद्योग निकाय ने कहा, ''भारतीय इस्पात निर्यात पर दूसरे देश व्यापार प्रतिबंध बढ़ा रहे हैं। यदि यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते होते हैं, तो कुछ राहत मिल सकती है, जिससे घरेलू उद्योग को समर्थन मिलेगा।''

### 2017 में राष्ट्रीय इस्पात नीति पेश की गई थी

सरकार ने मई 2017 में महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय इस्पात नीति पेश की थी, जिसका लक्ष्य लगभग 10 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ 20 करोड़ टन से अधिक इस्पात निर्माण क्षमता जोड़ना है। शोध फर्म बिगमिंट के अनुसार नवंबर 2025 तक भारत की स्थापित इस्पात विनिर्माण क्षमता 23.5 करोड़ टन थी और वित्त वर्ष 2025-26 तक इसके लगभग इसी स्तर पर बने रहने का अनुमान है।

### नए कोल भंडारों की खोज जारी

'कोकिंग कोयले के नए भंडारों की खोज की जा रही है और आपूर्ति में विविधता लाने के लिए हम संसाधन समृद्ध देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं।'' लौह अयस्क के लिए नीलामी पहले से ही चल रही है और इस्पात निर्माताओं को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## ट्रैक नवीनीकरण कार्यों में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की रिकॉर्ड प्रगति



पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अलीपुरद्वार मंडल ने पीक्यूआरएस (प्लैसर्स क्विक रिलेइंग सिस्टम) का उपयोग कर 1,033 ट्रैक मीटर का मशीनीकृत ट्रैक नवीनीकरण कर एक दिन में अब तक का सर्वाधिक आउटपुट दर्ज किया है। यह उल्लेखनीय बेंचमार्क 23 दिसंबर, 2025 को हासिल किया गया। यह उपलब्धि हाई-आउटपुट मशीनीकृत ट्रैक बिछाने की तकनीक के प्रभावी इस्तेमाल, ऑप्टिमाइज्ड ट्रैफिक ब्लॉक और इंजीनियरिंग एवं ऑपरेटिंग विभागों द्वारा समन्वित कार्य को दिखाती है।मौजूदा ट्रैक नवीनीकरण कार्य के दौरान, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने अपने क्षेत्राधिकार में कुल 290.8 कि.मी. ट्रैक का नवीनीकरण किया है।

## चांदी 9,350 रुपये बढ़कर 2.36 लाख रुपए किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली ।** मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत शुक्रवार को 9,350 रुपये बढ़कर 2,36,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को चांदी की कीमत 2,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थीपिछले चार कारोबारी सत्रों में चांदी की कीमत 32,250 रुपये यानी 15.8 प्रतिशत बढ़ी है। यह 19 दिसंबर को 2,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम थी। इस साल चांदी की कीमत 31 दिसंबर, 2024 को 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी और तब से इसमें 1,46,650 रुपये यानी 163.5 प्रतिशत की तेजी आई है।

**PUBLIC NOTICE**

यह आम जनता को सूचित किया जाता है कि एम/एस एसवी इंफ्रा मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में एम/एस एसवी इंफ्रा मैनेजमेंट सॉल्यूशंस एलएलपी) को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MOEF&CC, I.A. डिवीजन) द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति (Environmental Clearance) प्रदान की गई है। यह स्वीकृति ईसी पहचान संख्या EC25B3812HR5918016N, दिनांक 01.12.2025 के अंतर्गत प्रदान की गई है। यह पर्यावरणीय स्वीकृति मिश्रित भूमि उपयोग (मिक्स लैंड यूज़) के अंतर्गत प्रस्तावित हाउसिंग कॉलोनी परियोजना (लाइसेंस संख्या 140 ऑफ 2024) के लिए है, जो टीओडी नीति दिनांक 09.02.2016 के अंतर्गत टीओडी ज़ोन में स्थित है। परियोजना में 98% आवासीय तथा 2% वाणिज्यिक घटक सम्मिलित हैं।
उक्त परियोजना का स्थान ग्राम धनवापुर, सेक्टर-104, गुरुग्राम, हरियाणा में स्थित है।

**M/s SV Infra Management Solutions Pvt. Ltd. (formerly known as M/s SV Infra Management Solutions LLP) Registered Office 34, Babar Lane, Bengali Market, Central Delhi- 110001**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **पिंकी, पत्नीः अमित, निवासीः ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर–67 के पास, गोपाल नगर, जेड ब्लॉक, नजफगढ़, नई दिल्ली–110043** ने **CT Cases No.: 414/2024, U/s: 135 Indian Electricity Act, पुलिस थाना बाबा हरिदास नगर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि अभियुक्ता **पिंकी** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि अभियुक्ता **पिंकी** फरार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना बाबा हरिदास नगर, नई दिल्ली** के अभियुक्ता **पिंकी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 17.02.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री हरलीन सिंह
एएसजे (दक्षिण पश्चिम),
विशेष न्यायालय विद्युत, कमरा नंबर 609,
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली
DP/17256/DW/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **राहुल, पुत्रः** चांद राम, **पताः** परिसर, पोल नंबर 22 के सामने, गांव पिंडवाला खुर्द, आंगनवाड़ी के पास, नजफगढ़, नई दिल्ली **CT. CASE No: 64/2020 U/s:135 Indian Electricity Act, पुलिस थानाः छावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **राहुल, CT. CASE No: 64/2020 U/s:135 Indian Electricity Act, पुलिस थानाः छावला, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
हरलीन सिंह
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
कोर्ट नं. 609
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली
DP/17339/DW/2025
(Court Matter)

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## विदेशी पूंजी की निकासी से सेंसेक्स 367 अंक फिसला



**मुंबई।** विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू स्तर पर किसी बड़े सकारात्मक संकेत के अभाव में शुक्रवार को स्थानीय मानक बीएसई सेंसेक्स 367 अंक गिरकर बंद हुआ जबकि निफ्टी 100 अंकों के नुकसान में रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 367.25 अंक गिरकर 85,041.45 अंक पर बंद हुआ जो इसकी गिरावट का लगातार तीसरा सत्र रहा। कमजोर कारोबार के बीच एक समय यह 470.88 अंक टूटकर 84,937.82 के स्तर तक आ गया था। निफ्टी भी 99.80 अंक गिरकर 26,042.30 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी लगातार दूसरे दिन नुकसान के साथ बंद हुआ।

## सावनसुखा ग्रुप ने कोलकाता में वंचित लड़कियों के लिए कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन कर क्रिसमस मनाया



**कोलकाता।** सावनसुखा ज्वैलर्स ने सावनसुखा इंस्टीट्यूट के सहयोग से क्रिसमस की भावना को एक सुविचारित आभूषण निर्माण कार्यशाला के माध्यम से कोलकाता की 50 वंचित लड़कियों को सशक्त बनाकर मनाया। कार्यशाला का संचालन सावनसुखा इंस्टीट्यूट के छात्रों और शिक्षकों द्वारा किया गया, जिन्होंने लड़कियों को हस्तनिर्मित कंगन बनाने की प्रक्रिया में मार्गदर्शन दिया। इस व्यावहारिक अनुभव ने उन्हें आभूषण शिल्प कौशल की बुनियादी बातों से परिचित कराया और साथ ही रचनात्मकता, आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित किया।क्रिसमस के हार्दिक उपहार के रूप में सिद्धार्थ सावनसुखा (सावनसुखा ज्वैलर्स के प्रबंध निदेशक और सावनसुख इंस्टीट्यूट के संस्थापक) ने प्रत्येक लड़की को उनके द्वारा बनाया गया कंगन और कई अन्य उपहार भेंट किए, जिससे यह उत्सव आनंदमय और अर्थपूर्ण बन गया।


## राशिफल


**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहें हैं।


**वृष** — कारोबार से आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव ये परेशान हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित रहेंगे।


**मिथुन** — कारोबार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में सुधार होगा। भाग-दौड़ की अधिकता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।


**सिंह** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी आ सकती है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे।


**कन्या** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। खर्च की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।


**तुला** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे।


**वृश्चिक** — कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।


**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा।


**मकर** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु परिवार में सामन्जस्य बनाये रखने के प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।


**कुंभ** — परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।


**मीन** — परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## संरक्षित रेल संचालन के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय पर संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन



महाप्रबंधक, श्री अमिताभ ने संरक्षा को प्राथमिकता पर रखते हुए की कार्यों की समीक्षा संरक्षा के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मियों को किया पुरस्कृतश्री अमिताभ, महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में दिनांक 26.12.2025, शुक्रवार को उत्तर पश्चिम रेलवे पर संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सभी विभागाध्यक्ष, चारों मंडलो के मंडल रेल प्रबन्धक (विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से) एवं अन्य अधिकारीगण सम्मलित हुए। बैठक में संरक्षा कार्य निष्पादन, निर्माण कार्य, पूंजीगत आय, रेलवे ट्रैक की फेसिंग, समपार फाटक को बंद करने, यात्री सुविधाएं तथा आय बढ़ाने इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई।महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे, श्री अमिताभ ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस वित्त वर्ष में अब तक उत्तर पश्चिम रेलवे का कार्य निष्पादन उत्कृष्ट रहा है और सामंजस्य और समन्वय के साथ कार्य कर सभी कार्यों को लक्ष्यानुसार करने पर ध्यान देना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माण परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करना है। श्री अमिताभ ने संरक्षा को प्राथमिकता पर रखते हुए सतर्कता और सजगता से कार्य करने पर बल दिया एवं सर्दियों के मौसम में रेल संचालन पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने की बात कही।श्री अमिताभ ने सभी विभागाध्यक्षों को कोहरे एवं सर्दियों के मौसम में विशेष सतर्कता के साथ कार्य करने तथा नियमित निरीक्षण करने और सर्दियों के दौरान संरक्षित रेल संचालन के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों की समय समय पर काउंसलिंग कर संरक्षा अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गोविंदा उर्फ गोविंद उर्फ गौतम, पुत्रः** श्री बाबू लाल उर्फ हरिशंकर, **पताः** ए–24, प्रथम तल, खसरा नं. 48/9, ब्लॉक–ए, ब्रह्मपुरी, रनहोला, नांगलोई, पोल नं. एमडीकेबी678, हरेन्द्र प्रोपर्टी के पास, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 281/1 U/s 156 CRPC, थानाः रनहोला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गोविंदा उर्फ गोविंद उर्फ गौतम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गोविंदा उर्फ गोविंद उर्फ गौतम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 281/1 U/s 156 CRPC, थानाः रनहोला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गोविंदा उर्फ गोविंद उर्फ गौतम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अंकित करण सिंह
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–08 (पश्चिम)
कमरा नं. 30, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/17356/OD/2025
(Court Matter)

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व. मण्डल बिजली इंजीनियर/टी.आर.एस, इलेक्ट्रिक लोको शेड, खानआलमपुरा यार्ड, सहारनपुर निम्नलिखित कार्य के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर रजिस्टर्ड/पंजीकृत निविदाकर्ताओं से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| खुली निविदा संख्या | ई.एल.एस.–एस.आर.ई.–25–26–टी–13 |
| कार्य का विवरण | तीन साल की अवधि के लिए टीओएच/आईओएच शेड्यूल के दौरान हिताची टीएम (एचएस–15250ए) के पारंपरिक इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की व्यापक मरम्मत/नवीनीकरण। |
| समापन/खोलने की तिथि | 23.01.2026 |
| लगभग लागत | रु.1,23,32,778.12/– |
| अर्नेस्ट मनी | रु.2,11,700/– |
| समापन अवधि | तीन वर्ष |
| वैधता अवधि | 60 दिन |
| निविदा फॉर्म की लागत | आई0आर0ई0पी0एस0 से डाउनलोड हेतु निःशुल्क तथा रूपये 5000/– Sr.DEE/TRS/SRE ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए। |

1. वर्क्स निविदाएं की ई–टेंडरिंग में भाग लेने के निविदाकारों के पास कलास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए। 2. निविदाकर्ता को सभी पात्रता संबंधित दस्तावेजों की स्कैन प्रतियां को अपलोड करना आवश्यक है। 3. सभी कर वर्तमान नियम के अनुसार लागू होंगे। 4. विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग इन करें।

ई.एल.एस.–एस.आर.ई.–25–26–टी–13 दिनांक : 26.12.2025 4005/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 6090




**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -6089 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ला | म | त | | म | हा | व | र | |
| का | म | | ही | र | | म | सि | | थ | ल |
| फी | | शा | न | | वं | | ल | ब | | क्ष्य |
| | | य | | म | हा | न | | र | | |
| | फ | र | मा | न | | र | स | खा | न | |
| का | की | | ल | | | | न | | र | ति |
| | र | नि | वा | स | | ह | म | द | म | |
| | | य | | र | ज | क | | स्त | | |
| जा | | म | जा | | हां | | श | क | | का |
| न | शा | | य | म | | पा | प | | सा | या |
| | म | हा | का | ल | | ल | थ | प | थ | |



# रेणुका और दीप्ति के बाद शेफाली भी चमकीं, भारत ने श्रीलंका को हराकर शृंखला जीती

भाषा ⏭ तिरुवनंतपुरम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रेणुका सिंह ठाकुर और दीप्ति शर्मा की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (नाबाद 79 रन) के लगातार दूसरे अर्धशतक से शुक्रवार को यहां तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को 40 गेंद रहते आठ विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। भारत ने विशाखापत्तनम में पहले दो टी20 मैच क्रमशः आठ और सात विकेट से जीते थे। हरमनप्रीत कौर इसके साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली कप्तान बन गयी। हरमनप्रीत की अगुवाई में 130 मैचों में भारत की यह 77वीं जीत है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की मैग लानिंग (100 मैचों में 76 जीत) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

तेज गेंदबाज रेणुका (चार ओवर में एक मेडन से 21 रन देकर चार विकेट) ने टीम में वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया जबकि ऑलराउंडर दीप्ति 18 रन देकर तीन विकेट लेने के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की मेगान शट के साथ संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं जिससे श्रीलंका की टीम बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 112 रन ही बना सकी। लक्ष्य बड़ा नहीं था और स्मृति मंधाना (01) के जल्दी आउट होने के बावजूद शेफाली ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए हरमनप्रीत (नाबाद 21 रन) के साथ टीम को 13.2 ओवर में दो विकेट पर 115 रन तक पहुंचाकर आसान जीत दिलाई। शेफाली ने लगातार दूसरा अर्धशतक जड़ा और अपनी 42 गेंद की पारी के दौरान 11 चौके और तीन छक्के जड़े। भारत ने पहला विकेट चौथे ओवर में मंधाना के रूप में गंवाया जो छह गेंद ही खेल पाईं थी। वह कविशा दिलहारी की गेंद पर पगबाधा आउट हुईं। जेमिमा रोड्रिग्स (09) क्रीज पर जमने की कोशिश में दिलहारी की गेंद पर बोल्ड होकर उनका दूसरा शिकार बनीं। हालांकि इसके बाद शेफाली ने आराम से टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।




पिछले साल दिसंबर के बाद अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहीं रेणुका ने नई गेंद से श्रीलंका के शीर्ष क्रम को झकझोरते हुए मुकाबले की लय भारत के पक्ष में कर दी। भरोसेमंद खिलाड़ी दीप्ति ने भी अहम मौकों पर विकेट लेकर बेहतरीन सहयोग दिया और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना 151वां विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की मेगान शट के साथ बराबरी पर पहुंच गईं।

## तीसरा टी-20 भी जीता, श्रीलंका को आठ विकेट से हराया शेफाली की फिफ्टी, सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बनाई

### श्रीलंका-112/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| परेरा का दीप्ति बो रेणुका | 25 |
| अटापट्टू का हरमनप्रीत बो दीप्ति | 03 |
| समरविक्रमा का एवं बो रेणुका | 02 |
| इमेशा का जेमिमा बो रेणुका | 27 |
| नीलाक्षी पगबाधा बो रेणुका | 04 |
| कविशा का अमनजोत बो दीप्ति | 20 |
| कौशिनी नुत्यांगना नाबाद | 19 |
| मल्शा शेहानी बो दीप्ति | 05 |
| मल्की मदारा नाबाद | 01 |

अतिरिक्त : 06
कुल : 20 ओवर में सात विकेट पर 112 रन
विकेट पतन : 1-25, 2-31, 3-32, 4-45, 5-85, 6-90, 7-98
गेंदबाजीः रेणुका 4-1-21-4, क्रांति 4-0-22-0, दीप्ति 4-0-18-3, वैष्णवी 3-0-14-0, अमनजोत कौर 4-0-23-0, श्री चरणी 1-0-11-0

### रेणुका ठाकुर चार विकेट लेकर बनी मैन आफ द मैच

### भारत-115/2 (13.2)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| शेफाली वर्मा नाबाद | 79 |
| मंधाना पगबाधा बो दिलहारी | 01 |
| जेमिमा रोड्रिग्स बो दिलहारी | 09 |
| हरमनप्रीत कौर नाबाद | 21 |

अतिरिक्त : 05
कुल : 13.2 ओवर में दो विकेट पर 115 रन
विकेट पतन : 1-27, 2-67
गेंदबाजीः मल्शा शेहानी 2.2-0-28-0, मल्की मदारा 2-0-11-0, निमाशा मीपागे 2-0-29-0, कविशा दिलहारी 3-0-18-2, इनोका रणवीरा 4-0-28-0

## दीप्ति शर्मा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बनीं

**तिरुवंतपुरम।** भारत की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ तीसरे मैच में 18 रन देकर तीन विकेट के शानदार प्रदर्शन से महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की मेगान शट के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। इससे उनके नाम 151 हो गए हैं। दीप्ति ने 131 मैचों में 18.73 के औसत और 18.43 के स्ट्राइक रेट से 151 विकेट पूरे किए। वहीं मेगान शट ने यह आंकड़ा आठ मैच कम खेलकर हासिल किया था जिसमें उनका औसत 17.70 और स्ट्राइक रेट 16.57 है। दीप्ति ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि अपने अंतिम ओवर में माल्शा शेहानी को आउट करके हासिल की। इस सफलता के साथ दाएं हाथ की ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तीसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज भी बन गईं। अब उनके नाम कुल 333 अंतरराष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं। इस सूची में झूलन गोस्वामी 355 विकेट के साथ शीर्ष पर हैं जबकि कैथरीन साइवर ब्रंट 335 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर हैं।

## विजय हजारे ट्राफी : विराट ने गुजरात के खिलाफ खेली 77 रन की पारी

# कोहली ने 29 गेंदों में लगाया अर्धशतक, खेली लगातार छठी बार 50 रन से ज्यादा की पारी

एजेंसी ⏭ मेलबर्न

विराट कोहली इस समय जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं। इस समय वह दिल्ली के लिए विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहे हैं। पिछले मैच में आंध्र प्रदेश के खिलाफ 131 रन की पारी खेलकर इस टूर्नामेंट में वापसी करने वाले कोहली ने शुक्रवार को गुजरात के खिलाफ 61 गेंदों में 77 रन ठोक दिए। इस दौरान उन्होंने 13 चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने 29 गेंदों में अर्धशतक लगाया। हालांकि वह शतक से चूक गए, मगर उनकी पारी ने लड़खड़ाती दिल्ली की पारी को संभाल लिया।

कोहली पिछले तीन महीने से खतरनाक फॉर्म में हैं। टीम इंडिया और घरेलू टीम दोनों के लिए उनका बल्ला खूब चल रहा है। कोहली की पिछली छह पारियों की बात करें तो उन्होंने कुल 584 रन ठोक दिए हैं। 25 अक्टूबर से 26 दिसंबर के बीच वह ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खलिाफ चार इंटरनेशनल वनडे मैच खेले, जबकि दो मैच वह दिल्ली के लिए खेले। पिछले छह मैचों में उन्होंने तीन शतक लगाए। उनका स्कोर 74*, 135, 102, 65*, 131 और 77 है। दिल्ली ने गुजरात को 7 रन से हरा दिया।

### विराट ने छह मैचों में बनाए 584 रन




### कोहली बने नंबर 1

विराट कोहली अपनी इस 77 रन की पारी के बाद भारत की तरफ से लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे ज्यादा की औसत से रन बनाने वाले बैटर बन गए। कोहली ने अब तक लिस्ट ए क्रिकेट में 343 मैचों में 16,130 रन 57.60 की औसत के साथ बनाए हैं और उन्होंने चेतेश्वर पुजारा को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 130 लिस्ट ए मैचों में 57.01 की औसत से 5759 रन बनाए थे।

### रिंकू सिंह 56 गेंदों में ठोकी सेंचुरी

राजकोट। रिंकू सिंह का विजय हजारे ट्रॉफी में धूम धड़ाका जारी है। चंडीगढ़ के खिलाफ शुक्रवार को उन्होंने खूब रन उड़ाए। राजकोट में उत्तर प्रदेश के कप्तान ने चंडीगढ़ के खलिाफ 60 गेंदों में नॉटआउट 106 रन बनाए। उन्होंने 56 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। रिंकू ने चंडीगढ़ के गेंदबाजों को काफी परेशान किया। नंबर 5 पर बैटिंग करते हुए उत्तर प्रदेश के कप्तान ने 11 चौके और चार छक्के लगाए और अपनी टीम को 50 ओवर में 4 विकेट पर 367 रन तक पहुंचाया। अभिषेक गोस्वामी के जल्दी आउट होने के बाद आर्यन जुयाल (118 गेंदों पर 134 रन) और ध्रुव जुरेल (57 गेंदों पर 67 रन) ने दूसरे विकेट के लिए संभलकर बैटिंग की और 96 रन की पार्टनरशिप करके पारी को संभाला। जुरेल 57 गेंदों में 67 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद जुयाल ने पारी को आगे बढ़ाया और समीर रिजवी के साथ तीसरे विकेट के लिए 71 रन जोड़े. रिजवी 46 गेंदों में 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे।





### रोहित गोल्डन डक पर आउट

रोहित शर्मा विजय हजारे ट्रॉफी के दूसरे राउंड के मैच में फ्लॉप रहे। वह गोल्डन डक पर आउट हो गए। मुंबई की टीम शुक्रवार को जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में उत्तराखंड के खलिाफ एलीट ग्रुप सी के दूसरे राउंड के मैच के लिए मैदान पर उतरी। जहां उत्तराखंड ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बैटिंग के लिए बुलाया। एक बार फिर रोहित की आतिशी बल्लेबाजी को देखने के लिए हजारों की संख्या में फैंस स्टेडियम पहुंचे, मगर इस मुकाबले में रोहित ने फैंस को निराश कर दिया और जीरो पर आउट हो गए और इसी के साथ स्टेडियम भी खाली होने लगा। इस मैच में यह उनकी पहली गेंद थी और उसी पर वह अपना विकेट गंवा बैठे। मुंबई को पहले ही ओवर की आखरिी गेंद पर पहला झटका लग गया। बोरा ने पूर्व भारतीय कप्तान को जगमोहन नागरकोटी के हाथों कैच आउट करा दिया। वह पुल शॉट की कोशशि कर रहे थे। नागरकोटी ने इसके बाद रघुवंशी को बोल्ड करके मुंबई को छठे ओवर में 22 रन पर दूसरा झटका दिया।

## एशेजः बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन विकेटों का पतझड़, ऑस्ट्रेलिया के बाद इंग्लिश टीम धराशायी




**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई टीम 152 रन पर आउट हो गई लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड पर पहली पारी में 42 रन की बढ़त बना ली और चौथे एशेज टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को रिकॉर्ड 20 विकेट गिरे। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट के लिए रिकॉर्ड 94199 दर्शक पहुंचे थे जबकि पिछला रिकॉर्ड 93013 का था, जो आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 2015 विश्व कप फाइनल के दौरान दर्ज किया गया था। आस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के चार रन बनाए थे और उसके पास अब 46 रन की बढ़त है। जोश टंग ने 45 रन देकर पांच विकेट लिए और टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड ने मेजबान टीम को सस्ते में आउट कर दिया। जवाब में इंग्लैंड की टीम 29.5 ओवर में 110 रन पर आउट हो गई। माइकल नेसेर ने 45 रन देकर चार विकेट लिए। आस्ट्रेलिया ने पहले तीन टेस्ट जीतकर श्रृंखला 11 दिन के भीतर ही अपने नाम कर ली है।

### आस्ट्रेलिया ने पहले छह ओवर में बनाए 27 रन

आस्ट्रेलिया ने पहले छह ओवर में 27 रन बनाए। इसके बाद ट्रेविस हेड (12) को गुस एटकिंसन ने सस्ते में आउट किया। टंग ने जेक वेदराल्ड (10) को पवेलियन भेजा और उनका अगला शिकार मार्नस लाबुशेन (छह) बने, जो पहली स्लिप में कैच देकर लौटे। आस्ट्रेलिया के तीन विकेट 34 रन पर गिर गए थे।कप्तान स्टीव स्मिथ को टंग ने जब आउट किया तब स्कोर 51 रन था। अनुभवी उस्मान ख्वाजा 29 रन बनाकर एटकिंसन की गेंद पर आउट हुए।

**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)/
(84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि चार अभियुक्त **1. जगदीश वर्मा 2. रजनी वर्मा पत्नीः जगदीश वर्मा पताः मकान नं ई–15, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 05/2012 धारा 498ए/406/34 भा. द.स. के तहत** थानाः विजय विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. जगदीश वर्मा 2. रजनी वर्मा** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. जगदीश वर्मा 2. रजनी वर्मा** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 05/2012 धारा 498ए/406/34 भा.द.स. के तहत थाना विजय विहार, दिल्ली के उक्त 1. जगदीश वर्मा 2. रजनी वर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ऐश्वर्या शर्मा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
(महिला कोर्ट–01) नॉर्थ/वेस्ट
कमरा नं.106, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/17334/RD/2025

## बीबीएलः मेलबर्न स्टार्स ने सिडनी सिक्सर्स को सात विकेट से हराया, हार्पर ने ठोका शतक

एजेंसी ⏭ सिडनी

बिग बैश लीग में खेले गए मुकाबले में मेलबर्न स्टार्स ने सिडनी सिक्सर्स को 7 विकेट से हरा दिया। मेलबर्न ने सिडनी के दिए 145 रन के लक्ष्य को 3 विकेट के नुकसान पर 15 गेंद पहले हासिल कर लिया। मेलबर्न के लिए सलामी बल्लेबाज सैम हार्पर ने रोमांचक शतकीय पारी खेली।

मेलबर्न स्टार्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सिडनी सिक्सर्स की शुरुआत खराब रही थी। पारी की शुरुआत करने आए बाबर आजम 7 गेंद पर 2 रन बनाकर आउट हो गए। बाद के बल्लेबाज भी शुरुआत को बड़ी पारी में बदल पाने में कामयाब नहीं रहे। बाबर के साथ पारी की शुरुआत करने आए डेनियल हग्स के 42 गेंद पर 8 चौकों और 1 छक्के की मदद से 60 रनों की पारी की बदौलत सिडनी सिक्सर्स ने अपने सभी विकेट खोकर 20 ओवर में 144 रन बनाए।




### मेलबर्न स्टार्स की शुरुआत रही कमजोर

145 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेलबर्न स्टार्स की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही थी और जोए क्लार्क बिना खाता खोले आउट हो गए, लेकिन दूसरे सलामी बल्लेबाज सैम हार्पर ने बेहतरीन शतक लगाया और टीम को 7 विकेट से जीत दिलाई। विकेटकीपर बल्लेबाज सैम ने 60 गेंद पर 6 छक्कों और 12 चौकों की मदद से 110 रन की नाबाद पारी खेली। उनके साथ टॉम करन 2 रन बनाकर नाबाद रहे।

## हॉकी टीम का अगला साल व्यस्त, होंगे 3 बडे टूर्नामेंट

*नई दिल्ली। भारत के अनुभवी खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह की नजरें हॉकी इंडिया लीग में अच्छा प्रदर्शन करके आगामी व्यस्त सत्र से पहले अपने कौशल को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने पर लगी हैं। भारतीय टीम का अगला साल काफी व्यस्त है, जिसमें एफआईएच प्रो लीग, विश्व कप और एशियाई खेल होने हैं। हॉकी इंडिया लीग तीन जनवरी से शुरू होगी और व्यस्त सत्र से पहले खिलाड़ियों के लिए लय में आने का सुनहरा मौका है। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब के लिए खेलने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि लीग का स्तर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों जैसा है और इससे खिलाड़ियों को फॉर्म पाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा ,' हॉकी लीग भारतीय टीम के सदस्यों के लिए सही समय पर हो रही है।*



## हरिद्वार की वेदिका कृपाल बनेंगी आईपीएल स्टार वैभव की दुल्हन



**अंबाला।** आईपीएल के नए सीजन में रिटेन होकर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम का हिस्सा बने अंबाला कैंट निवासी तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा जल्द ही अपनी दो साल पुरानी मित्र वेदिका कृपाल के साथ वैवाहिक बंधन में बंधने जा रहे हैं। चंडीगढ़ के एक निजी रेस्त्रां में 11 दिसंबर 2025 को दोनों परिवारों की मौजूदगी में रोका समारोह संपन्न हुआ। हरिद्वार निवासी वेदिका कृपाल ने चंडीगढ़ से ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की है और वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में एमबीए की पढ़ाई कर रही हैं। वैभव अरोड़ा इन दिनों जयपुर में विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहे हैं और इसके बाद आईपीएल की तैयारियों में जुटेंगे। वैभव अरोड़ा को कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के आगामी सीजन के लिए 1 करोड़ 80 लाख रुपये में रिटेन किया है। वैभव की माता ममता अरोड़ा व पिता गोपाल कृष्ण अरोड़ा ने बताया कि वैभव और वेदिका दोनों ने चंडीगढ़ से ग्रेजुएशन की है। दोनों की मुलाकात करीब दो वर्ष पहले हुई थी, जो अब रोके तक पहुंची है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष शादी की कोई योजना नहीं है और आईपीएल समाप्त होने के बाद अगले वर्ष मई-जून के आसपास विवाह को लेकर विचार किया जाएगा।

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्रियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः–

**रेलगाड़ी सं. 04081/04082 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 10 फेरे**

| गाड़ी सं. 04081 आगमन | गाड़ी सं. 04081 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04082 आगमन | गाड़ी सं. 04082 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:45 | नई दिल्ली | 10:00 | ---- |
| 12:00 | ---- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | ---- | 21:20 |

चलने के दिनः **04081 नई दिल्ली** से दिनांक 27.12.2025 से 31.12.2025 तक एवं **04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 28.12.2025 से 01.01.2026 तक।

ठहरावः पानीपत जं., कुरूक्षेत्र जं., अंबाला छावनी, लुधियाना जं., जलंधर छावनी, पठानकोट छावनी, जम्मू तवी, शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

स्थानः प्रथम वाता., वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04024/04023 दिल्ली जं. – वाराणसी जं. – दिल्ली जं. आरक्षित सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| गाड़ी सं. 04024 आगमन | गाड़ी सं. 04024 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04023 आगमन | गाड़ी सं. 04023 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 19:25 | दिल्ली जं. | 08:50 | ---- |
| 03:30 | 03:40 | लखनऊ | 00:10 | 00:20 |
| 09:40 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 18:35 |

चलने के दिनः **04024 दिल्ली जं.** से दिनांक 27.12.2025, 29.12.2025 एवं 31.12.2025 को एवं **04023 वाराणसी जं.** से दिनांक 28.12.2025, 30.12.2025 एवं 01.01.2026 को।

ठहरावः गाजियाबाद जं., मुरादाबाद जं., लखनऊ, रायबरेली जं. एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन।

स्थानः प्रथम वाता., वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

4008/2025 पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भारतीय हॉकी का साल मुश्किलों भरा, महिला टीम अपेक्षाओं पर नहीं उतरी खरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पिछले साल ओलंपिक कांस्य झोली में डालने के बाद 2025 भारतीय हॉकी के लिए कुछ खास नहीं रहा हालांकि पुरुष टीम ने लगभग एक दशक बाद एशिया कप जीता लेकिन महिला टीम के प्रदर्शन में निरंतर गिरावट चिंता का सबब बनी हुई है। भारतीय हॉकी का यह शताब्दी वर्ष भी है लेकिन आठ बार की ओलंपिक चैंपियन टीम के लिए वर्ष 2025 में कुछ भी असाधारण नहीं रहा। इस वर्ष भारतीय हॉकी की सबसे बड़ी उपलब्धि पुरुष टीम की राजगीर में एशिया कप में जीती, जहां आठ साल बाद खिताब जीतकर उसने अगले साल 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले एफआईएच विश्व कप का टिकट कटाया। भारतीय टीम ने एक बार फिर उपमहाद्वीप में दबदबा बनाया और सबसे अच्छी बात यह रही कि 15 गोल दागे जबकि सिर्फ दो गंवाए। फाइनल में भारत ने गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया, जिसमें दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह और अमित रोहिदास ने गोल किए।

### यादें 2025 : आठ साल बाद एफआईएच विश्व कप का टिकट कटाया




### युवा टीम ने जीता रजत पदक

अजलन शाह कप में भारत की युवा टीम ने रजत पदक जीता। छह साल बाद टूर्नामेंट खेल रही भारतीय टीम फाइनल में दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से एक गोल से हारी। लेकिन नए कप्तान डिफेंडर संजय के साथ युवा टीम गई थी, जिसमें हरमनप्रीत और मनप्रीत जैसे सीनियर नहीं थे। पुरुष जूनियर टीम ने इस महीने चेन्नई में जूनियर हॉकी विश्व कप में नौ साल बाद कांस्य पदक जीता। कांस्य के मुकाबले में अर्जेंटीना से दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए भारत ने 4-2 से जीत दर्ज की। भारत की नजरें अब अगले साल विश्व कप के अलावा जापान में एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में सीधे जगह बनाने पर लगी होंगी।

### एफआईएच प्रो लीग में प्रदर्शन निराशाजनक

एफआईएच प्रो लीग में प्रदर्शन निराशाजनक रहा। हरमनप्रीत सिंह की टीम नौ टीमों में आठवें स्थान पर रही और नीचे खिसकने से बाल-बाल बची। घरेलू चरण में भुवनेश्वर में पांच मैच जीतने के बाद यूरोपीय चरण में लगातार सात मैच गंवाए।

### महिला टीम का प्रदर्शन लगातार खराब

दूसरी ओर टोकियो ओलंपिक 2021 में चौथे स्थान पर रहने के बाद महिला टीम का प्रदर्शन लगातार खराब हुआ है और पिछले साल टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। इस साल भी कहानी कमोबेश वही रही। प्रो लीग में टीम दो जीत और 11 हार (लगातार आठ) के बाद आखिरी स्थान पर रही और दूसरे दर्जे की स्पर्धा एफआईएच नेशंस कप में खिसक गई। अब यह टूर्नामेंट जीतकर ही टीम 2026-27 में एफआईएच प्रो लीग में लौट सकेगी।




## पासपोर्ट धारकों को झटकाः नए साल से पहले भारतीय पासपोर्ट हुआ कमजोर

# 85वें स्थान पर खिसकी रैंक, 12वें नंबर पर आया अमेरिका

### सिंगापुर लगातार अपनी पहली रैंक बरकरार रखे हुए, हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 की दुनिया की सूची जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए साल से पहले भारतीय पासपोर्ट को झटका लगा है। ग्लोबल रैंक में अब भारतीय पासपोर्ट 85वें नंबर पर खिसक गया है। पहले इसकी रैंक 80 थी। भारत के साथ अमेरिका को भी झटका लगा है।

हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 ने नई सूची जारी की है। इसमें अमेरिकी पासपोर्ट को भी झटका लगा है। अब अमेरिका का पासपोर्ट 12वें नंबर पर पहुंच गया। पहले इसकी रैंक 10 थी। इसे पासपोर्ट धारकों के लिए बुरी खबर माना जा रहा है।


भारतीय पासपोर्ट

### सिंगापुर के नागरिक 193 देशों में यात्रा कर रहे

*सिंगापुर के नागरिक 193 देशों, दक्षिण कोरिया के नागरिक 190 देशों, जापान के नागरिक 189, जर्मनी, इटली, स्पेन और स्विट्जरलैंड के नागरिक 187 देशों में बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं।*

### भारत के नागरिक 59 देशों में बिना वीजा के यात्रा कर रहे

दुनिया में भारतीय पासपोर्ट की स्थिति कमजोर हुई है। पिछले साल कर भारत ग्लोबल रैंकिंग में 80वें स्थान पर था। इस साल 5 पायदान गिरकर भारतीय पासपोर्ट 85वें नंबर पर पहुंच गया है। हालांकि सिंगापुर लगातार अपनी पहली रैंक बरकरार रखे हुए है। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2025 की लिस्ट ने दुनियाभर के पासपोर्ट की रैंकिंग जारी की है। भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग गिरने से अब भारतीय नागरिक दुनिया के 56 से 59 देशों में ही बिना वीजा यात्रा कर सकते हैं।


### वीजा नियम हुए सख्त

जानकारों की मानें तो इंडेक्स में भारतीय पासपोर्ट की गिरावट का एक बड़ा कारण दुनिया के कुछ देशों ने वीजा नियम सख्त किए हैं। भारत ने भी अपनी वीजा नीति में बदलाव कर पासपोर्ट को सख्त किया। ग्लोबल रैंकिंग में अमेरिका का पासपोर्ट अब 12वें स्थान पर है। जानकारों ने बताया कि सख्त वीजा नियम, फीस में बढ़ोतरी और अलगाववादी नीतियों ने अमेरिका की पासपोर्ट ताकत को कमजोर किया है।

## खबर संक्षेप

### 1000 करोड़ के क्लब में शामिल हुई धुरंधर

**मुंबई।** 5 दिसंबर का वो दिन जब सिनेमाघरों में धुरंधर रिलीज हुई तब से अब तक फिल्म की कमाई रुकने का नाम नहीं ले रही है। वहीं हिंदी सिनेमा में कमाई करने वाली फिल्मों के इतिहास में अपना नाम दर्ज करवा रही है। धुरंधर साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है तो वहीं अब 21 दिनों की दुनियाभर में कमाई के साथ 1000 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है।धुरंधर ने इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में कांतारा चैप्टर 1 और छावा के बॉक्स ऑफिस को धुरंधर ने पछाड़ दिया है।



### मक्का में मस्जिद से खुदकुशी की कोशिश

**नई दिल्ली।** मक्का में मस्जिद अल-हरम में ऊपरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या की कोशिश की। मस्जिद के सिक्योरिटी फोर्स के एक सदस्य ने कोशिश करते हुए इस शख्स की जान बचा ली। हालांकि इसे थोड़ी चोट जरूर लग गई। एक्स पर शेयर किए गए एक बयान में, मक्का क्षेत्र के अमीरात ने कहा कि ग्रैंड मस्जिद की सुरक्षा के लिए स्पेशल फोर्स ने उस आदमी के ऊपरी मंजिल से कूदने की कोशिश करने के तुरंत बाद कार्रवाई की। इसमें यह भी कहा गया कि घायल अधिकारी को फ्रैक्चर हुआ है और लागू नियमों के अनुसार सभी जरूरी कानूनी कदम पूरे कर लिए गए हैं।



### आधुनिक हथियार और सैन्य उपकरणों की खरीद पर होगा फैसला

## देश की सीमाओं को सुरक्षित करने में बड़ी पहल

# 80,000 करोड़ के रक्षा सौदों को मिल सकती है मंजूरी, अगले हफ्ते होगी बैठक

*डीएसी सेना के लिए हथियार खरीदने की मंजूरी देने वाली सबसे बड़ी कमेटी है। इसमें तीनों सेनाओं के प्रमुख (थल सेना, वायु सेना और नौसेना), चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) और रक्षा सचिव शामिल होते हैं। तीनों सेनाओं के लिए किसी भी प्रकार के हथियार की खरीद के लिए डीएसी से अनुमति होना जरूरी है*

**आत्मनिर्भर भारत के तहत हथियारों का देश में ही निर्माण करने पर जोर**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार देश की सीमाओं को और सुरक्षित बनाने के लिए एक बहुत बड़ा कदम उठाने जा रही है। रक्षा मंत्रालय के डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल (डीएसी), करीब 80,000 करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी दे सकती है। यह बैठक पहले शुक्रवार को होनी थी, लेकिन सूत्रों के मुताबिक अब यह अगले हफ्ते हो सकती है। इस बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। यह बैठक तय करेगी कि भारत आने वाले समय में कौन से आधुनिक हथियार और सैन्य उपकरण खरीदेगा। भारत सरकार की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा हथियार और तकनीक भारत में ही विकसित की जाए, जिससे घरेलू कंपनियों को बढ़ावा मिले।


डीआरडीओ द्वारा विकसित एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्ल्यूएंडसी) सिस्टम 'नेत्र'

### बैठक में एईडब्ल्यू पर जोर

*इस मीटिंग को साल 2025 की सबसे महत्वपूर्ण बैठकों में से एक माना जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से इन चीजों पर चर्चा होगी। पहला, आसमान में 'तीसरी आंख' यानी एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्ल्यूएंडसी) सिस्टम। भारत एम्ब्रेयर विमानों पर आधारित एईडब्ल्यूएंडसी खरीदने की योजना बना रहा है। इसे सरल भाषा में 'आसमान में उड़ने वाला रडार' कहते हैं, जो दुश्मन के विमानों या मिसाइलों को बहुत दूर से ही पहचान लेता है।*

### स्वदेशी 'नेत्र' खरीदेंगे

भारत अपने स्वदेशी 'नेत्र' एईडब्ल्यूएंडसी प्रणाली के उन्नत संस्करणों को खरीदने की तैयारी में है, जिसके लिए दो अलग-अलग परियोजनाएं चल रही हैं। ये प्रणालियां रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित की जा रही हैं, और इन्हें विभिन्न विमान प्लेटफार्मों पर स्थापित किया जाएगा। भारत के अपने 'नेत्रा' रडार सिस्टम को और भी एडवांस बनाने और नए विमानों में फिट करने पर चर्चा होगी।

**नेत्र एमके-1एः** नेत्र एमके-1ए (एम्ब्रेयर प्लेटफॉर्म पर): भारतीय वायुसेना पहले से संचालित तीन 'नेत्र' प्रणालियों के अलावा, छह अतिरिक्त प्रणाली खरीदने की योजना बना रही है। जो ब्राज़ीलियाई एम्ब्रेयर ईएमबी-145 विमानों पर आधारित होंगी। इन विमानों की खरीद और उनमें आवश्यक बदलाव (मॉडिफिकेशन) भारत में डीआरडीओ के सेंटर फॉर एयरबोर्न सिस्टम्स (सीएबीएस) द्वारा किए जाएंगे। वहीं नेत्र एमके-2 (एयरबस ए321 प्लेटफॉर्म पर) लगाए जाएंगे।

### डीएसी की सहमति होना जरूरी

*डीएसी सेना के लिए हथियार खरीदने की मंजूरी देने वाली सबसे बड़ी कमेटी है। इसमें तीनों सेनाओं के प्रमुख (थल सेना, वायु सेना और नौसेना), चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) और रक्षा सचिव शामिल होते हैं। तीनों सेनाओं के लिए किसी भी प्रकार के हथियार की खरीद के लिए डीएसी से अनुमति होना जरूरी है। जब तक डीएसी हरी झंडी नहीं देती, तब तक सेना कोई बड़ा हथियार नहीं खरीद सकती।*

## सीसीटीवी फुटेज आया सामने

# अनंतनाग में दिखे लश्कर के दो संदिग्ध आतंकी, सेना चला रही सर्च ऑपरेशन


सीसीटीवी फुटेज में दिखे आतंकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कश्मीर के अनंतनाग इलाके में लश्कर के लिए काम करने वाले दो संदिग्ध आतंकियों को देखा गया है। लश्कर आतंकवादी मोहम्मद लतीफ भट को एक अन्य पाकिस्तानी लश्कर आतंकी के साथ देखा गया है। लतीफ भट कुलगाम जिले के ख्रेवन का रहने वाला है।

लतीफ नवंबर में लश्कर-ए-तैयबा के शैडो संगठन कश्मीर रिवोल्यूशन आर्मी में शामिल हुआ था। इन दोनों आतंकियों को सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। सेना और पुलिस की कई टीमें फिलहाल दोनों आतंकियों की तलाश में जुटी है।

दोनों आतंकियों की तलाश के लिए सेना इलाके में बीते 20 घंटे से तलाशी अभियान चला रही है। सेना इस फुटेज के आधार पर संबंधित इलाकों में लोगों से पूछताछ कर इन आतंकियों को पता लगाने में जुटी है। स्थानीय पुलिस की टीम भी सेना के साथ सर्च ऑपरेशन को आगे बढ़ा रही है।

### डेंजरपोरा और काजीबाग को घेरा

*आतंकी को पैदल चलते हुए देखा गया, जिसके बाद डेंजरपोरा और काजीबाग इलाकों को पूरी तरह घेर लिया गया। आसपास के इलाके में हर घर और गली की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि किसी भी तरह का खतरा तुरंत खत्म किया जा सके। लतीफ भट कुलगाम का रहने वाला है और वह पहले से ही सक्रिय आतंकियों की सूची में शामिल है। सुरक्षा बलों ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अफसरों को दें।*

### शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

*ऑपरेशन के दौरान शहर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। हर चौहारा, सड़क और बाजार पर सुरक्षाबल तैनात हैं। यह ऑपरेशन राज्य में आतंकवाद के खिलाफ लगातार चल रहे अभियानों का हिस्सा है और किसी भी संभावित खतरे को पहले ही रोकने की कोशिश की जा रही है।*

## 'आतंकवाद निरोधी सम्मेलन' में बोले केंद्रीय गृह मंत्री शाह

# पहलगाम आतंकी हमले पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान को कटघरे में खड़ा करेंगे




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में 'आतंकवाद निरोधी सम्मेलन' का उद्घाटन किया। दो दिवसीय सम्मेलन भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनएआई) द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

शाह ने कहा, आतंक पर 360 डिग्री प्रहार होगा। एक अभेद 'आतंकवाद निरोधी ग्रिड' हर चुनौती का सामना करेगा। हमारी टीम ने पहलगाम आतंकी हमले की पूरी और सफल जांच की है, जिसे पूरी दुनिया की एजेसियां आने वाले दिनों में अध्ययन करेंगी। पहलगाम आतंकी हमले की जांच के नतीजे अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान को कटघरे में खड़ा करेगी।

**पहलगाम हमला देश को झंझोड़ने वाला**

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बायसरण घाटी का हमला देश को झंझोड़ देने वाला था। इस हमले से आतंकवादी देश में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने और कश्मीर में शुरू हुए विकास के नए युग और पर्यटन को झटका देना चाहते थे। उन्होंने कहा कि तीनों आतंकियों को बहुत सटीक सूचना के आधार पर हमारे सुरक्षाबलों ने नेस्तानाबूत कर पाकिस्तान को कठोर संदेश देने का काम किया है।

### दिल्ली धमाकों पर अच्छी जांच की

शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दिल्ली में हुए विस्फोट की उत्कृष्ट जांच की। शाह ने कहा कि दिल्ली में हुए धमाके की जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बहुत अच्छी जांच की है। इस पूरे नेटवर्क की जांच करने का काम हमारी सभी एजेंसियों ने बहुत अच्छे तरीके से किया। पहलगाम और दिल्ली विस्फोट मामलों की जांच सामान्य पुलिसिंग नहीं बल्कि वाटरटाइट इन्वेस्टिगेशन का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। भी एक बहुत बड़ा उदाहरण है कि सदैव जागरूक रहकर कोई अधिकारी किस प्रकार देश को इतने बड़े संकट से बचा सकता है।

# दिल्ली बम धमाकाः अदालत ने दो आरोपियों की एनआईए हिरासत बढ़ाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने लाल किला विस्फोट मामले में दो आरोपियों की एनआईए हिरासत शुक्रवार को बढ़ा दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने जांच एजेंसी को आरोपी यासिर अहमद डार से दस और दिनों तक हिरासत में पूछताछ करने की अनुमति दी, जबकि दूसरे आरोपी डॉ. बिलाल नसीर मल्ला से आठ और दिनों तक पूछताछ की



जायेगी। मीडियाकर्मियों को कार्यवाही को कवर करने से रोक दिया गया था। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की जांच के अनुसार, उमर-उन-नबी 10 नवंबर को विस्फोटक से भरी कार चला रहा था और वह इस आतंकवादी हमले का कथित षड्यंत्रकारी था। इस घटना में 15 लोगों की मौत हुई थी। एनआईए ने डॉ. मल्ला को 9 दिसंबर को दिल्ली में गिरफ्तार किया था और उसे साजिश का मुख्य आरोपी बताया। एनआईए की जांच के अनुसार, नसीर ने उमर-उन-नबी को सहायता प्रदान करके जानबूझकर उसे शरण दी थी। एजेंसी ने नौ दिसंबर को पहले ही बताया था कि उस पर आतंकवादी हमले से संबंधित सबूतों को नष्ट करने का भी आरोप है। एनआईए ने 18 दिसंबर को इस मामले में नौवें आरोपी डार को गिरफ्तार किया। वह जम्मू-कश्मीर का निवासी है और कथित तौर पर उमर-उन-नबी का करीबी सहयोगी है। एनआईए ने इस मामले में डॉ. मुजम्मिल गनई, डॉ. अदील राथेर, डॉ. शाहीन सईद समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

## जापान की फैक्ट्री में बड़ा हादसा, पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

# शख्स ने धारदार चाकू से भीड़ पर किया हमला, 15 घायल, आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

मध्य जापान में शुक्रवार को एक फैक्ट्री में चाकू से किए गए हमले में कई लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह घटना टोक्यो के पश्चिम में शिजुओका प्रांत के मिशिमा शहर स्थित योकोहामा रबड़ कंपनी में हुई। यह कंपनी कारों के लिए टायर बनाती है। एक व्यक्ति ने फैक्ट्री परिसर के अंदर चाकू से हमला किया, जिसमें कम से कम 15 लोग घायल हो गए। इसी दौरान हमलावर ने स्प्रे जैसा तरल पदार्थ भी इस्तेमाल किया गया। हमलावर द्वारा चाकू से किए गए हमले में 8 लोग तथा 7 अन्य लोग शरीर पर रसायन फेंके जाने से झुलस गए। फिलहाल घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फुजिसान नांतो फायर डिपार्टमेंट के अधिकारी टोमोहारु सुगियामा ने बताया कि 15 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। सभी घायल पुरुष हैं और उनकी जान को खतरा नहीं है, लेकिन विस्तृत चोटों की जानकारी अभी स्पष्ट नहीं है।



### राहत और बचाव दल पहुंचा

स्थानीय अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही राहत और बचाव दल मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। हमले के बाद आरोपी को फैक्ट्री परिसर से ही हिरासत में ले लिया गया है। फिलहाल हमलावर की पहचान, हमले के पीछे की वजह और घायलों की हालत को लेकर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि उसकी उम्र 38 वर्ष बतलाई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फैक्ट्री कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109